राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 111, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली सोमवार 06 नवंबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

वन विभाग की एफआईआर में एल्विश यादव का नाम नहीं, नोएडा पुलिस ने माना वांटेड नहीं .... पेज 03

फर्रुखाबाद : ट्रेन में अवैध विस्फोटक आतिशबाजी ले जा रहा अभियुक्त गिरफ्तार .... पेज 05

विराट के शतकीय प्रहार और जडेजा के पंजे से दक्षिण अफ्रीका को 243 रनों से हराया .... पेज 07

## 29 महीने बाद देश में बेरोजगारी 10 प्रतिशत बढ़ी

**कोरोना महामारी के बाद यह दर सबसे ज्यादा, मई 2021 में यह 11.84 प्रतिशत थी**

नई दिल्ली। देश में 29 महीने बाद 15 साल से अधिक उम्र के लोगों के बीच बेरोजगारी दर 10 प्रतिशत से ज्यादा हो गई है। कोविड-19 के बाद यह दर सबसे ज्यादा है। इससे पहले मई 2021 में यह दर 11.84त्र दर्ज की गई थी। ताजा दर में अप्रत्याशित बढ़ोतरी गांवों में बेरोजगारों की संख्या बढ़ने से हुई है। दरअसल, ग्रामीण इलाकों में मनरेगा के तहत दिया जाने वाला रोजगार एक महीने में रोजगार 28.16 प्रतिशत घटा है। योजना के तहत सितंबर में 19.53 करोड़ लोगों को रोजगार मिला था। अक्टूबर में संख्या घटकर 14.03 करोड़ रह गई। वहीं, अगर शहरों में बेरोजगारी की बात करें तो यहां सितंबर में बेरोजगारी दर 8.9 प्रतिशत थी, जो अक्टूबर में घटकर 8.4त्र रह गई।

### देश में 97 लाख नए लोग काम ढूंढ रहे

सीएमआईई की रिपोर्ट के मुताबिक, अक्टूबर में देश में 97 लाख नए लोग काम तलाश रहे थे। इनमें 81 लाख नए बेरोजगार ग्रामीण क्षेत्रों से थे। ग्रामीण श्रमशक्ति की बात करें तो अक्टूबर में




नए और पुराने 1.52 करोड़ मजदूर जुड़े। इससे कुल बेरोजगार ग्रामीण मजदूरों की संख्या एक महीने में 1.93 करोड़ से बढ़कर 3.45 करोड़ हो गई। बेरोजगारी की यह स्थिति इसलिए चौंकाने वाली है क्योंकि पिछले पांच सालों में सितंबर से अक्टूबर के बीच औसतन बेरोजगार 50 लाख ही बढ़े थे। ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरों को छोटे व्यापारियों के यहां दिहाड़ी और वेतनभोगी के रूप में रोजगार मिलता है। अक्टूबर के आंकड़े बताते हैं कि छोटी दुकानों में दिहाड़ी मजदूरों की संख्या में 1.03 करोड़ की कमी आई। वेतनभोगी मजदूरों की संख्या भी 46 लाख घटी। खेतिहर मजदूरों की संख्या में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई।

### 2017-18 में बेरोजगारी दर सबसे ऊपरी लेवल पर पहुंची थी

बेरोजगारी को सरकार की नजर से देखें तो उसके पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे डेटा के मुताबिक, 2017-18 में बेरोजगारी दर 45 साल के सबसे ऊपरी लेवल 6.1 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। यानी, उस साल हर 10,000 वर्कर में 610 बेरोजगार थे, लेकिन अगले साल यानी 2018-19 में उनका आंकड़ा घटकर 5.8 प्रतिशत (580 प्रति 10,000) पर आ गया।

## भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग दर्शन को केदारनाथ पहुंचे राहुल

नया टिहरी (उत्तराखंड)/नयी दिल्ली। पांच राज्यों में जारी विधानसभा चुनावों की गहमा गहमी के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग दर्शन के लिए रविवार को उत्तराखंड के केदारनाथ धाम पहुंचे जहां वह भव्य आरती में भी शामिल हुए।

कांग्रेस संचार विभाग के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि श्री गांधी दिन में हेलीकॉप्टर से केदारनाथ धाम पहुंचे और विधि विधान से बाबा केदारनाथ की पूजा अर्चना कर ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए।



उन्होंने बताया कि शाम को श्री गांधी बाबा की भव्य सांध्य आरती में शामिल हुए और आरती पूरी होने तक बाबा का ध्यान करते रहे। आरती पूरी होने के बाद वह मंदिर सेवा के कार्यों में भी शामिल हुए।

## दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर, एक्यूआई 700 पहुंचा

**प्रेग्नेंट महिलाओं और बच्चों को खतरा; पांचवीं तक स्कूल बंद**

नई दिल्ली। दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बन गया है। स्विस ग्रुप IQAir के रियल टाइम डेटा के मुताबिक, रविवार सुबह 11: 45 बजे दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स 701 दर्ज किया गया। वहीं, सुबह 7.30 बजे दिल्ली का एक्यूआई 483 था।

वर्ल्ड एयर क्वालिटी इंडेक्स के मुताबिक दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में भारत के तीन शहर शामिल हैं। इनमें दिल्ली टॉप पर है, जबकि कोलकाता (एक्यूआई 206) तीसरे और मुंबई (एक्यूआई 162) पांचवें नंबर पर है। पाकिस्तान का लाहौर शहर दूसरे नंबर पर है।

दिल्ली में पिछले चार दिनों से हवा जहरीली बनी हुई है। दिल्ली सरकार ने प्राइमरी स्कूलों को 10 नवंबर तक बंद करने का आदेश दिया है। दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने एक्स पर बताया कि 6-12वीं तक के स्टूडेंट्स के लिए भी ऑनलाइन क्लास करने पर विचार हो रहा है। इससे पहले सीएम अरविंद केजरीवाल ने 3 और 4 नवंबर को स्कूल बंद करने का निर्देश दिया था।

### डॉक्टर बोले- प्रेग्नेंट महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा खतरा

दिल्ली के सफदरजंग हॉस्पीटल के डॉक्टर नीरज गुप्ता ने कहा कि प्रदूषण



का सबसे ज्यादा खतरा प्रेग्नेंट महिलाओं और बच्चों में होता है। खराब एयर क्वालिटी प्रेग्नेंट महिलाओं के पेट में पल रहे बच्चे को भी नुकसान पहुंचाती है।

प्रदूषण से स्किन और दिल से जुड़ी बीमारियों होने का खतरा रहता है। इसके अलावा डायबिटीज, अल्जाइमर और लगातार सिरदर्द हो सकता है। ठ्ठ बढ़ने का असर रेस्पिरेटरी सिस्टम पर भी पड़ता है। जैसे-जैसे ठ्ठ बढ़ता है, छोटे बच्चों के दिमागी विकास पर बुरा असर पड़ता है। उनकी मानसिक शक्ति कम होने लगती है।

### दिल्ली की हवा 25-30 सिगरेट के धुएं जितनी जहरीली

एयर क्वालिटी को लेकर गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल के डॉ. अरविंद कुमार ने 4 नवंबर को बताया कि 400-500 एक्यूआई वाली हवा 25-30 सिगरेट के धुएं के बराबर है। इसका असर सभी ऐज ग्रुप के लोगों पर समान रूप से पड़ता है। दिल्ली में प्रदूषण पर अपोलो हॉस्पिटल के डॉ. निखिल मोदी ने लोगों को मास्क पहनने की सलाह दी है।

### दिल्ली सरकार ने केंद्र से 5 राज्यों के साथ इमरजेंसी मीटिंग की मांग की

इधर, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को केंद्र को लेटर लिखा। उन्होंने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को पांच राज्यों (दिल्ली, यूपी, पंजाब, राजस्थान और हरियाणा) के पर्यावरण मंत्रियों के साथ इमरजेंसी मीटिंग करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के पड़ोसी राज्यों में कमीशन ऑफ एयर क्वालिटी मैनेजमेंट के नियमों का उल्लंघन हो रहा है।

## बहादुरगढ़ में कर्ज के विवाद में परिवार खत्म

**मासूम बेटा-बेटी की हत्या कर पिता ने लगाया फंदा**

बहादुरगढ़। हरियाणा के झज्जर के बहादुरगढ़ में एक दिल दहला देने वाली वारदात हुई है। यहां एक ही कमरे में बेटा-बेटी और पिता की लाश फंदे पर लटकी मिली है।

एक व्यक्ति ने पहले अपने दोनों मासूम बच्चों को फंदे पर लटकाया और फिर खुद भी फंदा लगा कर सुसाइड कर लिया। पुलिस में फिलहाल कोई शिकायत नहीं मिली है, लेकिन दोस्त को दिलाए बैंक कर्ज का विवाद पुलिस के सामने आया है। बादली थाना पुलिस पूरे मामले की कार्रवाई में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार, बहादुरगढ़ के गांव गंगडवा निवासी कर्मबीर (37) देश की राजधानी दिल्ली में बस चलाता था। शनिवार को रोजाना की तरह ड्यूटी कर घर लौटा था। रात में उसका अपनी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। परिवार के मुताबिक, पत्नी झगड़ा बढ़ने के बाद जेठ के घर चली गई थी। घर में कर्मबीर के अलावा उसके दोनों बच्चे बेटी मुस्कान (13) और बेटा तनुज (11) थे। वापस आने पर घर आकर देखा तो तीनों एक कमरे पर फंदे पर लटके मिले। प्रारंभिक जांच के मुताबिक, घरेलू कलह के चलते कर्मबीर ने पहले अपने दोनों बच्चों को फंदे पर लटकाया और फिर भी खुद भी फांसी लगा ली।

## महिला सैनिकों को भी मैटरनिटी-चाइल्ड केयर लीव मिलेगी, प्रस्ताव हुआ मंजूर

**अभी तक सिर्फ वुमन ऑफिसर्स को मिलती थी; अग्निवीरों को भी मिलेगी**

**नई दिल्ली। भारतीय** सेना में कार्यरत महिला सैनिकों, सेलर्स और एयर वॉरियर्स को भी अब मैटरनिटी लीव और चाइल्ड केयर लीव मिलेगी। रक्षा मंत्रालय ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इनमें महिला अग्निवीर भी शामिल हैं।

अभी तक सेना में केवल हायर रैंक वुमन ऑफिसर्स को ही मातृत्व, बच्चे की देखभाल और चाइल्ड अडॉप्शन के लिए छुट्टियां दी जाती थीं।

### पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ बैलेंस कर पाएंगी महिलाएं

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि यह फैसला सेना में सभी महिलाओं



की भागीदारी के अनुरूप है, फिर चाहे उनकी रैंक कुछ भी हो।

नियमों के विस्तार से सेना में पोस्टेड महिलाओं को परिवार और सामाजिक मुद्दों से डील करने में काफी मदद मिलेगी। साथ ही इससे सेना में महिलाओं की वर्किंग कंडीशन में भी सुधार होगा। वे पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में बैलेंस कर पाएंगी।

### 180 दिन की मैटरनिटी लीव मिलती है

फिलहाल महिला अधिकारियों को 180 दिनों की मैटरनिटी लीव मिलती है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, महिला अधिकारी को 2 बच्चों के लिए पूरे वेतन के साथ 180 दिन की लीव मिलती है।

महिला अधिकारियों को सर्विस के दौरान 360 दिनों की छुट्टी दी जाती है। इसके अलावा 1 साल से कम उम्र के बच्चे को गोद लेने की तारीख के बाद 180 दिनों की छुट्टी मिलती है।

## बेंगलुरु में डिप्टी डायरेक्टर महिला जियोलॉजिस्ट का मर्डर

**घर में डेड बॉडी मिली, पति-बेटा गांव में थे; मुख्यमंत्री ने जांच का आदेश दिया**



बेंगलुरु। कर्नाटक में बेंगलुरु के सुब्रमण्यपुरा में माइंस और जियोलॉजी डिपार्टमेंट की डिप्टी डायरेक्टर प्रतिमा (43) की गला रेत कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने रविवार (5 नवंबर) को बताया कि प्रतिमा पिछले चार-पांच सालों से यहां अकेली रहती थीं।

उनके पति और बेटा शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली गांव में रहते हैं। शनिवार (4 नवंबर) रात से प्रतिमा किसी का फोन नहीं उठा रही थीं। इसके बाद प्रतिमा के भाई आज सुबह उनके घर पहुंचे। वहां प्रतिमा की डेड बॉडी पड़ी थी।

घटना को लेकर कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने जांच के आदेश दिए हैं। सीएम सिद्धारमैया ने मैसूर में कहा- प्रतिमा की हत्या का कारण अभी पता नहीं चला है। हम इसकी जांच करा रहे हैं। बेंगलुरु सिटी के साउथ डिवीजन के डीसीपी राहुल कुमार ने बताया कि प्रतिमा पिछले चार साल से बेंगलुरु में काम कर रही थीं। वो हर रोज रात 8 बजे ऑफिस से घर आती थी। शनिवार 4 नवंबर को भी करीब 8 बजे प्रतिमा के ड्राइवर ने उन्हें घर ड्रॉप किया था।

बेंगलुरु पुलिस के मुताबिक, प्रतिमा की हत्या घर पहुंचने के आधे घंटे बाद यानी रात 8: 30 बजे के आसपास की गई। प्रतिमा की मौत गला घोंटने और काटने से हुई। पुलिस ने लूटपाट के दौरान हत्या की आशंका को खारिज किया है।

डीसीपी ने कहा कि घर से किसी ज्वेलरी या कीमती सामान की चोरी नहीं हुई। मामले की जांच के लिए तीन टीमें बनाई गई हैं। फोरेंसिक और टेक्नीकल टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। हत्या के पीछे की वजह अभी साफ नहीं है।

## तेलंगाना : अब तक 282 किलो सोना और 173.3 करोड़ नकदी की गई जब्त

हैदराबाद। कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने रविवार तक तेलंगाना में 490 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, सोना, शराब और मुफ्त चीजें जब्त की हैं। बता दें कि 9 अक्टूबर को राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के एक बयान में कहा गया है कि कुल मिलाकर 173.3 करोड़ रुपये से अधिक नकद, 282 किलोग्राम सोना, 1,167 किलोग्राम चांदी और अन्य कीमती सामान जिनकी कीमत 176 करोड़ रुपये से अधिक है, इसके अलावा 60 करोड़ रुपये से अधिक की शराब, 28.6 करोड़ रुपये मूल्य का गांजा और अन्य वस्तुएं जिन्हें वितरित किया जा सकता है। 52.5 करोड़ रुपये की मुफ्त वस्तुएं जब्त की गईं है।

### जब्त की गई रकम 490 करोड़ रुपये

जानकारी के लिए बता दें कि 9 अक्टूबर से 5 नवंबर तक, कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा कुल संचयी जब्ती का मूल्य 490.6 करोड़ रुपये से



अधिक है। तेलंगाना विधानसभा चुनाव 30 नवंबर से होने वाले हैं और राज्य विधान सभा के सभी 119 सदस्यों के चुनाव के लिए 5 दिसंबर 2023 को समाप्त होंगे। मतदान 30 नवंबर 2023 को होगा और वोटों की गिनती 3 दिसंबर 2023 को होगी।

### चुनाव आयोग के अधिकारियों ने की केसीआर के प्रचार वाहन की जांच

चुनाव आयोग के अधिकारियों ने रविवार को उस लग्जरी बस की जांच की, जिसका इस्तेमाल तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) चुनाव प्रचार के लिए कर रहे हैं। जब केसीआर एक चुनावी रैली को संबोधित करने के लिए कोठागुडेम की यात्रा कर रहे थे, उसी समय चुनाव आयोग के अधिकारियों ने पुलिस की मदद से परागति रथम नाम की बस की गहन जांच की। उन्होंने खाद्य सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुओं से भरे बैग, टोकरियां, बक्से भी खोले। उन्होंने शौचालय की भी जांच की।

पूरे जांच अभियान की चुनाव अधिकारियों ने वीडियो रिकार्डिंग की। चुनाव अधिकारियों ने शनिवार को राज्य भाजपा प्रमुख और केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी की कार की भी तलाशी ली थी। वह उस समय एक बैठक को संबोधित करने के लिए कामारेड्डी जा रहे थे।

## तीन नए कानूनों के संसद के शीत सत्र में पारित होने के आसार बढ़े

**एजेंसी**

नई दिल्ली। अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे आपराधिक कानून भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को बदलने के लिए लाए गए तीनों नए विधेयकों के संसद के शीत सत्र में पारित होने के आसार बढ़ गए हैं।

भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम संबंधित विधेयकों की जांच कर रही संसदीय समिति सोमवार को बैठक करेगी।

इस बैठक में समिति विधेयकों से संबंधित मसौदा रिपोर्ट को स्वीकार कर सकती है।

इसके बाद विधेयकों को संसद के शीत सत्र में पारित किया जा सकता है। सूत्रों ने कहा है कि समिति विधेयकों में कई संशोधनों की सिफारिश कर सकती है।

समिति हिंदी नामों पर अड़ी रह सकती है। हालांकि, हिंदी नामों का द्रमुक सहित विपक्षी सांसदों ने विरोध किया है। द्रमुक ने प्रस्तावित कानूनों के लिए अंग्रेजी नाम की भी मांग की है।

## चुनाव लड़ने का ढ़ोंग कर रही कांग्रेस, ताकि 'डोनेशन' इकट्ठा करने का मौका मिल जाए : मोदी

**एजेंसी**

सिवनी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कांग्रेस पर जबर्दस्त हमला बोलते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस को अपनी हार के बारे में मालूम है, इसलिए वो चुनाव लड़ने का मात्र ढोंग कर रही है, ताकि डोनेशन इकट्ठा करने का मौका मिल जाए।

मोदी राज्य के सिवनी में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस चुनाव नहीं लड़ रही, उन्हें मालूम है कि उन्हें जीतना नहीं है। पार्टी चुनाव लड़ने का ढोंग मात्र कर रही है, ताकि डोनेशन इकट्ठा करने का मौका मिल जाए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं



के बीच मुख्यमंत्री पद की लड़ाई नहीं है। असली लड़ाई इस बात की चल रही है कि किसका बेटा यहां कांग्रेस का मुखिया बनेगा।

सब एक-दूसरे के कपड़े फाड़ने मे लगे हैं। यहां के दो बड़े नेता अपने-अपने बेटे को आने वाले दिनों में सेट करने के लिए मध्यप्रदेश को अपसेट करने में लगे हैं।

उन्होंने कहा कि जिन्हें अपने बेटे-बेटी की चिंता है, वो कभी जनता की सोचेंगे क्या।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग बोलते हैं, हमारे दादा-दादी, नाना-नानी ने ये किया और उन्हें इसीलिए वोट दिया जाए क्योंकि वो उनके दादा-दादी थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा जनता के भविष्य के लिए काम कर रही है। गरीब का जीवन आसान बनाना भाजपा का लक्ष्य है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पर कभी भरोसा नहीं कर सकते। उनका नारा है, गरीब की जेब साफ, काम हाफ और करना उससे भी हाफ। कांग्रेस ने सबसे ज्यादा छोटे किसानों को धोखा दिया।

**सट्टेबाजी**

**सट्टेबाजी ऐप पर ईडी की जांच के बीच बड़ा फैसला**

## महादेव बुक ऑनलाइन और 21 सट्टेबाजी ऐप्स को ब्लॉक करने का आदेश

नई दिल्ली। महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय की जांच के बीच आईटी मंत्रालय ने रविवार को बड़ा एक्शन लिया। मिनिस्ट्री ने महादेव बुक ऑनलाइन और अन्य 21 सट्टेबाजी ऐप्स व वेबसाइटों के खिलाफ ब्लॉकिंग ऑर्डर जारी किया। ईडी की सिफारिश के बाद इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट की धारा 69ए के तहत यह आदेश जारी किया गया। आईटी राज्य मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने इसे लेकर आज एक बयान जारी किया। इसमें कहा गया, छत्तीसगढ़ सरकार के पास धारा 69 आईटी अधिनियम के तहत वेबसाइट/ऐप को बंद करने की



सिफारिश करने का अधिकार है। मगर, उन्होंने ऐसा नहीं किया।

राजीव चन्द्रशेखर ने दावा किया कि ऐप को लेकर राज्य सरकार की ओर से ऐसी कोई अपील नहीं की गई, जबकि वे बीते डेढ़ साल से इसकी जांच कर रहे हैं। ईडी से ही पहली और एकमात्र अपील आई और उस पर कार्रवाई की गई। किसी ने भी छत्तीसगढ़ सरकार को इसी तरह का रिक्वेस्ट करने से नहीं रोका था। महादेव बुक के मालिकों को इस साल अगस्त में गिरफ्तार किया गया था। यह गिरफ्तारी धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 19 के तहत हुई।

### भाजपा ने कांग्रेस पर तेज किया हमला

दूसरी ओर, भाजपा ने महादेव सट्टेबाजी ऐप से जुड़े घोटाले को लेकर कांग्रेस पर रविवार को हमला तेज कर दिया। बीजेपी ने राहुल गांधी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मामले में पैसों के लेन-देन में उनकी भूमिका स्पष्ट करने को कहा। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि मामले में सामने आ रहे तथ्यों से संकेत मिलता है कि भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी के नए तरीके ईजाद करने में कांग्रेस का कोई मुकाबला नहीं है। त्रिवेदी ने कहा, चाहे भ्रष्टाचार के नए-नए तरीके ईजाद करना हो, या इसके नए मानक स्थापित करना हो, कांग्रेस पार्टी आज इस बात का जीता-जागता सबूत है कि कोई उसकी बराबरी नहीं कर सकता। उसने अब अपने ही पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

### भूपेश बघेल को 508 करोड़ रुपये के भुगतान का आरोप

बता दें कि ईडी ने शुक्रवार को दावा किया था कि फॉरेंसिक विश्लेषण और कैश कूरियर (नकदी पहुंचाने वाले व्यक्ति) के बयान से चौंकाने वाले आरोप सामने आए हैं। इसमें कहा कि महादेव सट्टेबाजी ऐप के प्रवर्तकों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अब तक लगभग 508 करोड़ रुपये का भुगतान किया है और यह जांच का विषय है।

# 30 नवंबर तक पंजीकरण पर मिलेगा ओटीएस का लाभ

## बिजली विभाग देगा सरचार्ज में छूट, एक लाख उपभोक्ताओं को होगा फायदा

नोएडा। लंबे समय से बकायेदार उपभोक्ताओं को बिल भुगतान की सुविधा देने के लिए एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) लाई जा रही है। इस योजना से गौतमबुद्ध नगर के करीब एक लाख से अधिक उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

आठ नवंबर से 31 दिसंबर तक यह योजना लागू रहेगी। इसके अलावा 30 नवंबर तक ओटीएस योजना के लिए विभाग में पंजीकरण कराने वाले उपभोक्ताओं को सरचार्ज में सर्वाधिक छूट का लाभ मिलेगा।

किसानों व घरेलू उपभोक्ताओं को विभाग दिवाली का तोहफा देते हुए शत प्रतिशत सरचार्ज माफी का लाभ देगा। योजना करीब 54 दिनों तक लागू रहेगी और तीन चरणों में होगी। पहला चरण आठ से 30 नवंबर, दूसरा चरण एक दिसंबर से 15 दिसंबर और तीसरा चरण 16 दिसंबर से 31 दिसंबर तक का होगा।

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के प्रवक्ता ने बताया कि सभी मुख्यालयों व जोन को आदेश की प्रति भेज दी गई है। अब बकायेदार उपभोक्ताओं को अधिकतम 12 किश्तों में भुगतान करने की सुविधा होगी। एक किलोवाट से अधिक भार वाले घरेलू उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान के साथ किश्तों में भुगतान के दो विकल्प दिए गए हैं। 30 नवंबर तक अपने बकाए का पूर्ण भुगतान पर 90 प्रतिशत छूट, तीन किश्तों में भुगतान पर 80 प्रतिशत की छूट तथा 6 किश्तों में भुगतान पर 70 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

एक से 15 दिसम्बर तक पूर्ण भुगतान पर 80 प्रतिशत की छूट, 3 किश्तों में भुगतान पर 70 प्रतिशत तथा 6 किश्तों में भुगतान पर 60 प्रतिशत की छूट, 16 दिसम्बर के बाद पूर्ण भुगतान पर 70 प्रतिशत की छूट, 3 किश्तों में भुगतान पर 60 प्रतिशत तथा 6 किश्तों में भुगतान पर 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसी प्रकार 3 किलोवाट भार तक के वाणिज्यिक उपभोक्ताओं द्वारा 30 नवंबर तक अपने बकाए का पूर्ण भुगतान पर 80 प्रतिशत तथा 3 किश्तों में भुगतान पर 70 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

### ऐसे कर सकेंगे आवेदन

योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता पावर कारपोरेशन की वेबसाइट uppcl.org पर जाकर योजना के अंतर्गत छूट के बाद देय राशि की जानकारी ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं। बिल पर लिखा खाता संख्या फीड करते ही उपभोक्ता को समस्त विवरण, जिसमें देय धनराशि, मूल धनराशि, सरचार्ज में छूट, भुगतान हेतु राशि आदि दिखने लगेंगे। इसके अलावा अधिशासी अभियंता और एसडीओ कार्यालय व सीएससी पर जाकर भी पंजीकरण करा सकेंगे।

## भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग दर्शन को केदारनाथ पहुंचे राहुल

नया टिहरी (उत्तराखंड)/नयी दिल्ली। पांच राज्यों में जारी विधानसभा चुनावों की गहमा गहमी के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग दर्शन के लिए रविवार को उत्तराखंड के केदारनाथ धाम पहुंचे जहां वह भव्य आरती में भी शामिल हुए। कांग्रेस संचार विभाग के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि श्री गांधी दिन में हेलीकॉप्टर से केदारनाथ धाम पहुंचे और विधि विधान से बाबा केदारनाथ की पूजा अर्चना कर ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए। उन्होंने बताया कि शाम को गांधी बाबा की भव्य सांध्य आरती में शामिल हुए और आरती पूरी होने तक बाबा का ध्यान करते रहे।

# शार्ट न्यूज़

## जम्मू-कश्मीर डीजीपी ने अधिकारियों को समर्पित होकर काम करने की अपील की

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आर आर स्वैन ने दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में पुलिस पोस्ट मीर बाजार का दौरा किया और अधिकारियों से समर्पण के साथ लोगों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया है। श्री स्वैन ने शनिवार शाम को पुलिस चौकी में अधिकारियों के साथ सार्थक बातचीत की और अधिकारियों और जवानों को लोगों की सेवा के लिए समर्पण के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अधिकारियों को दुश्मनों के नापाक इरादों को विफल करने के लिए, अन्य संगठनों के साथ तालमेल के साथ काम करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। एनडीपीएस पर काजीगुंड पुलिस स्टेशन के तीन बीट अधिकारियों द्वारा समर्पित भाव से सेवा करने और लोगों का विश्वास जीतने के बारे में जानकारी प्राप्त होने के बाद, डीजीपी ने हेड कांस्टेबल अशरफ, हेड कांस्टेबल अमीन और हेड कांस्टेबल मुश्ताक को पुरस्कृत किया और उनके काम की प्रशंसा की। उन्होंने पुलिस चौकी के डाइनिंग हॉल और मेस का भी दौरा किया। डीजीपी ने मेस कमांडर से काम की स्थिति और उसे दिए जा रहे वेतन के बारे में भी जानकारी ली।

## नशीली दवा : एनसी ने श्रीनगर में मोटरसाइकिल रैली की आयोजित

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) ने समाज में नशीली दवाओं के खतरे और इसके प्रतिकूल प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए रविवार को श्रीनगर में एक मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया। नेकां प्रवक्ता तनवीर सादिक के नेतृत्व में मोटरसाइकिल रैली बाग अली मर्दन खान से कई इलाकों से गुजरने के बाद श्रीनगर शहर में पार्टी के संस्थापक शेख मोहम्मद अब्दुल्ला की मजार के पास नसीम बाग तक जाकर समाप्त हुयी। रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों में नशीली दवाओं के उपयोग के प्रतिकूल प्रभावों और समग्र रूप से समाज पर इसके परिणामों के बारे में जागरूकता लाना था। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए नेकां प्रवक्ता सादिक ने कहा कि पार्टी ने हाल ही में एक समिति 'वाडा' का गठन किया है, जिसने कश्मीर घाटी में नशीली दवाओं के खतरे के बारे में एक रिपोर्ट भी पेश की है। उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी में वर्तमान में लगभग 13 लाख लोग नशीली दवाओं के खतरे से प्रभावित हैं और उनमें से 90 प्रतिशत लोग हेरोइन का उपयोग कर रहे हैं जो उन्हें विनाश की ओर ले जा सकता है। उन्होंने कहा कि नशीला पदार्थ अब लगभग हर घर तक पहुंच गया है और प्रत्येक नागरिक को इस खतरे के प्रति समाज में भूमिका निभाने की जरूरत है।

## अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवती की मौत, दूसरी घायल

देहरादून। उत्तराखंड के देहरादून में रविवार सुबह अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार एक युवती की मृत्यु हो गई जबकि एक अन्य युवती घायल हो गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कोतवाली डालनवाला अंतर्गत, मोहनी रोड़ चौक पर आज प्रात: 6: 15 बजे पर सूचना प्राप्त हुई कि मोहनी कट के पास स्कूटी सवार दो महिलाओं को अज्ञात ट्रक द्वारा टक्कर मार दी गई है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो स्कूटी चालक हेमा धर्मशक्तू पुत्री दिलीप धर्मशक्तू, निवासी डीएल रोड, निकट मठ मंदिर, देहरादून, उम्र 30 वर्ष तथा स्कूटी की पिछली सीट पर बैठी युवती सपना पुत्री लक्ष्मण बिष्ट, हाल पता 3, ओल्ड सर्वे रोड देहरादून, मूल पता ग्राम ग्वाड, थापली, जनपद रुद्रप्रयाग, उम्र 22 वर्ष ज्ञात हुआ। दुर्घटना में स्कूटी की पिछली सीट पर बैठी युवती सपना की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। जबकि स्कूटी चालक के सामान्य चोटें आयी थी। प्रवक्ता ने बताया कि मृतका के शव को 108 के माध्यम से कोरोनेशन अस्पताल ले जाकर मोर्चरी में रखवाया गया। स्कूटी चालक को भी प्राथमिक उपचार हेतु कोरोनेशन अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि मृतका का पंचायतनामा तथा पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है तथा अज्ञात ट्रक की तलाश की जा रही है।

## पेट्रोल, डीज़ल, रसोई गैस, खाद्य वस्तुओं के दामों में भारी वृद्धि: सीटू

शिमला। औद्योगिक मजदूरों के मुद्दों पर सीटू का प्रदेश स्तरीय अधिवेशन बीबीएन क्षेत्र सोलन में आयोजित किया गया। अधिवेशन में सीटू राष्ट्रीय सचिव के एन उमेश, सचिव कश्मीर सिंह ठाकुर, प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, महासचिव प्रेम गौतम, ओमदत्त शर्मा, दलजीत सिंह, मोहित वर्मा, राकेश ठाकुर सहित दो सौ से ज़्यादा औद्योगिक मजदूरों ने भाग लिया। अधिवेशन में निर्णय लिया गया कि औद्योगक मजदूरों की मांगों को लेकर 27 नवम्बर को हज़ारों मजदूरों का शिमला में महापड़ाव होगा। सीटू राष्ट्रीय सचिव के एन उमेश व कश्मीर सिंह ठाकुर ने कहा कि यह महापड़ाव मजदूरों का न्यूनतम वेतन 26 हज़ार रुपये घोषित करने, मजदूर विरोधी चार लेबर कोडों को रद्द करने, आउटसोर्स, नीम, सीता, ठेका प्रथा, कैजुअल, टेम्परेरी, पार्ट टाइम, नीति पर रोक लगाने आदि मांगों को लेकर होगा। सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा व महासचिव प्रेम गौतम ने कहा है कि केन्द्र की मोदी सरकार की नवउदारवादी व पूंजीपति परस्त नीतियों के कारण बेरोजगारी, गरीबी, असमानता व रोजी रोटी का संकट बढ़ रहा है। बेरोजगारी व महंगाई से गरीबी व भुखमरी बढ़ रही है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली को कमज़ोर करने के कारण बढ़ती मंहगाई ने जनता की कमर तोड़ कर रख दी है।

## मिजोरम में थम गया प्रचार

आइजोल। मिजोरम विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार रविवार शाम चार बजे समाप्त हो गया, हालांकि हंगामा शनिवार रात को ही समाप्त हो गया था। चालीस सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान मंगलवार को होगा। चुनाव लड़ने वाले राजनीतिक दलों ने शनिवार को सड़क पर अभियान चलाया क्योंकि प्रचार का आखिरी दिन रविवार को पड़ा और ईसाइयों के लिए एक पवित्र दिन है। चर्च समर्थित चुनाव निगरानी संस्था मिजोरम पीपुल्स फोरम ने कहा कि उसने रविवार को चुनाव प्रचार पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया था, लेकिन उम्मीदवारों ने खुद प्रचार करने से परहेज किया। अधिकांश उम्मीदवारों को दिन के दौरान चर्च सेवाओं में भाग लेते देखा गया। इस बीच, सभी प्रमुख दलों के नेताओं ने अपने चुनाव अभियान से संतुष्टि व्यक्त की है और चुनाव में अच्छे प्रदर्शन का विश्वास जताया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मधुप व्यास ने कहा कि म्यांमार और बंगलादेश के साथ 722 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमाएं मतदान के दिन तक सील रहेंगी। उन्होंने कहा कि इस अवधि के दौरान असम में करीमगंज, हैलाकांडी और कछार जिलों, त्रिपुरा में कंचनपुर जिले और मणिपुर में चुराचांदपुर जिले की अंतरराज्यीय सीमाएं भी सील कर दी जाएंगी। मतदान के दिन अवांछित तत्व सीमाओं को पार न कर सकें, यह सुनिश्चित करने के लिए सीमाओं को सील करना आवश्यक है।

## कांग्रेसियों के कारण सिंगरेनी में केंद्र को 49 फीसदी हिस्सेदारी मिली : केसीआर

कोठागुडेम। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख और मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने रविवार को आयोजित आशीर्वाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सिंगरेनी का 134 वर्ष पुराना इतिहास है। सिंगरेनी 100 प्रतिशत हमारी थी। लेकिन कांग्रेस के 'अयोग्य महारथियों' ने केंद्र सरकार से कर्ज लिया और 40 साल तक नहीं चुकाया। इससे केंद्र को 49 फीसदी हिस्सेदारी मिल गयी अन्यथा हमारी खदानें हमारे पास ही थी। केसीआर ने कहा कि बीआरएस और केसीआर तेलंगाना समाज के लिए हैं, जीवन के सभी क्षेत्रों के लोग एक साथ आगे बढ़ेंगे। यदि सीतारमा परियोजना पूरी हो गई तो हमें सूखे का सामना नहीं करना पड़ेगा। कोठागुडेम स्वर्ण मुकुट बन जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगरेनी की खदानें निज़ाम की खदानें हैं। इससे नुकसान हुआ है, ऋण के कारण बंधा हुआ है। सिंगरेनी की चाल बदल गई है। कांग्रेस प्रशासन के तहत सिंगरेनी हार जाती। तेलंगाना आते ही हमने तीन प्रतिशत तेलंगाना इंक्रीमेंट दिया। कांग्रेस शासनकाल में कंपनी का टर्नओवर महज ग्यारह हजार करोड़ रुपये था, अब हमने इसे 33 हजार करोड़ में तक लाया है। सिंगरेनी के मात्र 419 करोड़ रु के मुनाफे को अब 2184 करोड़ तक ले आए हैं।

# फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले दो और आरोपी गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। नोएडा एसटीएफ और पुलिस ने मेरठ निवासी दिल्ली पासपोर्ट दफ्तर के दलाल मुजीबुर्रहमान (56) से पूछताछ के बाद दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने दिल्ली के मजनू का टीला निवासी शाहरूख को गुरुग्राम और करावल नगर निवासी सुमित को दिल्ली में उसके घर के पास से गिरफ्तार किया है।

एसटीएफ ने इस गिरोह का जून में खुलासा किया था। इसके बाद से ही एसटीएफ फरार आरोपियों की तलाश में जुटी थी। यह गिरोह बड़ी संख्या में चीनी, अफ्रीकी और तिब्बती नागरिकों का फर्जी आधार कार्ड पर बनाए गए पहचान पत्र पर पासपोर्ट बनाने का काम कर रहा था। एसटीएफ ने 21 जून को हिमाचल के कुल्लू से जंपा चोडक उर्फ जॉर्डन को गिरफ्तार किया था। जिले में पूर्व में पकड़े अवैध रूप से रहने वाले चीनी नागरिकों व ड्रग्स फैक्टरी में पकड़े नाईजीरियाई आरोपियों से पूछताछ के बाद एसटीएफ ने आरोपी की गिरफ्तारी की। जंपा ने पूछताछ में एसटीएफ को कई बड़ी जानकारियां दीं। इसके आधार पर एसटीएफ ने अकबर अली को दिल्ली के सिविल लाइन और रोशन को समयपुर बादली स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया था। आरोपियों ने पूछताछ में बताया था कि दिल्ली के पासपोर्ट दफ्तर में सक्रिय दलालों की मदद से चीनी, नाइजीरियाई और तिब्बती नागरिकों के पासपोर्ट बनवाये थे। आरोपी केवल फर्जी आधार कार्ड या पेनकार्ड बनाकर दलाल मुजीबुर्रहमान को देते थे। मुजीबुर्रहमान ही आरोपियों के फर्जी दस्तावेज पर पासपोर्ट बनवाता था।

# थाना बीटा टु पुलिस ने मुठभेड़ के उपरांत तीन चैन लुटेरों को किया गिरफ्तार

## कब्जे से अवैध असलहा, एक मोटरसाइकिल, लूटी गयी चैन,19200 रूपये नगद बरामद

ग्रेटर नोएडा। थाना बीटा टु पुलिस ने मुठभेड़ के उपरांत तीन शातिर लुटेरों समीर मलिक पुत्र अनवर मलिक निवासी गली नम्बर 3 जमाईपुरा सरकारी के पीछे सिकन्द्राबाद थाना सिकन्द्राबाद जिला बुलन्दशहर,अमन पुत्र मुकेश कुमार निवासी सन वन 1102 मिगसन विन थाना सूरजपुर गौतमबुद्धनगर, सौरभ शर्मा पुत्र प्रेमचन्द शर्मा निवासी होली चौक के पास साकीपुर थाना सूरजपुर गौतमबुद्धनगर हाल 317 एच ब्लाक अल्फा-2 थाना बीटा टु गौतमबुद्धनगर को गामा-1 सार्वजनिक शौचालय गेट नम्बर 3 के पास ग्रीन बैल्ट से शनिवार



को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस मुठभेड़ में उपरोक्त तीनों अभियुक्त पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। जिनको पुलिस द्वारा उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने तीन तमंचे मय चार कारतूस जिन्दा, लूटी हुई चैन, लूट की घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल और 19200 रुपये नगद बरामद किए हैं।अभियुक्तों द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया था। जिसमें पुलिस पार्टी द्वारा की गयी जवाबी कार्यवाही में फायर किया गया जिसमें तीनों अभियुक्त के पैर में गोली लगने के कारण घायल हो गये। अभियुक्तगण शातिर किस्म के लुटेरे हैं जो मोटर साइकिल पर सवार होकर राह चलते व्यक्तियों खासकर चैन पहनी महिलाओं को निशाना बनाकर चैन लूटकर फरार हो जाते है। अभियुक्तों ने 30 अक्टूबर 2023 को अल्फा-1 में घर के सामने टहल रही महिला से गले में पहनी चैन को लूटकर फरार हो गये थे। 2 नवम्बर 2023 को गामा-2 मार्केट में सब्जी लेने आयी महिला की चैन को लूटकर फरार हो गये थे। गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# गेहूँ के सब्सिडी वाले बीजों के लिए एक लाख से अधिक आवेदन प्राप्त

चंडीगढ़। पंजाब कृषि और किसान कल्याण विभाग को गेहूँ के प्रमाणित बीजों पर 50 प्रतिशत सब्सिडी हासिल करने के लिए राज्य के किसानों की तरफ से कुल 1,09, 240 आवेदन प्राप्त हुये हैं।

इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुये पंजाब के कृषि और किसान कल्याण मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि विभाग के पोर्टल पर अब तक 8736.8 क्विंटल बीजों के 21,842 बिल अपलोड हो चुके हैं। गेहूँ के बीजों के लिए प्रति किसान अधिक से अधिक 5 एकड़ (2 क्विंटल) क्षेत्रफल के लिए सब्सिडी मुहैया करवाई जा रही है। इसके इलावा सब्सिडी वाले बीज मुहैया करवाने में अनुसूचित जातियों,



छोटे ( 2.5 से 5 एकड़) और सीमांत किसानों ( 2.5 एकड़ तक) को पहल दी जा रही है। खरीफ के सीजन 2023-24 में गेहूँ के प्रमाणित बीजों पर सब्सिडी बीजों की कुल लागत के 50 प्रतिशत या अधिक से अधिक 1000 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से मुहैया करवाई जा रही है। किसान को गेहूँ के बीज की खरीद पर सब्सिडी की रकम घटाने के बाद बची रकम ही अदा करनी पड़ेगी। खुड्डियां ने आगे बताया कि सबसे अधिक आवेदन (11, 589) फाजिल्का जिले से प्राप्त हुये। इसके बाद संगरूर (9894), बठिंडा (9282), श्री मुक्तसर साहिब (7261), पटियाला (6205), मानसा (6139) और फरीदकोट (6047) से आवेदन प्राप्त हुये हैं।

उन्होंने कहा कि किसानों को बढ़िया क्वालिटी के गेहूँ के बीज मुहैया करवाने के लिए पूरी निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार हमेशा किसानों के साथ खड़ी है और कृषि सैक्टर को लाभदायक बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

## मैक्लोडगंज में दो तिब्बती युवकों के बीच झड़प, एक की मौत

शिमला। हिमाचल प्रदेश के कांगडा जिले में पर्यटन नगरी मैकलोडगंज में बीते कुछ दिनों पहले दो तिब्बती युवकों के बीच लड़ाई का मामला सामने आया था। एक कार्यक्रम के दौरान दो तिब्बती युवकों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। दोनों के बीच मामला इतना बढ़ गया कि एक तिब्बती युवक ने दूसरे तिब्बती युवक पर चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान 30 वर्षीय युवक के पेट पर चाकू से वार किए। बीते माह 25 तारीख को हुई इस घटना के बाद घायल युवक का इलाज टांडा मेडिकल अस्पताल में चल रहा था, लेकिन गत शुक्रवार यानी तीन नवंबर को घायल युवक ने टांडा में दम तोड़ दिया।

# विदेशी परिंदों से गुलजार हुई सतलुज झील, 15 प्रजातियों के पक्षी

शिमला। हिमाचल प्रदेश में हजारों किलोमीटर का सफर कर सैकड़ों विदेशी परिंदे इन दिनों हिमाचल-पंजाब के सीमा पर पहुंच रहे हैं। सतलुज झील विदेशी परिंदों से गुलजार हो चुकी है। अभी तक एक दो प्रजातियां ही सतलुज झील पर पहुंची हैं। अगले कुछ दिनों में और प्रजातियों के परिंदे भी विभोर साहब झील पर अठखेलियां करते नजर आएंगे। साइबेरिया, रूस, इंडो तिब्बत बॉर्डर पर स्थित जलाशयों के जमने के कारण ये परिंदे हिमाचल के जलाशयों का रुख करते हैं। सर्दी का मौसम शुरू होते ही प्रदेश के जलाशय इन विदेशी मेहमानों से गुलजार हो जाते हैं। मार्च-अप्रैल में जैसे ही गर्मी शुरू होती है। ये विदेशी परिंदे वापस अपने वतन लौट जाते हैं। विदेशी परिंदों के आवागमन का सिलसिला कई वर्षों से चल रहा है। विभोर साहिब की सतलुज झील में अभी तक साइबेरियन प्रजाति के परिंदे देखे जा सकते हैं। जबकि अन्य प्रजातियों के परिंदों को अगले कुछ दिनों तक यहां पानी में अठखेलियां करते देखा जा सकेगा। विदेशी सरजमीं को कुछ महीनों के लिए छोड़कर आने वाले इन विदेशी परिंदों में गेडबाल पी डक सहित कई अन्य प्रजातियों के परिंदे हर वर्ष हिमाचल तथा पंजाब की झीलों में आते हैं। मार्च-अप्रैल में अपने वतन को लौटने के बाद यह समय इनकी ब्रीडिंग का होता है।

हिमाचल और पंजाब में इन प्रजातियों पर काम करने वाले बर्ड-वाचर प्रभात भट्टी के अनुसार इन विदेशी मेहमानों का आना अभी शुरू हुआ है।

# प्राचीन शनिदेव मंदिर में दीपोत्सव पर प्रज्जवलित होंगे 1100 दीये

सिरसा। हरियाणा के सिरसा में नोहरिया बाजार में स्थित प्राचीन शनिदेव मंदिर में इस बार दीपावली पर्व पर विशेष आयोजन होगा। दीपावली से एक दिन पहले यानि छोटी दिवाली के अवसर पर मंदिर के नवनिर्मित भवन में दीपोत्सव मनाया जाएगा। जिसमें श्रद्धालुओं के द्वारा देसी घी से 1100 दीये प्रज्जवलित किए जाएंगे। श्री शनिदेव मंदिर चेरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी आनंद भार्गव व चंद्रमोहन भृगुवंशी ने बताया कि 245 वर्ष पुराने इस शनिदेव मंदिर का श्रद्धालुओं के सहयोग से जीर्णोद्धार करवाया जा रहा है। दीपावली के पावन अवसर पर इस बार मंदिर के नवनिर्मित भवन में 11 नवंबर शनिवार की शाम को देसी घी से 1100 दीये प्रज्जवलित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि दीपोत्सव का यह आयोजन भगवान राम के अयोध्या में बन रहे भव्य राममंदिर व सिरसा में जीर्णोद्वार किए जा रहे प्राचीन शनिदेव मंदिर की खुशी में किया जाएगा। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि दीपावली के पावन अवसर पर भगवान शनिदेव मंदिर में भगवान शनिदेव के नाम एक दीप प्रज्जवलित करें और भगवान के शुभ आशीर्वाद से अपने जीवन को खुशियों से भरें।

# तरन तारन में दो तस्कर गिरफ्तार, दो किलो हेरोइन बरामद

तरन तारन । पंजाब के तरन तारन में पुलिस ने भारत-पाक सरहद पर 40 किलोमीटर तक पीछा करते हुये दो नशा तस्करों को गिरफ्तार करके उनके कब्ज़े में से दो किलो हेरोइन बरामद की है।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने रविवार को यहाँ बताया कि काबू किये व्यक्तियों की पहचान अरशदीप सिंह उर्फ अर्श निवासी गाँव नूरपुर, फ़िरोज़पुर और राजप्रीत सिंह उर्फ राज निवासी गाँव मालोके, फ़िरोज़पुर के तौर पर हुई है। पुलिस टीमों ने दो किलो हेरोइन बरामद करने के इलावा वह एसयूवी महिंद्रा स्कॉरपीयो कार भी बरामद की है, जिसमें उक्त सफ़र कर रहे थे।



यादव ने बताया कि हेरोइन की तस्करी सम्बन्धी गुप्त सूचनाओं के आधार पर तरन तारन पुलिस ने भिक्खीविंड के नज़दीक से स्कॉरपीयो गाड़ी का पीछा करना शुरू किया और पूरी ज़िला पुलिस ने तुरंत हरकत में आते हुये पूरी मुस्तैदी के साथ विशेष नाकाबंदी करके ज़िले के सभी बाहरी रास्तों को सील कर दिया।

उन्होंने बताया कि भिक्खीविंड से चोहला साहिब तक 40 किलोमीटर तक चली मशक्कत उस समय आ निपटी, जब उक्त तस्कर एस. एच. ओ, चोहला साहिब की तरफ से लगाए गए नाके को पार न सके और पुलिस टीमों से तरफ से उनको स्कॉरपीयो कार में से बरामद हुई दो किलो हेरोइन समेत काबू कर लिया गया। पुलिस से बचने के लिए चलती कार से छलांग मारने की नाकाम कोशिश करते हुए मुलजिमों में से एक दोषी के टखने पर चोट लग गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) तरन तारन अश्वनी कपूर ने बताया कि इस माड्यूल में शामिल अन्य लोगों का पता लगाने के लिए आगे जांच जारी है और आने वाले दिनों में और गिरफ़्तारियाँ होने की उम्मीद है।

# पराली जलाने पर किसानों पर लगाया 37 हजार से अधिक जुर्माना

सिरसा। हरियाणा के सिरसा में धान (चावल) की फसल पककर तैयार है। जिला में अबकी बार दो लाख 60 हजार एकड़ में धान की बुवाई है। रानियां क्षेत्र के बासमती चावल की गुणवता बेहतर होने के कारण यहां का चावल इरान,इराक,जर्मनी आदि देशों में निर्यात भी होता है। इस वक्त फसल पूरे पकाव पर है। किसानों ने कम्बाईन आदि से फसल को काटना आरम्भ कर दिया है। इसी के साथ अगली फसल की बुवाई के लिए खेत खाली करने के लिए कई किसान पराली (फसल अवशेष) भी जला रहें हैं। पराली के जलाने से आसमान में उठे धुएं से जिलेभर में आबोहवा बदलकर प्रदूषित हो चली है वहीं सड़कों पर सुबह सवेरे



विजिब्लिटी भी दिन प्रति दिन कम होने लगी है। जिससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। आबोहवा मे घुले धुएं से आखों में जलन भी होने लगी है।

अगली फसल की जल्द बुवाई की चाहत में किसान चोरी छिप्पे पराली जला रहे हैं। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डा. सुखदेव सिंह कम्बोज के अनुसार सिरसा जिला प्रशासन ने अब तक 34 सूचनाओं पर रेड की जिनमें से 14 आगजनी की घटनाएं सही पाई गई। आगजनी के आरोप में किसानों पर 37 हजार500 रुपए जुर्माना किया गया है वहीं कुताबढ़ व कर्मगढ़ के दो किसानों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि विभाग अबकी बार गत वर्ष की अपेक्षा पच्चास फिसदी कम पराली का टारगेट लेकर चल रहा है। निरंतर सैटेलाइट व अन्य संसाधनों से आगजनी की घटनाओं की मानिटरिंग की जा रही है। जिला में पराली संग्रहण के कृषि क्षेत्र से संबधित कंपनी डेलोइस के सहयोग से 11 केंद्र बनाए गए हैं।

संयुक्त निदेशक डा. सुखदेव सिंह कम्बोज ने बताया कि किसानों को शासन व प्रशासन की ओर से पराली न जलाने का बारम्बार आग्रह किया जा रहा है। राज्य सरकार पराली न जलाने पर किसान को प्रति एकड़ एक हजार रुपए अनुदान देती है। वहीं पराली को एकत्रित करने से संबधित कृषि उपकरण खरीदने पर सब्सिडी भी दी जा रही है। वहीं रेड जोन क्षेत्र का पूरा गांव अगर पराली नहीं जलाता तो ग्राम पंचायत को सरकार एक लाख रूपए अनुदान देगी। सिरसा जिला में 11 गांव रेड जोन में शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि गऊशालाओं को खेतों से गऊशाला तक पराली का लदान कर लाने के लिए 500 रुपए प्रति एकड़ ट्रांसपोर्ट खर्च भी दे रही है।

# हिमाचल में बर्फबारी के बाद सूरजताल झील जमी, रात का तापमान गिरा

शिमला। हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिले लाहौल स्पीति के मनाली-लेह सड़क के पास सूरजताल झील ठोस बर्फ में तब्दील हो गई है। हालांकि अभी यह मार्ग यातायात के लिए पूरी तरह से बहाल है और पर्यटक भी आवाजाही कर रहे हैं। लाहौल के पर्यटक स्थल सिस्सू और इसके आसपास के जगहों पर आने वाले पर्यटक कुछ घंटे का सफर कर सूरजताल झील तक आवाजाही कर सकते हैं। पर्यटक इस झील का नजारा बर्फबारी से पहले मौसम को भांपकर कर सकते हैं।

लाहौल-स्पीति प्रशासन ने दारचा से सरचू और लेह की तरफ जाने का समय सुबह 800 से 1100 और सरचू छोर से दारचा और मनाली की ओर 1100 से 200 बजे का समय तय किया है। ऐसे में पर्यटक मनाली-लेह मार्ग पर पड़ने वाली सूरजताल झील को देख सकते हैं।

जनजातीय क्षेत्र में सुबह-शाम ठंड बढ़ गई है। लाहौल की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रात्रि तापमान शून्य से पांच डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। बारालाचा की तरफ अक्तूबर में बर्फबारी के बाद दिन के समय में भी तापमान जमाव बिंदु तक आ गया है। इस कारण सूरजताल, दीपकताल सहित चंद्रताल झील का पानी जम गया है।

नई दिल्ली
सोमवार 06 नवंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### नाबालिग से युवक ने किया रेप

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र में नाबालिग के साथ दुष्कर्म का एक मामला सामने आया है। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं आरोपी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। पीड़िता और आरोपी एक ही मोहल्ले के रहने वाले हैं। पीड़िता और आरोपी थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में ही रहते हैं। दोनों का घर आसपास है। पीड़िता आरोपी के भाभी से ट्यूशन पढ़ने जाती थी। तकरीबन 2 महीने पहले जब आरोपी की भाभी घर पर नहीं थी तो आरोपी ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। पहले तो डर के कारण नाबालिग ने किसी को नहीं बताया। लेकिन घटना के बाद वह गुमसुम रहने लगी तो परिवार वालों की पूछताछ पर उसने पूरी घटना बताई। इस घटना को सुनकर परिजन भी हैरान हो गए। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। एसीपी रवि प्रकाश ने बताया कि घटना 2 महीने पुरानी है। पीड़ित परिवार शनिवार को पुलिस के पास पहुंचा। रविवार को पीड़िता का मेडिकल करवाया जा रहा है। वहीं आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। पीड़िता नाबालिग है, उसकी काउंसलिंग का भी प्रयास किया जाएगा। जिससे उसका आत्मविश्वास लौट आए।

### बेटे से मिलने आ रहे पिता की ट्रेन से कटकर-मौत

गाजियाबाद। नए गाजियाबाद स्टेशन पर एक शख्स की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। वह अहोई अष्टमी के त्योहार के लिए अपने पुत्र से मिलने आ रहे थे। परिजनों ने आरोप लगाया है कि हादसे के ढाई घंटे बाद भी उन्हें एंबुलेंस समेत किसी भी चीज की मदद नहीं मिली। उनके मुताबिक शव को उन्होंने ही ट्रैक से उठाकर प्लेटफार्म पर रखा है। सहारनपुर के रहने वाले 63 साल का सुभाष चंद्र अहोई के त्योहार के चलते अपने बेटे अतुल वर्मा से मिलने ट्रेन से गाजियाबाद आ रहे थे। सुभाष चंद्र सहारनपुर में परचून व्यापारी है। नया गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर सुभाष चंद्र की ट्रेन से काटने से मौत हो गई। यह जांच का विषय है कि सुभाष की मौत कैसे हुई। क्या, सुभाष चलती ट्रेन से उतर रहे थे या उनका पैर फिसला या अन्य किसी तरीके से इस हादसे में उनकी मौत हुई है। बताया जा रहा है कि रविवार सुबह वो ट्रेन से सहारनपुर से चले थे। आशंका है कि हादसा करीब 12 बजे दोपहर को हुआ। लेकिन मौत होने के ढाई घंटे बाद भी परिजनों का आरोप है कि ना तो शव को ले जाने के लिए कोई एंबुलेंस मिली, ना ही कोई और किसी तरह की मदद।

### गजियाबाद में पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना लोनी बॉर्डर पुलिस की थाना क्षेत्र में लूट में वांछित 2 बाइक सवार अपराधियों से मुठभेड़ हो गई। जिसमें 1 अपराधी गोली लगने से घायल हुआ है। वहीं दूसरा अंधेरे का फायदा उठा कर फरार हो गया। गिरफ्तार बदमाश के कब्जे से अवैध कंट्री मेड पिस्टल, चोरी की मोटर साइकिल, पूर्व में थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र में घटित घटना में लूटी गई चेन बरामद हुई है। एसीपी अंकुर विहार रवि प्रकाश के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर पुलिस चेकिंग कर थी। इसी दौरान मूवी मैजिक लालबाग रोड पर लूट की घटना में वांछित अपराधियों और पुलिस में मुठभेड़ हो गई। इस दौरान 1 बदमाश कौशल उर्फ कड्डुआ मुठभेड़ के दौरान पैर मे गोली लगने से घायल हो गया। वहीं उसका एक साथी संजू मौके से भागने में सफल रहा। गिरफ्तार बदमाश पर लूट एवं चोरी के करीब आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। इन्हीं आरोपियों ने तीन दिन पहले एक महिला से उसकी सुहाग की निशानी मंगलसूत्र छीन लिया था।

### इंटर्नशिप कर रही युवती से बॉस ने की छेड़छाड़

गाजियाबाद। दिल्ली से सटे गाजियाबाद के सबसे पॉश इलाके कौशांबी थाना क्षेत्र में दिल्ली निवासी एक युवती के साथ इंटर्नशिप के दौरान ऑफिस में उसके बॉस ने छेड़छाड़ की। घटना दशहरे के अगले दिन की बताई जा रही है। पीड़िता ने चार नंवबर यानी शनिवार शाम को मामले की तहरीर दी। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। गाजियाबाद के थाना कौशांबी में दिल्ली निवासी एक युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। जिसमें उसने बताया है कि वह थाना क्षेत्र की एक निजी कंपनी में जॉब इंटर्नशिप कर रही है। आरोप है कि कंपनी के हेड सागर ने जब से इसकी जॉइनिंग हुई है तब से इसके साथ छेड़छाड़ करते हैं। पुलिस को दी तहरीर के मुताबिक युवती ने आरोप लगाया है कि दशहरे के अगले दिन इवनिंग शिफ्ट के दौरान इसको रोक लिया गया और बाकी लोगों को भेज दिया गया। युवती का आरोप है कि इसको गलत तरीके से छूने की कोशिश की। इसके बाद वह डर गई और लिफ्ट से नीचे उतरने लगी। आरोप है कि वहां भी बॉस ने पीछा नहीं छोड़ा और पीछा करता रहा।

### पिटबुल ने महिला को बुरी तरह से काटा, केस

नई दिल्ली। स्वरूप नगर गली नंबर-14 में घर के बाहर पड़ोसी के पिटबुल कुत्ते ने रिया देवी को बुरी तरह से काट लिया। महिला का आरोप है कि घर के सामने शौच करवाने का विरोध करने पर कुत्ते से हमला करवाया गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने कुत्ते के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस के अनुसार, रिया का आरोप है कि पड़ोसी का पिटबुल रोज उनके दरवाजे पर ही शौच करता है। इस बात से परेशान होकर रिया 3 नवंबर की सुबह नौ बजे कुत्ते के मालकि से बातचीत करने गई तो दोनों में बहस होने लगी। इस बीच कुत्ते ने रियाल पर हमला कर दिया। पड़ोसी का बेटा कुत्ते को उठाकर ले जाने लगा, लेकिन शोरशराबा होने पर बेटे ने रिया को धक्का मार दिया। नीचे गिरते ही कुत्ते ने कई बार उन्हें काट लिया। कुत्ते के मालिक ने जानबूझकर हमला कराया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस रिया को इलाज के लिए अस्पताल ले गई। पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट और पीड़िता के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज और दोनों पक्षों व आसपास के लोगों के बयान लेकर पुलिस जांच कर रही है।

### धमकी देकर महिला पर केमिकल फेंका

गुरुग्राम। दिल्ली में हुए विवाद की शिकायत वापस लेने को लेकर बाइक सवार युवकों द्वारा महिला को जान से मारने की धमकी देने और उस पर ज्वलनशील कैमिकल फेंकने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने महिला से कहा कि यह तो ट्रेलर है, शिकायत वापस नहीं ली तो एक सप्ताह में गोली मार दी जाएगी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस केस दर्ज कर छानबीन कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-42 के सुजान विहार में रहने वाली पूनम यादव ने कहा कि वह करीब पौने छह बजे पॉवर ग्रिड के निकट हनुमान मंदिर से अपने घर की ओर आ रही थी। इसी दौरान बाइक पर दो युवकों ने रास्ता पूछने के बहाने रोका। इसके बाद उन्होंने धमकी दी कि राकेश बाबूजी और अशोक बाबूजी के खिलाफ जो शिकायत थाना पश्चिम विहार दिल्ली में दी है उसे वापस ले लो, अन्यथा ये तो ट्रेलर है, एक हफ्ते बाद गोली लगेगी। इसके बाद आरोपी युवक ने कोई बदबूदार केमिकल महिला पर डाल दिया। जिसमे अजीब सी गंध आ रही थी, लेकिन कपड़े नहीं जले। जबकि महिला के शरीर में जलन होने लगी। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। वहीं आरोपी युवकों की पहचान के लिए पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाल रही है।

### प्रदूषण से आंखों में जलन, उखड़ रही सांसें

गुरुग्राम। रविवार को जिला देश के सबसे प्रदूषित छह शहरों की सूची में शामिल हो गया। भिवाड़ी, दिल्ली, फरीदाबाद, फतेहाबाद और ग्रेटर नोएडा के बाद गुरुग्राम की हवा में घातक प्रदूषक तत्वों से जहरीली रही। जिले का एक्यूआई 402 रहा। रविवार सुबह ही स्मॉग (धुआं और धुंध) की चादर आंखों में जलन देने वाली रही। जहरीली हवा का सबसे ज्यादा शिकार कामकाजी युवा हो रहे हैं। अस्पताल की ओपीडी में ज्यादातर युवा आंखों में जलन के साथ इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। सांसें उखड़ रही हैं। ज्यादातर प्रभावित लोग आंखों में जलन महसूस कर रहे हैं। डिजिटल डिवाइस का अधिक इस्तेमाल करने वाले लोगों पर इसका प्रभाव ज्यादा मिल रहा है। ऐसी स्थिति में आंखों में नमी की कमी के कारण खुजली, जलन और आंखों से लगातार पानी बहने की समस्या आ रही है। इसी तरह गले में सूखी खांसी दम फुला रही है। सुबह शाम स्मॉग के सीधे प्रभाव में आने वाले कामकाजी युवाओं में यह समस्या ज्यादा देखने को मिल रही है। जिला प्रशासन लगातार कूड़ा जलाने की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है।

# दिल्ली में पटाखा बना रहे दो युवकों की धमाके में मौत



## कमरे में मिला पोटाश और गंधक

नई दिल्ली। दिल्ली के नरेला औद्योगिक क्षेत्र इलाके में शनिवार रात पटाखे बनाने के दौरान एक कमरे में विस्फोट होने से दो युवकों की मौत हो गई। कमरे से धुआं निकलता देख परिवार के सदस्य वहां पहुंचे और झुलसे दोनों युवकों को बाहर निकालकर पास के अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने दावा किया है कि छानबीन के दौरान कमरे से गंधक और पोटाश मिला है। आशंका है कि दोनों युवक इनको मिलाकर छोटे पटाखे बना रहे थे। इसी दौरान धमाका हो गया। पुलिस ने लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर लिया है और मामले की छानबीन कर रही है।

मृतकों की शिनाख्त टिकरी खुर्द निवासी गौरव और नजफगढ़ निवासी साहिल के रूप में हुआ है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार रात पुलिस को हरिशचंद अस्पताल से दो युवकों के झुलसने के बाद भर्ती कराए जाने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची। जहां पुलिस को पता चला कि डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू की।

छानबीन में पता चला कि गौरव अपने पिता संतोष, मां और दो बहनों के साथ टिकरी खुर्द नरेला में रहता था। उसके पिता फर्नीचर का काम करते हैं। परिवार वालों ने बताया कि गौरव पढ़ाई के साथ साथ इलाके में रेहड़ी लगाकर दीवाली के दीपक, प्लास्टिक का फूल सहित अन्य सामान बेचता था। साहिल उसके दूर का रिश्तेदार व दोस्त था। परिवार वालों ने बताया कि शनिवार रात परिवार के लोग भूतल के कमरे में सो रहे थे, जबकि गौरव और उसका दोस्त पहली मंजिल पर बने कमरे में थे। 11.30 बजे अचानक कमरे में धमाका हुआ। उसके पिता और परिवार के अन्य सदस्यों ने देखा कि गौरव के कमरे से धुआं निकल रहा है। वह तुरंत वहां पहुंचे और कमरे के दरवाजे को तोड़ा। दोनों युवक खाट के बीच में झुलसे पड़े थे जबकि खाट पूरी तरह से जल चुकी थी। कमरे में दीवाली में इस्तेमाल सामान बिखरे पड़े थे। उन लोगों ने कमरे में सामान में लगी आग को बुझाया और घायलों को अस्पताल लेकर गए।

### कमरे से मिला पोटाश और गंधक

छानबीन के दौरान पुलिस ने क्राइम और फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। टीम ने छानबीन करने के बाद कमरे से कई साक्ष्य हासिल किए। छानबीन के दौरान पुलिस ने बताया कि कमरे से पोटाश और गंधक मिला है। आशंका है कि गौरव और साहिल कमरे में गंधक और पोटाश को मिलाकर पटककर फोड़ने वाला पटाखा बना रहे थे। पुलिस अधिकारी का कहना है कि शुरुआती जांच में पता चला है कि पोटाश और गंधक का मिश्रण फटने से धमका हुआ है।

# गाजियाबाद में फ्लैट में मिली बुजुर्ग की सड़ी हुई लाश

## नशा मुक्ति केंद्र से लौटे थे कुछ दिन पहले, गुजरात में रहता है परिवार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एक बुजुर्ग की फ्लैट में मृत्यु हो गई। रविवार को फ्लैट का ताला तोड़कर पुलिस ने उनका शव रिकवर किया, जब पड़ोसियों को उसमें से बदबू आने लगी। शव करीब पांच से छह दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। मौत कैसे हुई, ये अभी स्पष्ट नहीं है। बुजुर्ग कुछ दिन पहले ही नशा मुक्ति केंद्र से लौटे थे और इस फ्लैट में अकेले रहते थे।

एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया, रविवार को थाना कौशांबी पर एक सूचना प्राप्त हुई कि हिमगिरी अपार्टमेंट में एक फ्लैट से बदबू आ रही है। तुरंत कौशांबी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। फ्लैट से 65 वर्षीय वृद्ध का शव बरामद हुआ। उनकी पहचान राजन बेदी पुत्र जसवंत बेदी के रूप में हुई। आसपास जानकारी की गई तो ये पता चला कि राजन बेदी कुछ दिन पहले नशा मुक्ति केंद्र से वापस आए थे। फिलहाल इस फ्लैट में उनके साथ कोई नहीं रह रहा था। शव का पोस्टमार्टम कराते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस ने बताया, राजन बेदी मूल रूप से गुजरात के रहने वाले थे। ये फ्लैट उनकी बहन का था, जिसमें वे अकेले रहते थे। राजन बेदी के विवाहित होने अथवा नहीं होने के बारे में पुलिस को फिलहाल कोई जानकारी नहीं है। आसपड़ोस के लोगों ने इतना जरूर बताया कि वृद्ध एल्कोहलिक एडिक्ट थे। वे अपना फ्लैट होने के बावजूद लावारिस की तरह रहते थे। कभी-कभी सोसाइटी की सीढ़ियों पर ही अर्द्धनग्न अवस्था में लोगों को पड़े मिल जाते थे। इस वजह से सोसाइटी के लोगों ने उनसे बचना शुरू कर दिया था। हालांकि आसपास के लोग ही कई बार उनकी आर्थिक तौर पर मदद भी करते थे।

सोसाइटी के लोगों ने बताया, राजन बेदी पिछले कई दिन से दिखाई नहीं दिए थे। लेकिन लोगों को उनसे ज्यादा मतलब नहीं था, इसलिए प्रश्न कभी दिमाग में नहीं गया कि वे कहां गए होंगे या कैसे होंगे। रविवार दोपहर में जब पड़ोसियों को राजन बेदी के फ्लैट से बदबू आई, तब उन्होंने पुलिस को सूचना दी और फिर उनकी मौत होने का पता चला।

कौशांबी थाने के एसएचओ ने बताया, पुलिस जब फ्लैट में पहुंची तो सामान अस्त-व्यस्त था। घर में खाने-पीने के लिए भी कुछ नहीं था।

# गाजियाबाद में जनसंख्या कानून बनाने के लिए महापंचायत

गाजियाबाद। जनसंख्या पर कानून बनाने की मांग को लेकर रविवार को गाजियाबाद के साहिबाबाद क्षेत्र स्थित लाजपत नगर में महापंचायत हुई। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के बैनर तले हुई इस महापंचायत में कई हिन्दू संगठनों ने भी पहुंचकर समर्थन दिया। श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि ने कानून बनाने के लिए सात नवंबर से दिल्ली के जंतर-मंतर पर अनशन शुरू करने की घोषणा की है।

महापंचायत को संबोधित करते हुए यति नरसिंहानंद गिरि ने कहा, मुझे बिल्कुल भी विश्वास नहीं है कि मौजूदा सरकार ऐसा कोई कानून बना सकती है।

अगर ये मान भी लिया जाए कि सरकार कानून बना देगी तो भी सरकार उन लोगों को नहीं रोक सकती, जो अपनी जनसंख्या बढ़ाकर लोकतंत्र के माध्यम से इस देश पर कब्जा करना चाहते हैं। महामंडलेश्वर ने कहा, सीएए और कृषि सुधार अधिनियम पर देश विरोधी शक्तियों के दबाब में पीछे हटकर सरकार ने उन्हें बहुत साहस दे दिया है। अब वो अपनी भीड़ की शक्ति से इस कमजोर इच्छाशक्ति वाली सरकार को कहीं भी और कभी भी पीछे हटा सकते हैं।

दरअसल, जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के बैनर तले 29 अक्टूबर को सैकड़ों लोग यात्रा निकालते हुए पीएमओ दिल्ली तक जा रहे थे। गाजियाबाद में गाजीपुर बॉर्डर पर दिल्ली पुलिस ने इन्हें रोक दिया। सैकड़ों प्रदर्शनकारी इसके खिलाफ बॉर्डर पर ही धरना देकर बैठ गए। 29 अक्टूबर की रात पुलिस ने सभी को जबरन धरने से उठा दिया।

# जल्द से जल्द सारी समस्याओं का समाधान होगा : डा. महेश शर्मा





नोएडा। रविवार को डा. महेश शर्मा, सांसद गौतमबुद्ध नगर व पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार का 25 फूटा गली नं 21, सैक्टर -63, नोएडा के प्रिय क्षेत्रवासियों द्वारा भव्य सत्कार एवं स्वागत किया गया। माननीय सांसद जी ने सभी क्षेत्रवासियों का हार्दिक अभिनंदन किया। छठ घाट सेक्टर-4 स्थित गौर सिटी-1 सोसाईटी के प्रिय निवासियों से उनका कुशल क्षेम जाना।

उसके उपरान्त ''जनसंपर्क कार्यक्रम'' के तहत ग्रेटर नोएडा वेस्ट के विभिन्न सोसाईटी गौर सिटी-1, आम्रपाली लेजर पार्क टेकजोन -4, स्प्रिंग मीडोज, संस्कृति गार्डन, म्यू -2, म्यू-1, पार्श्वनाथ प्लेटिनम स्वर्ण नगरी, गुलमोहर स्टेट पॉकेट -ई, टूडेज होम किंग पार्क ओमेगा -1, ग्रेटर नोएडा आदि सोसाईटी के लोगों से आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चलाई जा रही विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। माननीय सासंद जी ने जनसंपर्क अभियान के तहत स्थानीय लोगो से संवाद किया और वहां के निवासियों ने माननीय सांसद जी का भव्य स्वागत किया तथा अपनी सोसाईटी की (सड़क की साफ-सफाई कराना, पार्क में झूला लगाना, सीवर की सफाई कराना, बिजली के तार जर्जर हो चुके है जिसे बदलवाना, पानी की टंकी की लाईन को बदलवाना, कामर्षियल शॉप की व्यवस्था कराना, बारात घर की व्यवस्था कराना, आदि) संबंधित समस्याओं के बारे में सांसद जी को अवगत कराया। माननीय सांसद जी ने कहा कि हम हमेशा आपके साथ है, और आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द सारी समस्याओं का समाधान कराने का हर संभव प्रयास करूंगा। उसके उपरान्त नोएडा के कम्युनिटी सेन्टर सैक्टर -23, एवं कम्युनिटी सेन्टर सैक्टर -56, नोएडा में दीवाली मिलन समारोह में सम्मिलित हुये।

इस कार्यक्रम में आर.के. पाण्डेय, सतेन्द्र पाल सिंह, सौरभ सिंह, राकेश शर्मा, मुक्तानंद शर्मा, प्रमोद बहल, मण्डल अध्यक्ष बब्लू यादव, हर्ष, रोहित कुमार, राजेश शर्मा, संतोष चौरसिया, मुकेश शर्मा, दीपक ठाकुर, राघवेन्द्र त्रिपाठी, कुमार रोहन, राजेष खन्ना, संजीव धामा, देवेन्द्र चौधरी, सांसद प्रतिनिधि संदीप शर्मा, अतुल पंडित आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# वन विभाग की एफआईआर में एल्विश यादव का नाम नहीं

## नोएडा पुलिस ने माना वांटेड नहीं है यूट्यूबर; सांपों के जहर की लखनऊ लैब में होगी जांच

नोएडा। बिग बॉस ओटीटी-2 के विनर और यूट्यूबर एल्विश यादव का नाम वन विभाग की एफआईआर में नहीं है। जबकि नोएडा पुलिस ने एल्विश के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शनिवार शाम को राजस्थान पुलिस ने एल्विश को पकड़ा। नोएडा पुलिस से संपर्क किया। इस पर नोएडा पुलिस ने कहा कि एल्विश वांटेड नहीं है। इसके बाद राजस्थान पुलिस ने एल्विश को छोड़ दिया।

वहीं तस्कर राहुल के पास से मिले 20 स्र्वेनम किस सांप के हैं। इसकी जांच के लिए लखनऊ लैब में भेजा जाएगा। जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में असल कीमत के बारे में पता चल



सकेगा। फिलहाल, नोएडा पुलिस पता लगा रही है कि आरोपी वेनम खुद निकालते थे या ये भी राजस्थान, झारखंड से तस्करी कर लाया जाता था। वहीं, नोएडा के सेक्टर-49 में थाना प्रभारी संदीप चौधरी ने एल्विश के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। उसे लाइन हाजिर कर दिया गया है।

वन विभाग के मुकदमे में सिर्फ पांच आरोपी हैं, जो मौके से पकड़े गए। इनमें मुख्य आरोपी राहुल है। उसके साथ ही टीटूनाथ, जयकरण, नारायण और रविनाथ को भी पकड़ा गया है। पीपल फॉर एनिमल के गौरव गुप्ता ने बताया कि एल्विश और उनके यूट्यूब साथियों के कई वीडियो वायरल हुए थे। हालांकि, वन विभाग की ओर से की गई एफआईआर में एल्विश का नाम नहीं है।

डीएफओ प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि वन विभाग साक्ष्य और मौजूद लोगों के आधार पर कार्रवाई करता है। मौके पर एल्विश नहीं था। इसलिए राहुल और बाकी जो लोग वहां मौजूद थे उन पर एफआईआर दर्ज की गई है। जांच की जा रही है। अगर एल्विश के खिलाफ साक्ष्य मिले तो ही उसका नाम एफआईआर में दर्ज किया जाएगा।

### बरामद सांपों की कीमत करोड़ों में

डीएफओ ने बताया कि पकड़े गए सांपों में एक अजगर, एक धामिन, दो दो मुंह वाले सांप और पांच कोबरा हैं। इनकी अंतरराष्ट्रीय मार्केट में कीमत करीब 5 करोड़ रुपए है। इन सांपों में सबसे महंगा सांप दो मुंह वाले हैं, जिनकी कीमत करीब 3 करोड़ है, जिसमें एक सांप की कीमत करीब डेढ़ करोड़ मानी जाती है।

# गाजियाबाद में आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस ने अयान कुरैशी नामक शख्स को हिरासत में लिया है। शनिवार को इसकी वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हुई। कई लाख लोगों ने ये वीडियो देखी। इसमें अयान एक धर्म विशेष को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहा है और अपनी सरकार आने पर बदला लेने जैसी धमकी दे रहा है।

एसीपी नरेश कुमार ने बताया, इस मामले में अयान कुरैशी निवासी रफीकाबाद के खिलाफ थाना मसूरी में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अयान को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। दरअसल, 1.56 मिनट के वीडियो में अयान कुरैशी ने कहा था- इंशा अल्लाह इस्लाम जिंदा था, जिंदा है और जिंदा ही रहेगा। ये क्या हैं हिन्दू, ये कीड़े-मकौड़ों की तरह मसल जाएंगे। कौन से देश में हैं हिन्दू? वो सिर्फ इंडिया तक ही सीमित हैं। सभी मीट फैक्ट्रियां हिन्दुओं की हैं। मुसलमानों का नाम जोड़कर उन्हें बंद कर रहे हो। प्रयागराज का नाम बदल दिया। तुम्हारी सरकार है तुम कुछ भी रख दो। जिस दिन सरकार हमारी आएगी, उस दिन सब सफा हो जाएगा। अयान कुरैशी ने ये भी कहा, मेरी मुर्गे की दुकान है। साल में छह महीने बंद रहती है। कभी करवाचौथ तो कभी कोई त्यौहार।

# यमुना एक्सप्रेसवे के नजदीक मिला अज्ञात महिला का शव

जेवर। दनकौर कोतवाली क्षेत्र में स्थित यमुना एक्सप्रेसवे के नजदीक रविवार शाम को एक अज्ञात महिला का संदिग्ध अवस्था में शव मिला है। जिसकी जानकारी होते ही सैकड़ो की संख्या में लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस इस मामले में विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, दनकौर पुलिस ने बताया कि रविवार की दोपहर सूचना मिली कि यमुना एक्सप्रेसवे के पास सालारपुर गांव के जंगल में अज्ञात महिला का शव पड़ा हुआ है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस का कहना है कि महिला की उम्र करीब 35 वर्ष के करीब है। जिसके शव को देखने से प्रतीत हो रहा है कि करीब 5 दिन पहले शव को यहां पर फेंका गया है।

वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि महिला की हत्या कर उसके शव को जंगल में अज्ञात आरोपियों ने फेंका है। जिसके शरीर पर चोट के काफी निशान पाए गए हैं। पुलिस और स्थानीय लोगों का कहना है कि यमुना एक्सप्रेसवे के रास्ते आरोपी यहां आकर शव को फेंक कर गए हैं। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के आधार पर भी मामले की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि महिला का शव सडी गली अवस्था में मिला है। जिसकी वजह से उसके चेहरे की पहचान भी ठीक प्रकार से नही हो पा रही है।

कोतवाली प्रभारी दनकौर संजय सिंह का कहना है कि महिला की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। जिसकी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद में मौत के कारणों का पता चल पाएगा। इस मामले को लेकर विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच की जा रही है। साथ ही महिला के फोटो को सोशल मीडिया पर भेज कर आसपास के जिलों से भी उसकी पहचान कराने में पुलिस टीम जुटी हुई है।

# ग्रेनो वेस्ट में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर प्रदर्शन

## लोगों ने सरकार से योजना बनाने की उठाई मांग, कहा- बच्चों और बुजुर्गों को ज्यादा खतरा



### पलायन कर रहे लोग

मिहिर गौतम ने कहा कि आँखों में जलन और सांस से सम्बन्धित समस्याओं के चलते लोगों ने पलायन करना शुरू कर दिया है। इस सम्बन्ध में अगर कोई एक्शन नहीं लिया गया तो इसके रोजगार के अवसर और एनसीआर की अर्थव्यवस्था पर दूरगामी परिणाम होंगे। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि सरकार ने अगर जल्द इस समस्या का समाधान नहीं किया तो यह आगे और ज्यादा बढ़ जाएगी। एनसीआर की हवा दमघोटु हो चुकी है और लोगों को बाहर निकलने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेनो वेस्ट के निवासियों ने बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर रविवार को विरोध प्रदर्शन किया। सरकार की निष्क्रियता के खिलाफ विरोध करने के लिए एक मूर्ति चौक पर भारी संख्या में लोग एकत्र हुए।

सामूहिक जिम्मेदारी के साथ एकजुट हुए नागरिकों ने वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर से निपटने के लिए एक प्रभावी योजना की मांग की ।दुमघोटु वायु प्रदूषण के लिए व्यापक उपायों की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया और तत्काल सरकारी हस्तक्षेप की आवश्यकता को रेखांकित किया।

नेफोवा के अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने एनसीआर के निवासियों पर प्रदूषित हवा के दुष्प्रभाव पर जोर दिया। उन्होंने इस तथ्य पर प्रकाश डाला कि बिगड़ती हवा की गुणवत्ता के कारण कई नागरिकों को आंखों में जलन और सांस लेने में कठिनाई होती है। अभिषेक कुमार ने सरकार को अपने लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण की रक्षा करने की अपनी जिम्मेदारी याद करने का आह्वान किया। उन्होंने एक मजबूत कार्य योजना के तत्काल कार्यान्वयन या प्रदूषण संकट से निपटने के लिए एक प्रभावी समाधान की शीघ्र तैयारी और निष्पादन का आह्वान किया।

### बच्चों को अधिक खतरा

एनसीआर पेरेंट्स एसोसिएशन के फाउंडर सुखपाल सिंह तुर ने बताया कि वायु प्रदूषण के कई प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों से वयस्क की तुलना में बच्चों को अधिक खतरा है। हमें उनके भविष्य की सुरक्षा के लिए वायु गुणवत्ता में सुधार बेहद जरूरी है। प्रदर्शनकारियों की एकजुट आवाज सड़कों पर गूंज रही थी, ये मांग करते हुए कि सरकार वायु प्रदूषण के गंभीर मुद्दे को दूर करने के लिए निर्णायक कदम उठाए।

उन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा के लिए तेज और प्रभावी उपायों के महत्व पर जोर दिया।

# संपादकीय

## ‘डबल इंजन सरकार’ की विफलता का सबब है मणिपुर की हिंसा

बीते पखवाड़े दो खबरें सुर्खियों में थीं : विश्व कप क्रिकेट के मैच और गाजा में इस्राइल की निरंकुश बमबारी। इनमें से पहली या दूसरी खबर के प्रति हमारे आकर्षण का ही नतीजा रहा कि एक दुखद घटनाक्रम से जुड़ी तिथि हमारे अनजाने ही निकल गई : मणिपुर हिंसा के छह महीने बीत गए। मणिुपर में हिंसा शुरू होने के कुछ महीने बाद मैंने द टेलीग्राफ में लिखा था, और एक वेबसाइट को इंटरव्यू देते हुए भी कहा था कि हमें इस हिंसा की गंभीरता समझनी चाहिए। अपने इस कॉलम में मैं मणिपुर संकट पर, शायद व्यर्थ ही, ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करूंगा, जो सातवें महीने में प्रवेश कर चुका है।

मणिपुर के प्रति मेरी उत्सुकता शुरुआत में एक इतिहासकार की उत्सुकता थी कि 1949 में स्वतंत्र भारत का हिस्सा बनने के बाद से उसकी अब तक की यात्रा कैसी रही है। मणिपुर के प्रति मेरी रुचि कुछ साल पहले उस राज्य की यात्रा करने पर बढ़ी, जब मैं उसके प्राकृतिक सौंदर्य, संगीत और नृत्य की उसकी समृद्ध परंपरा, वहां की स्त्रियों की स्वतंत्रता और तीन मुख्य नस्लीय समूहों– मैतेई, नगा कुकी और कुकी के एक दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धी संबंधों के बारे में देख–जानकर दंग रह गया। इतिहासकार और पर्यटक, दोनों ही भूमिकाओं में मैं मणिपुर में व्याप्त तनावों को देख पाया था, लेकिन वहां का मौजूदा संकट न सिर्फ अभूतपूर्व है, बल्कि सोचा भी नहीं गया था कि संकट यह रूप लेगा। पिछले कुछ महीनों से मैतेई और कुकी उग्रवादी एक दूसरे से दुश्मनों की तरह पेश आ रहे हैं। वहां जो हिंसा हुई, उसे ऑनलाइन और भी भीषण रूप दिया गया।

जैसा कि हम जानते हैं, गोदी मीडिया ने मणिपुर हिंसा के ब्योरों को छिपाया और उनकी अनदेखी की। सौभाग्य से कुछ स्वतंत्र वेबसाइटों ने हमें बताया कि वहां वास्तव में हो क्या रहा है। मैंने भी वहां रहने वाले अपने सहयोगियों के संपर्क में रहते हुए उनसे लगातार बातचीत की। मेरा यह विश्लेषण इन्हीं सबूतों के आधार पर है।

ऐसा नहीं है कि मई, 2023 से पहले राज्य में मैतेई और कुकी सौहार्दपूर्ण तरीके से रहते थे। उनका धर्म अलग है, ज्यादातर कुकी ईसाई हैं, जबकि अधिसंख्य मैतेई हिंदू हैं। कुकी पहाड़ों में रहते हैं, जबकि मैतेई का इंफाल घाटी में वर्चस्व है। मैतेई राजनेता जिस वर्चस्ववादी रवैये का प्रदर्शन करते थे, वह कुकियों को क्षुब्ध करता था। जबकि मैतेई शिकायत करते थे कि कुकियों को अनुसूचित जनजाति का जो दर्जा मिला हुआ है, उससे उन्हें नौकरी मिलने में आसानी होती है।

नस्लीय और धार्मिक हिंसा हमारे यहां आम है। इसके बावजूद हिंसा के स्तर और ध्रुवीकरण के कारण मणिपुर की हिंसा बेहद गंभीर है। स्वतंत्र विश्लेषकों द्वारा इकट्ठा किए गए सबूत बताते हैं कि इस हिंसा में कुकी को अपेक्षाकृत ज्यादा नुकसान हुआ, क्योंकि मैतेई समुदाय के पास सत्ता की ताकत है, पुलिस और नौकरशाही मैतेई राजनेताओं को ही रिपोर्ट करती है। इस विषमता से जुड़ा एक तथ्य यह है कि राज्य में, एक आंकड़े के मुताबिक, दो सौ से भी गिरजाघरों को ध्वस्त कर दिया गया है।

राज्य की इस बदहाली के लिए तीन लोगों को अपनी जवाबदेही स्वीकारनी ही चाहिए। इनमें से पहले हैं राज्य के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह, जो स्पष्ट रूप से मैतेई समुदाय के पक्ष में दिखे। बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार का वैचारिक पक्षपात इसकी प्रशासनिक अक्षमता से पूरी तरह मेल खाता दिखा है। द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, हिंसा शुरू होते ही राज्य सरकार ने उग्रवादियों को बड़ी मात्रा में हथियार लूटने की अनुमति ही नहीं दी, बल्कि प्रोत्साहित भी किया। हिंसा के छह महीने से अधिक हो चुके हैं, लेकिन लूटे गए हथियारों का मामूली हिस्से की ही बरामदगी हुई है।

## निर्यात पर जोर देने से बनेगी बात

विभिन्न क्षेत्रों के अभूतपूर्व योगदान की वजह से इस समय भारतीय अर्थव्यवस्था 37.5 खरब डॉलर तक पहुंच गई है और इसे 50 खरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य है। जाहिर है कि इसके लिए तेजी से प्रयास करने होंगे। भारतीय अर्थव्यवस्था निर्यातोन्मुखी होने के बजाय घरेलू खपत पर ज्यादा आधारित है। लेकिन चुनौती यह है कि भारतीयों की प्रति व्यक्ति आय को देखते हुए सिर्फ घरेलू खपत के बल पर इस लक्ष्य को हासिल करना मुश्किल है। इसके लिए एक ही रास्ता है कि निर्यात को जबर्दस्त ढंग से बढ़ावा दिया जाए। चीन की अर्थव्यवस्था एक समय हमारे बराबर ही थी, सिर्फ निर्यात के बूते वह हमसे कई गुना आगे बढ़ गया।

चीन ने अपने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सप्लाई चेन मैनेजमेंट का बेहतरीन उदाहरण पेश किया। बड़े–बड़े बंदरगाह, हवाई अड्डे और राजमार्ग बनाए। उसने न सिर्फ टेक्नोलॉजी का सहारा लिया, बल्कि नौकरशाही को भी चुस्त–दुरुस्त बनाया, ताकि निर्यात में कोई बाधा न आए। इसके बाद राजनीतिक प्रयास के जरिये उसने निर्यात के बड़े–बड़े ऑर्डर लिए। बड़े पैमाने पर उत्पादन के कारण चीन बहुत ही सस्ती दरों पर सामान बेचने में सक्षम हुआ, जिससे बहुत से देशों का घरेलू उत्पादन ठप हो गया, क्योंकि उन देशों में उत्पादित सामान कीमतों के मामले में चीनी सामान से टक्कर नहीं ले पाए। यह काफी हद तक भारत में भी हुआ और यहां भी हजारों छोटे कारखाने बैठ गए। इसलिए हमें अपना निर्यात बढ़ाने के लिए चीन से बहुत–सी चीजें सीखने की जरूरत है।


हमारे देश में बुनियादी ढांचों पर काफी काम हो रहा है। राजमार्ग तथा बंदरगाहों के विकास के साथ–साथ कई नए हवाई अड्डे भी बन रहे हैं, जिनसे माल की आवाजाही में आसानी होगी। भारतीय निर्यात संवर्धन परिषद के महानिदेशक तथा सीईओ डॉ. अजय सहाय बताते हैं कि हमें निर्यात का स्वरूप बदलना होगा और दुनिया भर के ट्रेंड को देखना होगा। यह टेक्नोलॉजी का जमाना है और हम जो निर्यात कर रहे हैं, वह परंपरागत है।

वह बताते हैं कि अब टेक्नोलॉजिकल सामान के निर्यात का बाजार बहुत बड़ा हो गया है और इनमें हमारा योगदान एक फीसदी का भी नहीं है, जबकि यह बाजार सात अरब डॉलर का है। इस दिशा में प्रयास करके हम अपना निर्यात काफी बढ़ा सकते हैं। इलेक्ट्रॉनिक पीएमआई में हमारा निर्यात बढ़ रहा है, मोबाइल फोन इसका बड़ा उदाहरण है। इसके अलावा फार्मा क्षेत्र में भी हम आगे हैं। यही नहीं, जो ग्लोबल कंपनियां भारत आना चाह रही हैं, वे यहां से निर्यात भी करेंगी। उनके भारत आने से निर्यात बढ़ेगा, जैसा कि ऑटोमोबाइल क्षेत्र में हम देख रहे हैं। फार्मा क्षेत्र में भी भारत का निर्यात बढ़ रहा है। अजय सहाय बताते हैं कि 14 सेक्टरों में प्रॉफिट लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) लागू है, जिससे उन क्षेत्रों को सहारा मिला। कुछ सेक्टरों में टैक्स ज्यादा है, लेकिन आने वाले समय में उसके कम होने के आसार हैं।

भारत कृषि उत्पादों का बड़ा निर्यातक देश है। हमारा कृषि का निर्यात बढ़कर 52 अरब डॉलर हो गया है। कृषि निर्यात को बढ़ाकर दोगुना किया जा सकता है। लेकिन इसके रास्ते में चुनौतियां बहुत हैं। भारत सरकार ने कीमतों पर नियंत्रण के लिए बासमती चावल, दालों, गेहूं, चीनी, लॉन्ग ग्रेन व्हाइट राइस वगैरह के निर्यात पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए हैं, जिससे हमारा निर्यात प्रभावित हो रहा है। आयातक अब वियतनाम, थाईलैंड, पाकिस्तान आदि से चावल खरीद रहे हैं। ताजा खबरों के अनुसार, सरकार नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड के जरिये 11 देशों को 12 लाख टन लॉन्ग ग्रेन राइस का निर्यात करेगी। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे छोटी राइस मिलों और निर्यातकों को काफी नुकसान उठाना पड़ेगा।

उधर अमेरिका और यूरोप चाह रहे हैं कि विश्व बाजार में चीन की जगह कोई दूसरा देश ले ले। यह भारत के लिए बड़ा अवसर है। कारोबार सुगमता सूचकांक में भारत ने अपनी स्थिति सुधारी है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थायी सरकार, स्थिर अर्थव्यवस्था और श्रमिकों की उपलब्धता भारत के पक्ष में हैं। इन सबसे भारत में कारोबार करना आसान है।

# भारतीय मुसलमानों पर ‘तिहाड़ी प्रवचन’



तनवीर जाफ़री




जिस टी वी चैनल ने ‘फ़तेह का फ़तवा’ नामक कार्यक्रम 2017 में प्रसारित किया था और उस कार्यक्रम का मुख्य ऐंकर पाकिस्तान मूल के कनाडाई लेखक तारिक फ़तेह को बनाकर इस्लाम पर तरह तरह के सच्चे–झूठे आरोप मढ़कर इस्लाम को बदनाम करने व साथ ही भारतीय हिंदू–मुस्लिम समाज को बांटने का प्रयास किया था उसी दौर में उसी टी वी चैनल के ऐंकर के रूप में एक %नफ़रती पत्रकार % ने समाज में केवल नफ़रत परोस कर स्वयं को अतिवादियों के चाहते के रूप में स्थापित कर लिया था। इनका पूरा नाम जानने के लिये गूगल में केवल %तिहाड़ी % शब्द टाइप करें आपको इनकी हक़ीक़त लेख ,समाचार और वीडीओ आदि सभी रूप में देखने,सुनने व पढ़ने को मिल जायेगी। झूठे समाचार देने,सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने,अपने ट्वीट डिलीट करने,अपने ही प्रसारित समाचारों का खंडन करने,पत्रकारिता को कलंकित करने से लेकर रिश्वत लेने और रिश्वत आरोपी के रूप में जेल जाने आदि तक में इनकी पूरी दक्षता है। टाई सूट वाले इस स्टूडियो पत्रकार को उच्च स्तरीय सुरक्षा मिली हुई है। आज किन्हीं कारणों से अपने उस पुराने टीवी चैनल को छोड़ कर अन्य चैनल में अपने उन्हीं विध्वंसक इरादों के साथ विभाजनकारी प्रवचन देते फिर रहे हैं।

भाजपा का आई टी सेल इनकी ऐसी झूठी,मनगढ़ंत और नफ़रत फैलाने वाली संक्षिप्त क्लिप को अपने राष्ट्रव्यापी ट्रोलर्स नेटवर्क में पोस्ट करता है। और झूठ और नफ़रत का यह बाज़ार इन जैसे तिहाड़ियों के झूठे व वैमनस्यपूर्ण प्रवचन से और भी ज़हरीला होता जा रहा है। पिछले दिनों तिहाड़ी की ऐसी ही एक क्लिप वाट्सएप यूनिवर्सिटी के माध्यम से मुझ तक भी पहुंची। 5 मिनट 12 सेकेंड की इस क्लिप में तिहाड़ी की शुरूआती टिपणी इन शब्दों में थी ----आज जिस तरह से भारत के बहुत सारे मुसलमान अपने देश का साथ देने के बजाय भारत का विरोध करने वाले मुस्लिम देशों का साथ दे रहे हैं उसका आभास देश के संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को आज से 77 वर्ष पहले ही हो गया था। इसलिये आज आप हमारी यह बात ज़रूर ध्यान से सुनियेगा क्यूंकि जो आज आपके दिमाग़ में चल रहा है वह डा भीम राव आंबेडकर के दिमाग़ में 77 साल पहले चल रहा था%। इस टिप्पणी के बाद तिहाड़ी ने डॉ अंबेडकर द्वारा वर्ष 1945 में %पाकिस्तान और भारत का विभाजन% नामक लिखी पुस्तक के कुछ अंशों का ज़िक्र करते हुये और डॉ आंबेडकर के मुस्लिम जगत के बारे में व्यक्त विचारों में अपने ज़हरीले शब्दों का तड़का लगाते हुये यह साबित करने के लिये अपना पूरा ज़ोर लगा दिया कि भारतीय मुसलमान भरोसे के लायक़ नहीं। इनके लिये जिहाद पहले है,इनका भाईचारा केवल मुसलमानों के लिए है अन्य के लिये नहीं। भारत के मुसलमान भारत को इस्लाम का नहीं,युद्ध का घर मानते हैं और भारत के मुसलमान कभी भी अपने देश के लिये ईमानदार साबित नहीं होंगे।अगर विदेशी मुस्लिम ताक़तें जिहाद की घोषणा करना चाहती हैं तो इसमें भारत के मुसलमान उनकी सहायता भी कर सकते हैं। भारत के मुसलमान सिर्फ़ जिहाद की घोषणा ही नहीं कर सकते बल्कि उसकी सफलता के लिये विदेशी इस्लामिक ताक़तों की मदद भी ले सकते हैं।% आदि आदि। बीच बीच में %तिहाड़ी% यह सफ़ाई भी देते रहे कि -%भारत के मुसलमानों के लिये यह विचार डॉ आंबेडकर के थे ,हमारे नहीं %। डॉ अंबेडकर की इसी %पाकिस्तान और भारत का विभाजन% नामक पुस्तक का हवाला देते हुये तिहाड़ी ने आगे बताया कि -%मुसलमानों के भाईचारे का फ़ायदा सिर्फ़ उनके अपने लोगों को ही मिलता है और जो ग़ैर मुस्लिम हैं यानी हिन्दू हैं उनके लिये सिर्फ़ घृणा और शत्रुता ही बची है। मुसलमानों की वफ़ादारी उस देश के लिये नहीं होती जहाँ वह रहते हैं ,बल्कि उनकी वफ़ादारी उस धर्म के लिये होती है जिसका वे पालन करते हैं। और मौजूदा परिस्थिति में अंबेडकर की यह बातें बिल्कुल फ़िट बैठती हैं। यही बात भारत के मुसलमानों के साथ भी है वे शायद इसे अपनी मातृभूमि नहीं मानते और हमसे हज़ारों किलोमीटर दूर जो मुसलमान बैठे हैं उन्हें अपना भाई समझते हैं।% फिर तिहाड़ी अपनी टिप्पणी में जोड़ते हैं - ये इतिहास है ,यह सिद्धांत है और इसीलिये मैंने आपसे कहा कि अब यह एक धर्मयुद्ध बन चुका है -यह धर्म 57 देशों के 190 करोड़ मुसलमानों को एकजुट कर रहा है लेकिन उसी आधार पर यदि हम भारत के सौ करोड़ हिन्दुओं की बात करें तो वह आज भी बंटे हुये है क्यूंकि उनका धर्म उन्हें एक रहने पर मजबूर नहीं करता।

तिहाड़ी का यह शोध उनकी ज्ञान वर्धक टिप्पणी के साथ आज के उस दौर में वायरल हो रहा है जबकि इज़राईल, फ़िलिस्तीन पर हमलावर है और दक्षिणपंथियों को छोड़कर पूरा विश्व इज़राईली नरसंहार की घोर आलोचना कर रहा है। ऐसे में भारतीय मुसलमान ही नहीं बल्कि लगभग पूरा विश्व व भारतीय विपक्ष फ़िलिस्तीनियों के प्रति हमदर्दी जता रहा है।

ख़ुद भारत सरकार भी फ़िलिस्तीनियों के प्रति हमदर्दी का इज़हार करते हुये वहां सहायता सामग्री भेज चुकी है। रहा सवाल डॉ आंबेडकर द्वारा इस्लाम धर्म पर उनके विचार व्यक्त करने का तो वे एक स्वतंत्र विचारक थे। उन्हें अपने अध्ययन के अनुसार अपनी बात कहने या निष्कर्ष निकालने का पूरा हक़ था। दुनिया का कोई भी धर्म ऐसा नहीं जिसमें आलोचना की गुंजाईश न हो। परन्तु %मिस्टर तिहाड़ी % अपनी नमक मिर्च वाली टिपण्णी के माध्यम से मुसलमानों ख़ासकर भारतीय मुसलमानों के प्रति जो नकारात्मक नरेटिव गढ़ना चाहते हैं वह ज़रूर पूरी तरह से एक नियोजित शरारतपूर्ण राजनैतिक साज़िश प्रतीत होता है।

तिहाड़ी उस देश के मुसलमानों के प्रति संदेह पैदा कर रहे हैं जिस देश में बहादुर शाह ज़फ़र,टीपू सुल्तान,बदरुद्दीन तैयबजी, मौलाना अबुल कलाम आज़ाद, हकीम अजमल ख़ान , रफ़ी अहमद क़िदवई ,ख़ान अब्दुल ग़फ़्फ़ार ख़ान , मौलाना हुसैन अहमद मदनी,मौलाना मज़हरूल हक़,अशफ़ाक़ उल्ला ख़ान, बेरिस्टर आसिफ़ अली, जनरल शाहनवाज़ ख़ान , डॉ ज़ाकिर हुसैन, डॉ फ़ख़रुद्दीन अली अहमद, यूसुफ़ मेहर अली जैसे अनेकानेक स्वतंत्रता सेनानी दिये ? भारतीय सेना के प्रमुख मुस्लिम नायकों में ब्रिगेडियर उस्मान जिन्होंने 1948 में कश्मीर की रक्षा करते हुये शहादत पाई और महावीर चक्र प्राप्त किया। इसी तरह परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद जिनपर भारतीय सेना को गर्व है इन नायकों को तो तिहाड़ी थेऊरी के अनुसार हिंदुस्तान नहीं बल्कि पाकिस्तान की तरफ़ से भारत के विरुद्ध जिहाद करना चाहिये क्यूंकि पाकिस्तान एक मुस्लिम बाहुल्य देश है ? भारत रत्न डॉ कलाम की राष्ट्र के प्रति सेवाएं भी फिर तो इस तिहाड़ी पत्थरकार की नज़रों में नगण्य हैं ?मुसलमानों के भाईचारे का जहाँ तक सवाल है तो वह हैदराबाद के निज़ाम मीर उस्मान अली ख़ान ही थे जिन्होंने 1965 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को 5,000 किलो सोना राष्ट्रीय रक्षा कोष में 5 हज़ार किलो सोना दान में दिया था। आज भी देश का कोई सबसे बड़ा दानी उद्योगपति है तो वह अज़ीम प्रेमजी हैं।

देश को तो दरअसल इन जैसे ज़हर फैलाने वाले स्वयंभू स्टूडियो पत्रकारों से बचने की ज़रुरत है। जो डॉ आंबेडकर का नाम लेकर अपना एजेंडा प्रसारित करते हैं। डॉ आंबेडकर ने इस्लाम धर्म के बारे में क्या कहा इससे बड़ा सवाल है कि उन्होंने हिन्दू धर्म का त्याग क्यों किया ? उनकी हिन्दू धर्म त्यागने के समय जो प्रसिद्ध 22 प्रतिज्ञाएँ थीं वह क्या थीं और क्यों थीं ? उन्होंने किन कारणों से मनुस्मृति को जलाकर अपना विरोध व्यक्त किया था ? रहा सवाल मुस्लिम जगत की एकता का ,तो यह तो ख़ुद मुसलमानों के लिये दूर की कौड़ी है।

आज पूरे विश्व में सबसे अधिक मुसलमान देश ही मुस्लिम देशों से या तो लड़ रहे हैं या एक दूसरे के विरुद्ध साज़िश का हिस्सा हैं। भारतीय मुसलमसानों की वफ़ादारी के सुबूत पोर्टब्लेयर की जेल में पत्थरों पर खुदे सैकड़ों नामों और इंडिया गेट पर पत्थरों पर उकेरे नामों से समझा जा सकता है। अंबेडकर के नाम पर अपना अर्धज्ञानपूर्ण विध्वंसकारी फ़लसफ़ा बघारना भारतीय मुसलमानों पर तिहाड़ी प्रवचन के सिवा और कुछ नहीं।

## एक आदमी हर आदमी को ख़ुश नहीं कर सकता



डॉ. नन्दकिशोर साह

सुबह से रात तक ऑफिस में काम, काम और सिर्फ काम। टारगेट पूरा करना, घर की चिंता, लोन वापसी, किस्त भरना, भाई- बहनों, बच्चों की फीस जमा करनी है, कमरे की सफाई, ढेर सारे कपड़े व बर्तन थोने, दोस्तों/रिश्तेदारों की परवाह, उन्हें बीच–बीच में फोन करना, मैसेज का जवाब देना, वरना नाराज हो जायेंगे। गाड़ी की सर्विसिंग और न जाने क्या–क्या हम सभी ने अपने ऊपर ढेर सारी जिम्मेदारियां ओढ़ ली हैं। कई बार ये खुद पर इतनी हावी हो जाती है कि दिल करता है, कहीं दूर चले जाए। फोन बंद कर दे। किसी को नजर ही नहीं आए, लेकिन हम कर कुछ नहीं पाते।

रीना भी कुछ ऐसी ही लड़की है। वह हमेशा मुस्कुराती रहती है, इस डर से कि कहीं दूसरों को पता न चल जाये कि उसे कितनी सारी तकलीफें व दुख हैं। हो सकता है कि लोग उसे दुखी आत्मा पुकारने लगें और उससे धीरे-धीरे दूर चले जायें।

वह किसी का कोई काम न कर पाये या उन्हें खुश न कर पाये, तो हो सकता है कि कोई अपना नाराज हो जाये। इन्हीं सब चिंताओं में घिरी वह सभी को खुश करने के लिए जी–जान से लगी रहती है और खुद को दुखी करती जाती है। वह हमेशा चेहरे पर एक दिखावटी मुस्कुराहट बनाये रखती है।

दुख कई बार भीतर इतना बढ़ जाता है कि कभी–कभी वह उसकी आंखों में से छलक पड़ता है। कई सालों से इसी तरह व्यवहार करने की वजह से उसे गंभीर बीमारी ने घेर लिया है और अब उसका इलाज चल रहा है।

हम में से कई ऐसे लोग हैं, जो खुद से ज्यादा दूसरों की चिंता करते हैं और अपनी सेहत गिराते हैं।

कई बार हम अपनी क्षमताओं से आगे बढ़ कर लोगों के लिए कुछ करते हैं और सोचते है कि कम–से–कम सामने वाला थैंक्यू तो कह दें। हम उसे बता भी नहीं पाते कि हमने कितनी मुश्किलों से उसे खुश करने के लिए जोखिम उठाया है। हम खुद को परेशानी में डाल कर, समय निकाल कर दूसरों की खुशी के लिए विभिन्न तरह की चीजें करते हैं, आधी रात को उठ कर लोगों की मदद करते हैं। ऑफिस से छुट्टी ले कर उनका काम करते हैं।

बीमार होने के बावजूद उनके सारे मैसेज का जवाब देते हैं। आखिर क्यों हम ये तकलीफें सहते हैं ?

दूसरों को हमेशा खुश रखने की इच्छा रखना पागलपन है। एक आदमी हर आदमी को खुश नहीं कर सकता है। सभी को खुश रखने वाला रोबोट बनने की कोशिश करेंगे, तो अपनी सेहत गिरायेंगे। सबसे पहले अपने लिए जीना सीखे। खुद की खुशी का ध्यान पहले रखें। बार–बार अपनी खुशियां मार कर जीना भी कोई जीना है?

## आंखों ही आंखों में मुस्कुरा देना तुम

हर एहसास दिल में न दबा देना तुम,
होठों से जरा तिरछा मुस्कुरा देना तुमद्य

ये तो दिल की लगी है, न घबराना,
आंखों ही आंखों में मुस्कुरा देना तुम।

नया नया रूप है तुम्हारे जीवन का,
न सम्भले तो बहक न जाना तुम।

आ जाओ जरा सूरज की रोशनी में,
भले रातों में चांदनी सा बन जाना तुम,

रातों के टिमटिमाते जुगनू हैं हम,
हमें राह दिखाता सितारा बन जाना तुम।

हमे देख छुपने की अदा बड़ी प्यारी,
सामने आओ तो,पलकें झुका देना तुम।

जज्बातो के एहसास पुराने हमारे,
दुनिया के लब्जों से टूट न जाना तुम।

कोशिशों से कई,दीदार होता है तेरा संजीव,
बीच राहों में अकेला,न छोड़ जाना तुम।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# इजराइल-हमास युद्ध - अमेरिका अचानक मानवीय युद्ध विराम पर जोर देने के पक्ष में हैं



अमेरिका में 2024 के राष्ट्रपति चुनाव का गणित - इजराइल हमास, रूस-यूक्रेन युद्ध के प्रभाव का आंकलन

अमेरिका का हर संभव यह प्रयास करने की प्रतिबद्धता है कि सभी नागरिकों की सुरक्षा की जाए - एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर हर लोकतांत्रिक देशों में पक्ष और विपक्ष द्वारा अपनी हर राजनीतिक रणनीति अपने और पार्टी के चुनावी हित को देखकर बनाना लाजमी है, क्योंकि चुनावी गणित जब जात धर्म भाषा यहां तक कि किसी देश को किस मुद्दे पर समर्थन असमर्थन यूएन में वोटिंग अब्सेंट अरगुमेंट किन्हीं देश के आपसी तनातनी या युद्ध से कोई बचाव या समर्थन की इसकी चुनावी गणित का देखते हुए करना लाजमी भी है, क्योंकि अगर अपनी सरकार को बनाए रखना है या विपक्ष को सरकार पर काबिज होना है तो यह खेला खेलना ही पड़ता है ताकि उनके देश में लाखों ऐसे वोटरान होते हैं जो इन्हीं मुद्दों से प्रभावित हो सकते हैं जिसे अपने पक्ष में समर्थन के लिए तैयार किया जा सकता है, दूसरों शब्दों में उन्हें विशेष कैटेगरी के वोटरों को नाराज नहीं करना है जो उन्हें अपना समर्थन देते हैं।हम अभी भारत में पांच राज्यों में चुनाव संबंधी हो रही पीएम और मुख्यमंत्रीयों की रैलियों में देख रहे हैं कि किस तरह सदा हुआ नपा तुला बयान भ्रष्टाचार व अन्य विवाद, आरोपो, मुद्दों आरोपी पर बयान दे रहे हैं ताकि कोई वोटरों का बिखराव ना हो परंतु उनके लिए ही कंट्रास्ट भी किया जा रहे हैं, मसलन अगर 1 वर्ष में 13.5 करोड़ नागरिक गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं तो दूसरी तरफ अगले 5 वर्षों तक फ्री राशन देने की घोषणा की जा रही है ठीक उसी तरह कंट्रास्ट अभी अमेरिका में भी हो रहा है, भारत कनाडा विवादों में उसका मूल कारण हम मीडिया में पढ़ चुके हैं,जहां एक ओर अमेरिकी राष्ट्रपति इजरायल हमास युद्ध में इसराइल को अपनी रक्षा के अधिकार में हमास पर ताबड़तोड़ हमलों को जायज बताया था और पूरी रक्षा सामग्री उपलब्ध कराई है तो वहीं कंट्रास्ट में दूसरी ओर दिनांक 3 नवंबर 2023 को विदेश मंत्री दूसरी बार इजराइल गए हैं जो संभावित है वहां मानवीय युद्ध विराम पर जोर दे रहे हैं, क्योंकि अमेरिकी अरबी नागरिकों की नाराजी चुनाव में इतनी भारी पड़ सकती है। चूंकि अमेरिका अचानक मानवीय युद्ध विराम पर जोर देने लगा है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अमेरिका का हर संभव प्रयास करने की प्रतिबद्धता है कि सभी नागरिकों की सुरक्षा की जाए।

साथियों बात अगर हम अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव मेइसराइल हमास युद्ध से चुनावी चिंतन की करें तो, अरब अमेरिकी मतदाताओं ने इज़राइल के लिए बाइडेन के निरंकुश समर्थन की आलोचना की है।

फॉरेन पॉलिसी ने एक हालिया सर्वेक्षण का हवाला देते हुए बताया कि बाइडेन को 2020 में लगभग 59 प्रतिशत अरब अमेरिकियों का समर्थन मिला, जो अब घटकर सिर्फ 17 प्रतिशत रह गया है। लेकिन इस पर बाद में और अधिक जानकारी आई कि एपी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के दक्षिण फ्लोरिडा में रब्बी और यहूदी नेता समुदाय के सदस्यों को इजराइल का भरपूर समर्थन करने के लिए सांसदों को बुलाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं, क्योंकि यह अपना आक्रामक रुख बढ़ा रहा है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति और रिपब्लिकन नेता डोनाल्ड ट्रम्प ने 2020 के राष्ट्रपति चुनावों में फ्लोरिडा में जीत हासिल की। एपी वोटकास्ट के अनुसार, राष्ट्रीय स्तर पर, 30 प्रतिशत यहूदी मतदाताओं ने ट्रम्प का समर्थन किया, फ्लोरिडा के लगभग 43 प्रतिशत यहूदी मतदाताओं ने उनका समर्थन किया। एपी के अनुसार कि अगर फ्लोरिडा को एक बारहमासी प्रतिस्पर्धी राज्य के रूप में अपनी स्थिति फिर से हासिल करनी है, तो यहूदी मतदाता बाइडेन के इज़राइल–हमास युद्ध से निपटने को किस तरह से देखते हैं, यह महत्वपूर्ण होगा। 2020 में बाइडेन की व्हाइट हाउस जीत सुनिश्चित करनेवाले प्रमुख राज्योंमें से एक था।2024 के राष्ट्रपति चुनावों से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए भी एक चुनावी चिंता का विषय है। मिशिगन में डेमोक्रेट्स ने व्हाइट हाउस को चेतावनी दी है कि इजरायल हमास युद्ध से निपटने के कारण बाइडेन महत्वपूर्ण अरब अमेरिकी समुदाय के भीतर उनके समर्थन को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

साथियों बात अगर हम दिनांक 3 नवंबर 2023 को विदेश मंत्री की इजराइल दौरे के कारणों पर कयास लगाने की करें तो, संयुक्त राज्य अमेरिका के एक शीर्ष राजनयिक गाज़ा युद्ध में मानवीय विराम के लिए पश्चिम एशियाई देश पर दबाव डालने के लिए इज़राइल में हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री ने एक महीने में पश्चिम एशिया की अपनी दूसरी यात्रा पर 3 नवंबर को तेल अवीव में इजरायल के प्रधान मंत्री से मुलाकात की। उनकी यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा हाल ही में कहे जाने के बाद हो रही है कि हमास के साथ इजरायल के युद्ध में मानवीय विराम होना चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने मिनेसोटा में एक धन संचयन कार्यक्रम में कहा कि एक विराम का मतलब कैदियों को बाहर निकालने के लिए समय देना है। इज़राइल की अपनी यात्रा से पहले ब्लिंकन ने कहा कि वह संघर्ष में नागरिकों की सुरक्षा के लिए ठोस कदमों पर चर्चा करेंगे। मीडिया न्यूज ने उनके हवाले से कहा कि हमने हाल के दिनों में देखा है कि फिलिस्तीनी नागरिकों को इस कार्रवाई का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है और यह महत्वपूर्ण है कि संयुक्त राज्य अमेरिका यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास किया जाए। ब्लिंकन इज़राइल को लड़ाई में विराम के लिए मनाने की कोशिश कर रहे हैं, इजरायली सैनिकों ने गाजा शहर को घेर लिया है, जिसे पश्चिम एशियाई राष्ट्र हमास के सैन्य बुनियादी ढांचे का केंद्र कहते हैं। इसके अलावा, युद्ध के शुरुआती दिनों में इज़राइल को अपना निर्बाध समर्थन देने के बाद, अमेरिका ने अब अपना सुर क्यों बदल लिया है ?

साथियों बात अगर कर हम इसराइल–हमास युद्ध में राष्ट्रपति की प्रारंभिक प्रतिक्रिया की करें तो, 7 अक्टूबर को पश्चिम एशियाई राष्ट्र पर हमास के आश्चर्यजनक हमले के बाद अमेरिका ने इज़राइल के अपनी रक्षा के अधिकार पर जोर दिया। बाइडेन ने उस समय कहा था कि हम इज़राइल के साथ खड़े हैं। और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि इजराइल के पास अपने नागरिकों की देखभाल करने, अपनी रक्षा करने और इस हमले का जवाब देने के लिए वह सब कुछ है जो उसे चाहिए।

दूसरी ओर, संघर्ष में फिलिस्तीनी नागरिकों की रक्षा के लिए उनका आह्वान मौन था। अमेरिका ने यह भी कहाथा कि वह इज़राइल को अपना सैन्य समर्थन बढ़ा रहा है, यहूदी राष्ट्र को वायु रक्षा क्षमताएं और युद्ध सामग्री प्रदान कर रहा है। पश्चिम एशिया में अन्य देशों या उग्रवादी समूहों को युद्ध में शामिल होने से रोकने के लिए अमेरिका ने गाइडेड–मिसाइल क्रूजर से लैस एक विमानवाहक पोत को इज़राइल के निकट जल क्षेत्र में भेजा था। जैसे ही इज़राइल द्वारा लगातार जवाबी हवाई हमलों के कारण गाजा में हताहतों की संख्या बढ़ी, अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने मारे गए फिलिस्तीनियों की कथित संख्या पर भी संदेह जताया।

## शार्ट न्यूज

### सोनभद्र : राष्ट्रीय पक्षी मोर की हत्या

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के रायपुर थाना क्षेत्र में एक महिला ने रविवार को राष्ट्रीय पक्षी मोर को लाठी डंडे से पीट पीटकर मार डाला जिससे पूरे गांव में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारियों ने मृत मोर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पशु चिकित्सालय भेज दिया है। वनकर्मियों के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आरोपी महिला के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग के सूत्रों के अनुसार रायपुर थाना क्षेत्र के दुबेपुर निवासी जयप्रकाश ने एक मोर कई वर्षों से पाल रखा था। मोर हमेशा इसी के घर के आसपास रहता था। आज जयप्रकाश का किसी बात को लेकर पड़ोस की एक महिला से विवाद हो गया। विवाद के बाद आरोप है कि महिला ने डंडे से पीट पीटकर मोर को मारा जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद सूचना तत्काल रायपुर थाना एवं वन विभाग के माची रेंज के कर्मचारियों को दे दी गई। मौके पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारियों ने मृत मोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए पशु चिकित्सालय भेज दिया। वनकर्मियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सोनभद : अनपरा तापीय परियोजना के डिस्चार्ज पानी में बहे पति-पत्नी की मौत

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में स्थित अनपरा तापीय परियोजना से निकलने वाले डिस्चार्ज पानी में संदिग्ध परिस्थितियों में डूबे पति-पत्नी के शव रविवार को निकाले गये। पुलिस सूत्रों के अनुसार अनपरा थाना क्षेत्र के डिबुलगंज धरिकार बस्ती निवासी दिलीप (19) और उसकी पत्नी धनवंती देवी (18) शनिवार की शाम अनपरा परियोजना के छटघाट पर गए थे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान धनवंती नहाने के लिए पानी में उतर गई। कुछ देर बाद वह डूबने लगी। उसे बचाने के लिए दिलीप ने भी छलांग लगा दी। देखते ही देखते दोनों लापता हो गए। इसकी सूचना घर वालों को हुई तो वे भी पहुंच गए। डिस्चार्ज चैनल से लेकर रिहन्द जलाशय तक दोनों को ढूंढ़ने के लिए खूब मशक्कत हुई लेकिन अंधेरे में कुछ पता नहीं लग सका। रविवार की सुबह स्टीमर व बोट की सहायता से दोनों की शव की एक बार फिर खोज शुरू हुई। दोपहर लगभग दो बजे दोनों के शव रिहन्द जलाशय में उतराए मिले। दिलीप के पिता जगत धरिकार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मई माह में दोनों ने प्रेम विवाह किया था। फिलहाल पुलिस दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही हैं।

### गंगा में डूबे दो युवक शवों की तलाश जारी

भदोही। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के सीतामढ़ी गंगा घाट पर शनिवार की रात घुमने गए तीन युवकों में दो नदी में डूब गये हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शनिवार की रात कोईरौना थाना क्षेत्र के सीतामढ़ी गंगा घाट पर बने पीपापुल पर घूम रहे तीन युवकों में सीतामढ़ी नारेपार निवासी आकाश पांडेय (21) व टेला प्रयागराज निवासी विष्णु सिंह (24) डूब गये हैं। बताया जाता है कि आकाश पांडेय पुत्र मनोज पाण्डेय निवासी नारेपार सीतामढ़ी, विष्णु सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी ठेला, प्रयागराज अपने साथी ऋषभ सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी बारीपुर के साथ निर्माणाधीन पीपापुल पर घूम रहे थे। साथी ऋषभ सिंह ने बताया कि पुल पर थोड़ी दूर जाने के बाद आकाश व विष्णु ने गंगा नहाने की इच्छा प्रकट की। ऋषभ के मना करने के बाद भी गंगा नदी में कूद पड़े। रात के अंधेरे में कुछ दिखाई नहीं पड़ रहा था। उसने बताया कि बार-बार वह चिल्लाता रहा कि बाहर निकल जाओ। तब आकाश बोला हम डूब रहे हैं, हमें बचा लो। थोड़ी दूर पर मौजूद कुछ लोग शोर शराबा सुनकर जब तक घटनास्थल पर पहुंचते कि दोनों गहरे पानी में समा चुके थे। रविवार को सुबह होने पर स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवकों के शव की तलाश की गई, लेकिन कुछ अतापता नहीं लगा।

### फर्रुखाबाद : ट्रेन में अवैध विस्फोटक आतिशबाजी ले जा रहा अभियुक्त गिरफ्तार

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में पूर्वोत्तर रेलवे फतेहगढ़ आरपीएफ ने कानपुर से फर्रुखाबाद आने वाली एक ट्रेन से , आज लगभग 20 हजार रूपये की ज्वलनशील विस्फोटक आतिशबाजी लाने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। आरपीएफ सूत्रों के हवाले से आज मिली जानकारी के अनुसार पूर्वोत्तर रेलवे फर्रुखाबाद आरपीएफ थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में आगामी दीपावली त्यौहार के मद्देनजर सभी ट्रेनों एवं यात्रियों की पूर्ण सुरक्षा -संरक्षा के लिए आरपीएफ की स्पेशल संरक्षा टीमें गठित की गई ।पिछले सप्ताह से आरपीएफ की गठित संरक्षा टीमों द्वारा विभिन्न स्टेशनों एवं ट्रेनों से आगामी दीपावली के लिए ज्वलनशील विस्फोटक आतिशबाजी लाने वालों की धरपकड़ के लिए विशेष सघन चेकिंग अभियान शुरू किया गया है। फतेहगढ़ स्टेशन आरपीएफ उप निरीक्षक प्रवीण कुमार ने अपने दलबल के साथ कानपुर अनवरगंज से फर्रुखाबाद आ रही ट्रेन 05343 के जनरल कोच संख्या 073713 में चेकिंग अभियान के दौरान फर्रुखाबाद जिले के फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के दुर्गा कॉलोनी निवासी सुरेश चंद को एक बड़े बैग में विभिन्न प्रकार के भारी मात्रा मे अनुमानित 20 हजार रूपये की कीमत के विस्फोटक ज्वलनशील पटखों के साथ गिरफ्तार किया।

### दो नाबालिग वाहन चालकों के अभिभावकों पर लगा 25-25 हजार का जुर्माना

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में यातायात विभाग ने नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है और इसी क्रम में आज दो नाबालिग बच्चों के वाहन चलाने पर अभिभावकों पर 25-25 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया। यातायात निरीक्षक जी डी शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि जिलाधिकारी अनुज कुमार झा द्वारा गत दिवस सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में नाबालिगों द्वारा सड़कों पर वाहन चलाते हुए पाए जाने पर उनके अभिभावकों पर 25000 का जुर्माना लगाए जाने के आदेश दिये गये थे। उक्त आदेश के अनुपालन में आए दिन लगभग दो से तीन नाबालिगों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है, जिस पर उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनका चालान करने के साथ ही अभिभावकों पर जुर्माना भी लगाया जा रहा है। शुक्ला ने बताया कि 02 नाबालिग वाहन चालकों का चालान काटने के साथ ही उनके अभिभावकों पर 25000 का जुर्माना लगाया गया। अत: अभिभावकों से अपील की जाती है कि आदेश को गंभीरता से ले अन्यथा नाबालिगों द्वारा सड़कों पर वाहन चलाए जाने एवं यातायात नियमों के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर अभिभावक स्वयं उत्तरदायी होंगे।

### मकान निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद

जालौन। जालौन में मकान निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि उनके बीच जमकर लाठी डंडे चले। इस दौरान दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। मारपीट को देख वहां मौजूद लोगों ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। मामला कोंच कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मोहल्ला गोखले नगर का है। राजेंद्र विश्वकर्मा पुत्र स्वर्गीय प्रियाशरण विश्वकर्मा रविवार को अपने मकान का निर्माण कर रहा था और उसके परिवार के लोग मकान निर्माण के कार्य में लगे थे। तभी पड़ोस में रहने वाले हरिमोहन कुशवाहा, लला कुशवाहा, बबलू सिंह पुत्रगण खचेरे और ढोकल पुत्र मुन्नीलाल कुशवाहा निवासीगण गोखले नगर एक राय होकर मकान निर्माण का कार्य रोकने के लिए हमलावर हो गए और मारपीट करने लगे। इस हमले को देखते हुए राजेंद्र की तरफ से भी लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान दोनों पक्षों की तरफ से जमकर लाठी-डंडे और लात घूसे चले। इस दौरान महिलाएं भी मारपीट करने में पीछे नहीं रही। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों की तरफ से आधा दर्जन लोग घायल हो गए। इस मारपीट और विवाद को देखते हुए वहां मौजूद लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। राजेंद्र विश्वकर्मा की तरफ से दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अपने पुश्तैनी मकान का निर्माण कर रहा था। तभी हरि मोहन कुशवाहा अपने परिजनों के साथ मिलकर हमलावर हुए हैं।

# यूपी में बनाए जाएंगे 35 नये बाल आश्रय गृह

**मुख्यमंत्री बाल आश्रय योजना के अंतर्गत 400 करोड़ रुपए प्रस्तावित**

लखनऊ। घर से भागे हुए, गुमशुदा, तस्करी किये गये, कामकाजी, बाल भिखारियों, मादक द्रव्यों के सेवन करने वाले बच्चों की देखभाल के लिये योगी सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से प्रदेश के 18 मंडल मुख्यालयों समेत 19 जनपदों में 35 नये आश्रय गृहों का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए शासन स्तर पर कवायद तेज हो गई है। विभाग की ओर से इसके लिए 400 करोड़ की धनराशि प्रस्तावित है। योगी सरकार प्रदेश के बच्चें को सर्वोच्च राष्ट्रीय संपत्ति मानकर उनके लिए संवेदनशील ईको सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि प्रदेश के निराश्रित और अभावग्रस्त बच्चों के लिए स्वस्थ और खुशहाल बचपन सुनिश्चित कराया जाए।



### सभी मंडलों में होगा सभी श्रेणियों का कम से कम एक गृह

दरअसल, किराये और राजकीय भवनों में संचालित बाल आश्रय भवनों में से अधिकांश की स्थिति संतोषजनक नहीं है।

जर्जर भवनों, तंग कमरों, भवनों में खुली हवा व क्षमता के सापेक्ष मूलभूत ढांचों का अभाव देखते हुए सरकार नये आश्रय स्थलों का निर्माण कराने जा रही है। यहां खुले हवादार कमरे, योग, व्यायाम, खेलकूद, बागवानी आदि के लिए खुले मैदान होंगे तो चाइल्ड केयर होम, ऑब्जर्वेशन होम, न्याय बोर्ड, सुप्रीटेंडेंट एवं वॉर्डन के आवास की भी सुविधा होगी।

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बालिकाओं के लिए 12 बाल गृह, बालकों के लिए 1 बाल गृह, शिशुओं और विशेषज्ञ दत्तकग्रहण यूनिट के लिए 6 बाल गृह, किशोरों के लिए 11 संपेक्षण गृह व 5 इंटीग्रेटेड होम का निर्माण प्रस्तावित है। योगी सरकार प्रदेश के सभी मंडलों में सभी श्रेणियों का कम से कम एक गृह संचालित करेगी।

### अभी सात हजार बच्चों की हो रही देख-रेख

हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से विस्तृत प्रेजेंटेशन भी दिया गया है। इसमें बताया गया है कि प्रदेश में बच्चों विशेषकर बालिका गृहों की क्षमता 300 बच्चियों की है, जबकि इसके सापेक्ष इनमें सामान्यत: 485 बच्चियां रह रही हैं। इसके अलावा संप्रेक्षण गृहों की वर्तमान क्षमता 1250 बच्चों की है, यहां भी क्षमता से अधिक बच्चे रह रहे हैं। इसके परिणाम स्वरूप बच्चों की शिक्षा, चिकित्सा, कौशल विकास, जीवन कौशल तथा मानसिक, शारीरिक व भावनात्मक विकास में प्रतिकूल प्रभाव देखा गया है। इनके लिए नये गृहों को बनाना अत्यंत आवश्यक है। बता दें कि प्रदेश में अभी लगभग 7000 बच्चे 183 राजकीय और स्वैच्छिक संगठनों के माध्यम से आवासित हैं।

# एक्स पर सीएम योगी देश के दूसरे सबसे चर्चित राजनेता

**अक्टूबर 2023 में पीएम मोदी के बाद सीएम योगी के हैंडल को लेकर हुई सबसे अधिक चर्चा**

लखनऊ। सोशल मीडिया पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सर्वाधिक चर्चित राजनेताओं में शुमार हैं। हैशटैग ट्रैकिंग टूल ट्वीट बाइंडर ने इसकी पुष्टि की है। ट्वीट बाइंडर की ओर से जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार अक्टूबर 2023 में पीएम मोदी के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जिस राजनेता के अकाउंट की सर्वाधिक चर्चा हुई है वो कोई और नहीं बल्कि सीएम योगी हैं। ट्वीट बाइंडर की इस रैंकिंग को भारत में एक्स यूजर्स द्वारा 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक पोस्ट की संख्या के आधार पर तैयार की है। उल्लेखनीय है कि ट्वीट बाइंडर एक हैशटैग एनालिटिक्स और फॉलोअर ट्रैकिंग टूल है। यह ट्विटर हैशटैग एनालिटिक्स और ट्विटर मॉनिटरिंग के लिए डिजाइन किया गया है। ट्वीट बाइंडर की रैंकिंग के अनुसार अक्टूबर में एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अकाउंट पर सर्वाधिक चर्चा की गई है, जबकि इसके बाद सीएम योगी दूसरे राजनेता हैं जिन पर चर्चा हुई है।

यह सोशल मीडिया पर सीएम योगी की बढ़ती लोकप्रियता का जीवंत उदाहरण है। लोकप्रियता के मामले में सीएम योगी कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी से कहीं आगे हैं। वहीं ओवरआल सूची की बात करें तो पीएम मोदी, भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली और साउथ के एक्टर विजय ही सीएम योगी से आगे हैं। यहां तक कि भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा, बॉडीवुड एक्टर सलमान खान, राहुल गांधी, शाहरुख खान और अक्षय कुमार जैसे सेलेब्रिटी भी सीएम योगी से बहुत पीछे नजर आते हैं।

# झांसी : राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ के नाती को मारी गोली

झांसी। उत्तर प्रदेश श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ के झांसी कोतवाली थानाक्षेत्र निवासी नाती प्रवीण को शनिवार रात पड़ोसी ने ही विवाद के चलते गोली मार दी। हमले में गंभीर रूप से घायलप्रवीण को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजेश एस मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल भिजवाया। उन्होंने बताया कि हमलावर, पीड़ित का पड़ोसी और दोस्त भी है। नवरात्र आयोजन के समय दोनों के बीच मामूली विवाद हो गया था। इसके बाद हमलावर आज शराब के नशे में आया और उसने प्रवीण को गोली मार दी। उन्होंने बताया कि गोली जबड़े में लगी थी और अस्पताल में ऑपरेशन किया जा चुका है ,पीड़ित खतरे से बाहर है। हमलावर की धरपकड़ के लिए टीमों का गठन कर दिया गया है जल्दी ही उसे गिरफ्तार किया जायेगा। प्रवीण की मां ने बताया कि भरत यादव ने उनके बेटे प्रवीण को गोली मारी है। नवरात्रि में उनके घर के आगे ही हो रहे भंडारे में खाना खाने के बाद भरत यादव वहां खाना बनाने वाले को मारनेलगा , इस पर प्रवीण और मोहल्ले वालों ने उसे ऐसा करने से रोका। शायद इसी कारण से भरत ,प्रवीण से कोई रंजिश रखने लगा और इसी के चलते उसने आज नशे में प्रवीण को गोली मार दी।

## रेप के बाद पीड़िता की फोटो वायरल

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले की पुलिस ने पीड़िता के साथ रेप कर फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस ममाले में पीड़िता ने सिधारी थाने में तीन नवंबर को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि आरोपी ने पीड़िता के साथ रेप करने के बाद अश्लील फोटो और वीडियो बना लिया है। लगातार आरोपी इस अश्लील फोटो और वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर पीड़िता के साथ रेप की घटना को अंजाम देता था। आरोपी की हरकतों से तंग आकर पीड़िता ने इस मामले की शिकायत पुलिस से ही करना बेहतर समझा। जिसके बाद पीड़िता ने शिकायत की।

# मुरादाबाद : भीषण सड़क हादसे में मां -बेटी समेत चार की मौत

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में आगरा नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन के कार में टक्कर मार देने से हुए भीषण हादसे में कार सवार मां-बेटी समेत चार लोगों की मौत हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना के पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

बताया जा रहा है कि मुंबई से कुंदरकी शादी समारोह में शामिल होने जाते समय दिल्ली नंबर की कार हादसे की चपेट में आ गई।

दुर्घटना थाना कुंदरकी इलाके में बिस्किट फैक्ट्री के समीप हुई। यह परिवार मुंबई से शादी समारोह में शामिल होने कुंदरकी जा रहा था।




पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि नरगिस पत्नी मोहम्मद इकराम, बेटी अलफिया तथा सिमरन कुंदरकी में हो रही शादी में शरीक होने के लिए जा रहे थे कि रविवार देर रात मुरादाबाद से कुंदरकी की ओर जाते समय बिस्किट फैक्ट्री के समीप अज्ञात वाहन ने कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे कार मे सवार तीन महिलाओं समेत चार लोग हादसे की चपेट में आ गए।

पुलिस द्वारा चारों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां नरगिस (42), सिमरन (22),अलफिया (18) को चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया जबकि गंभीर रूप से घायलावस्था में भर्ती कराए गए 35 वर्षीय चालक समसू की भी इलाज़ के दौरान मृत्यु हो गई।

# अयोध्या : राम मंदिर ट्रस्ट ने किया अक्षत पूजन

अयोध्या। श्रीरामजन्मभूमि पर रामलला का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को भव्य बनाने के लिए राम मंदिर ट्रस्ट ने रविवार को अक्षत पूजन किया।

विश्व हिन्दू परिषद के प्रवक्ता ने बताया कि श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा आयोजित अक्षत पूजन कार्यक्रम में 45 प्रांतों से आये हुए प्रतिनिधियों को पीतल धातु में रखे हुए पांच-पांच किलो पूजित अक्षत रखकर समर्पित किया गया।

इस अक्षत कलश की पूजा श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला के अस्थायी मंदिर में आज सम्पन्न हुआ।

उन्होंने बताया कि श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा बाइस जनवरी को आयोजित कार्यक्रम को दिव्य स्वरूप प्रदान करने के लिये देश के पैंतालिस प्रांतों से कार्यकर्ताओं को अवध धाम में आमंत्रित किया गया है।

यह कार्यकर्ता अपने-अपने प्रांतों में पूजित अक्षत को लेकर जायेंगे।



तत्पश्चात इन अक्षतों का वितरण देश के करोड़ों रामभक्तों में किया जायेगा। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र का मानना है कि हम पांच लाख से ऊपर गांव तक अक्षत को वितरित कर सम्पूर्ण राष्ट्र राममय होगा और जिस दिन भगवान श्रीरामलला अपने सिंहासन पर विराजमान होंगे उस दिन सम्पूर्ण देश उत्सव मानकर विश्व को सामाजिक, धार्मिक समन्वय का संदेश प्रदान करेगा।श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय, ट्रस्ट के ट्रस्टीगण महंत दिनेन्द्र दास, डा. अनिल मिश्रा, जगद्गुरू माधवाचार्य, सांसद लल्लू सिंह, नगर निगम अयोध्या के मेयर गिरीशपति त्रिपाठी, महंत रामकुमार दास, पुजारी रमेश दास, महंत जयराम दास, विश्व हिन्दू परिषद के संयुक्त मंत्री कोटेश्वर राव, केन्द्रीय उपाध्यक्ष मीनाक्षी पिश्वे, बजरंग दल के पूर्व संयोजक क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनोज वर्मा, सोहन सोलंकी, गोरक्षा प्रांत के क्षेत्रीय धर्म प्रसार प्रमुख प्रदीप पाण्डेय, प्रांत संयोजक राकेश वर्मा, क्षेत्रीय संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख मनोज, प्रांत पदाधिकारी पूर्णेन्द्र, राजेश सिंह, चौरासी कोस परिक्रमा के प्रमुख सुरेन्द्र सिंह, विश्व हिन्दू परिषद के प्रवक्ता शरद शर्मा सहित आदि लोग मौजूद थे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

रायबरेली। उत्तर प्रदेश में रायबरेली के बछरांवा इलाके में घर लौट रहे नवयुवक की अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौके पर ही मौत हो गयी है। पुलिस सूत्रों से आज रविवार को मिली जानकारी के अनुसार बछरांवा इलाके में शनिवार इतवार की देर रात घर वापस घर लौट रहे युवक सूरज (22) की अज्ञात वाहन की चपेट में आ कर मौत हो गयी। मृतक की चंद दिनों बाद शादी होने वाली थी। बताया गया कि मोटरसाइकिल से घर लौट रहे सूरज की बाइक देर रात लालगंज बाई पास पर किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गयी। पुलिस को घटनास्थल के पास मौजूद चाय की गुमटी वालों से दुर्घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतक की मोटरसाइकिल का रजिस्ट्रेशन दिल्ली का था। पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# एटा में खेतों में झोपड़ियां डाल रह रहे संदिग्धों पर पुलिस ने मारा छापा

एटा। उत्तर प्रदेश के एटा जिले में किसी पुलिस को कोई सूचना दिये लंबे समय से खेतों में झोपड़ियां डालकर रह रहे संदिग्धों पर आखिरकार पुलिस की नजर पड़ी और आज इन लोगों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए छापे मारे गये ।

छापेमारी के दौरान इनके घरों की बारीकी से तलाशी ली गयी और उपस्थित मिली महिलाओं और पुरुषों से पूछताछ भी की गयी। यहां मिले कई संदिग्ध लोगों को हिरासत मे लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस को शक कि आसाम से भगाये जाने पर ये लोग यहां आकर बस गए और यहाँ पर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देते हैं।

एटा के एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आसाम से आकर कुछ लोग करीब 25 परिवार के 60 से 70 लोग यहां काफ़ी दिनों से रह रहे हैं। ये कबाड़े का काम कर रहे हैं। इनके पास आधार कार्ड, पेन कार्ड और बैंक अकाउंट भी हैं, जिनमे कुछ फर्जी भी लग रहे हैं।

एलआईओ, आई बी और एसआईओ की टीमें भी हमारे साथ इनका पता लगाने मे जुटीं हुई हैं और यदि ये बांग्लादेशी और रोहिंग्या हुए तो इनके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

इनको शीतलपुर मे पप्पू और भूरा नाम के दो व्यक्तियों ने यहां किराये पर रखकर बसाया है। ये 03 हजार और 04 हजार का किराया इनको देते हैं।

पुलिस के अनुसार इनका आसाम से भी वेरिफिकेशन कराया जा रहा है। ये आपने आपको आसाम के गागोई और गौहाटी का बता रहे हैं। पुलिस को शक है कि केवल कबाड़ा बीनने से 70 लोगो की रोजी रोटी नहीं चल सकती उसके लिये ये अपराध का सहारा लेते हैं।

# बेटे से झगड़े के बाद मां ने खुदको लगाई आग

**लखनऊ ले जाते समय रास्ते में मौत, मां के प्रेम प्रसंग से नाराज था बेटा**

सुलतानपुर। सुल्तानपुर में बेटे और बेटी की प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर एक मां ने मिट्टी का तेल डालकर खुद को आग के हवाले कर दिया। गंभीर रूप से झुलसी महिला को आनन-फानन में राजकीय मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां से उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया। रास्ते में ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया। घटना गोसाईगंज थानाक्षेत्र स्थित इटकौली गांव की है।

बता दें कि इटकौली गांव निवासी आशा देवी(55) पत्नी स्व.जगदेव का शनिवार शाम परिजनों के साथ झगड़ा हुआ था। रविवार सुबह वह कमरे का दरवाजा बंदकर अंदर आराम करने चली गई थी। सुबह करीब साढ़े नौ बजे मिट्टी का तेल डालकर खुद को आग के हवाले कर दिया। उसके कमरे से धुंआ निकलता देख परिजन दरवाजा तोड़कर पहुंचे तो वह दंग रह गए। महिला गंभीर रूप से झुलस चुकी थी। सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई। करीब आधे घंटे बाद उसको मेडिकल कालेज पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक इलाज बाद उसे गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन उसको एंबुलेंस से लखनऊ ले जा रहे थे कि अलीगंज के पास दम तोड़ दिया।



### शव पोस्टमार्टम में भेजा गया

पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका के पुत्र के मुताबिक मां का एक व्यक्ति के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसको लेकर शनिवार शाम को विवाद हुआ था। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने आत्महत्या कर ली। थानाध्यक्ष आरबी सुमन ने बताया जांच चल रही है। अभी तहरीर नहीं मिली है।

मृतका का छोटा पुत्र सुनील पुत्री लक्ष्मी और सास शिवकला घटना के समय घर पर मौजूद थी। मृतका दो महीने से अपने मायके में रह रही थी। वह इटकौली में भी अपने ही बच्चों से अलग रहती थी।

## मॉर्निंग वॉक पर निकले किशोर को ऑटो ने रौंदा

जालौन। जालौन में रविवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ़्तार ऑटो ने मॉर्निंग वॉक पर निकले एक किशोर को रौंद दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। यह घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वहीं इस हादसे में उसका साथी बाल-बाल बच गया। हादसे के बाद चालक ऑटो लेकर फरार हो गया। वीडियो में दिख रहा कि दो किशोर बीच सड़क पर टहल रहे थे। कुछ देर बाद वहां से तेज रफ्तार ऑटो गुजरता है। दोनों उससे बचने की कोशिश करते हैं। इसी दौरान ऑटो अनियंत्रित होकर एक किशोर को रौंदते हुए निकल जाता है। इसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचते हैं। उसे अस्पताल ले जाते हैं। जहां उसे मृत घोषित कर दिया जाता है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। ऑटो चालक की तलाश की जा रही है। हादसा कदौरा थाना क्षेत्र के हमीरपुर-जोल्हूपुर स्टेट हाईवे पर हुआ है। रविवार सुबह 6 बजे कदौरा कस्बे के मोहल्ला अंबेडकर नगर का रहने वाला लच्छू प्रजापति का 15 साल का बेटा अनुपम अपने कुछ दोस्तों के साथ मार्निंग वॉक पर गया था। वह इस दौरान टहलते-टहलते जोल्हूपुर-हमीरपुर स्टेट हाइवे पर पहुंच गया।

# बुलंदशहर : पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

एजेंसी

बुलन्दशहर । उत्तर प्रदेश के जनपद बुलंदशहर में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व बाइक बरामद किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 04/05 नवंबर की रात्रि में स्वाट टीम व थाना सलेमपुर पुलिस शिवाली-भैंसरौली मार्ग पर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग कर रही थी, उसी समय बाइक पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए जिन्हें रूकने का इशारा किया तो बदमाशों ने बाइक को तेजी से मोड़कर भागने की कोशिश की।

पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया तभी ग्राम भैंसरौली गेट के पास उनकी बाइक एक हैण्डपंप से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर गिर गई ।

पुलिस से घिरता देख बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस द्वारा



जवाबी फायरिंग में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया जिसकों गिरफ्तार किया गया तथा दूसरे बदमाश के भागने पर उसका पीछा करते हुए गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार बदमाश की पहचान थाना सलेमपुर क्षेत्र के ग्राम भैंसरोली निवासी शिवकुमार के नाम से की गई। जिसको उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया तथा दूसरे की पहचान ग्राम भैंसरौली के ही मुकेश के रूप में हुई है।

एसएसपी ने बताया कि पूछताछ में यह बात प्रकाश में आई कि आज से 30 वर्ष पूर्व एक हत्या हुई थी जिसमें शिव कुमार और मुकेश के परिवार के लोग नाम जुड़े हुए थे।

मुकदमा दर्ज होने के बाद यह लोग गांव छोड़कर चले गए थे और पिछले 30 वर्ष से अलग-अलग स्थान पर रह रहे थे। एसएसपी का कहना है कि शिव कुमार ने बताया कि उसके पिता ने मृत्यु के समय उन्होंने बताया कि रामभूल के कारण उन्हें गांव छोड़ना पड़ा तभी से दोनों भाइयों ने राम भूल की हत्या करने का संकल्प लिया था। पुलिस ने आला कत्ल बरामद कर लिए हैं

पूछताछ में पता पड़ा कि यह दोनों सगे भाई है। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्त शातिर किस्म के बदमाश हैं जिन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर 30 अक्टूबर को धान बेचकर वापस लौट रहे रामभूल की रास्ते में हत्या कर दी गयी थी। इस सम्बंध मे थाना सलेमपुर पर धारा 302 के तहत मुकदमा पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त मुकेश, मृतक रामभूल के पिता व दो भाईयों की हत्या में 30 वर्ष से लगातार फरार चल रहा था जिसके सम्बन्ध में थाना सलेमपुर पर वर्ष 1992 में धारा 147/148/149/452/302 के तहत मुकदमा पंजीकृत हैं।दोनों अभियुक्तों का अपराधिक इतिहास है।

## शार्ट न्यूज

### एयर इंडिया ने 30 नवंबर तक तेल अवीव की उड़ानें निलंबित कीं

नई दिल्ली। इस्राइल और चरमपंथी संगठन हमास के बीच जारी संघर्ष के बीच एयरलाइन एयर इंडिया ने अपनी उड़ानों को लेकर नया अपडेट जारी किया है। एयर इंडिया ने भारत से तेल अवीव के लिए अपनी निर्धारित उड़ानें 30 नवंबर तक के लिए रद्द कर दी हैं। कंपनी की ओर से सात अक्तूबर से इस्राइल के तेल अवीव जाने वाली या वहां से आने वालीं उड़ानें संचालित नहीं की जा रही हैं। कंपनी के एक प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि तेल अवीव के लिए उड़ानें 30 नवंबर तक निलंबित कर दी गई हैं। एयर इंडिया सामान्य तौर पर दिल्ली से तेल अवीव के लिए सप्ताह में पांच उड़ानें संचालित करती है। यें उड़ानें सोमवार, मंगलवार, गुरुवार, शनिवार और रविवार को हैं। एयरलाइन ने पिछले महीने इस्राइल-हमास के बीच बढ़ते संघर्ष के मद्देनजर वहां से भारतीयों को वापस लाने के लिए कुछ उड़ाने संचालित की हैं। हालांकि, इनका संचालन सरकार के 'ऑपरेशन अजय' के तहत दिल्ली से तेल अवीव के बीच किया गया था।

### रिलायंस कैपिटल का अधिग्रहण, ऋणदाताओं को हिंदुजा ग्रुप से उम्मीद

भारतीय ऋणदाताओं को उम्मीद है कि हिंदुजा समूह चालू तिमाही समाप्त होने से पहले दिवालिया रिलायंस कैपिटल का अधिग्रहण करने के लिए रकम का इंतजाम कर लेगा। बीमा क्षेत्र में ज्यूरिख इंश्योरेंस के हालिया अधिग्रहण सौदे की वजह से इसके मूल्यांकन में खासा इजाफा हुआ है। भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने रिलायंस जनरल इंश्योरेंस और रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के शेयरों को गिरवी रखने की अनुमति नहीं दी है। इसके बाद से यह बहुराष्ट्रीय समूह आंतरिक स्रोतों और निजी ऋणदाताओं से धन जुटाने की योजना बना रहा है। एक बैंकर ने कहा कि समूह अपनी अन्य कंपनियों के शेयर गिरवी रखकर पैसा जुटाने पर विचार कर सकता है। बैंक समेत ऋणदाता, जिनके रिलायंस कैपिटल में 25,000 करोड़ रुपये फंसे हुए हैं, ने ऋण चुकाने में नाकाम रहने के बाद नवंबर 2021 में कंपनी को राष्ट्रीय कंपनी कानून पंचाट (एनसीएलटी) में भेजा था। हिंदुजा ग्रुप ने रिलायंस कैपिटल के अधिग्रहण की अपनी भावी योजनाओं के बारे में टिप्पणी के लिए भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं दिया। बैंकरों ने कहा कि कोटक-ज्यूरिख इंश्योरेंस का हालिया सौदा हिंदुजा समूह के लिए बड़े समर्थन के रूप में सामने है क्योंकि रिलायंस कैपिटल की बीमा कंपनियों का मूल्यांकन ज्यूरिख इंश्योरेंस के सौदे से काफी कम है।

### मार्च तक पूरा कर्ज चुका देगी वेदांत

वेदांत लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों ने शनिवार को विश्लेषकों को बताया कि मार्च के आखिर तक कंपनी और मूल कंपनी को 2.2 अरब डॉलर के कर्ज का भुगतान करना है। उन्होंने कहा कि कंपनी को देनदारी चुकाने का भरोसा है। कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक वेदांत को मौजूदा तिमाही में 4,200 करोड़ रुपये के कर्ज का भुगतान करना है और 5,500 करोड़ रुपये का कर्ज चौथी तिमाही में चुकाना है। इसके अतिरिक्त मूल कंपनी वेदांत रिसोर्सेस को मार्च 2024 की तिमाही में 1 अरब डॉलर के कर्ज का पुनर्भुगतान करना है। वरिष्ठ प्रबंधन सितंबर 2023 की तिमाही के नतीजों की घोषणा के बाद विश्लेषकों से बातचीत कर रहे थे। अधिकारियों ने कहा कि वेदांत का नकदी प्रवाह वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में इस अवधि में चुकाए जाने वाले कर्ज के मुकाबले ज्यादा होगा। वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार कंपनी इस कर्ज के बदले नया कर्ज लेने या इसके पुनर्भुगतान को लेकर सहज स्थिति में है। कंपनी के प्रबंधन ने कहा कि वेदांत रिसोर्सेस मार्च 2024 की तिमाही में 1 अरब डॉलर के बॉन्ड पुनर्भुगतान को लेकर बैंकरों से बातचीत कर रही है। साथ ही इस मामले को दिसंबर के आखिर तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा। सितंबर 2023 की तिमाही में वेदांत ने 1,783 करोड़ रुपये का नुकसान दर्ज किया। कंपनी ने कहा कि 6,128 करोड़ रुपये के शुद्ध कर की अदायगी एकबारगी करने से असर पड़ा जो वित्त वर्ष 23 में अपनाई गई नई कर व्यवस्था के चलते हुआ।

### सन फार्मा को स्पेशियल्टी से मिली खुराक

वैश्विक स्पेशियल्टी व्यवसाय में शानदार प्रदर्शन और भारतीय बाजार में मजबूती की बदौलत देश की सबसे बड़ी दवा कंपनी सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज ने वित्त वर्ष 2024 की जुलाई-सितंबर तिमाही में दमदार प्रदर्शन किया है। कंपनी के राजस्व में 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और सकल मार्जिन में 180 आधार अंक तक का इजाफा हुआ। वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही के नतीजों के बाद जहां कई ब्रोकरों ने इस शेयर के लिए अपने आय अनुमानों को बरकरार रखा है, वहीं कुछ ने ऊंचे मूल्यांकन मल्टीपल को ध्यान में रखकर अनुमान बढ़ा दिए हैं। सिस्टमैटिक्स इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के शोध विश्लेषकों विशाल मनचंदा और विवेक माने ने इस शेयर के लिए अपनी रेटिंग 'बनाए रखें' से बदलकर 'खरीदें' कर दी है और मूल्यांकन मल्टीपल भी 25 गुना से बढ़ाकर 27 गुना कर दिया है। उनका कहना है, 'रेटिंग बदलाव से कंपनी की मुख्य आय, मार्जिन वृद्धि की संभावना, जटिल जेनेरिक ऑर्डरों की वैल्यू और विस्तार की क्षमताओं का पता चलता है। हालांकि इन्हें अनुमानों में शामिल नहीं किया गया।' जेएम फाइनैंशियल का भी मानना है कि शेयर ऊंचे मूल्यांकन मल्टीपल का हकदार है और इसलिए उसने भी मल्टीपल 25 गुना से बढ़ाकर 26 गुना कर दिया है। ब्रोकरेज फर्म का मानना है कि यह बाजार दिग्गज उसके पसंदीदा शेयरों में से एक है। ब्रोकरेज के विश्लेषक जैनिल शाह ने कहा कि कंपनी के घरेलू मजबूत नेतृत्व, दमदार बैलेंस शीट और दीर्घावधि स्पेशियल्टी विकास संभावनाओं के कारण उन्होंने सकारात्मक नजरिया अपनाया है।

# घरेलू शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह वैश्विक रुख से तय होगी

मुंबई। अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दरों को यथावत रखने से बीते सप्ताह हुई लिवाली की बदौलत करीब एक प्रतिशत की बढ़त पर रहे घरेलू शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह वैश्विक रुख से तय होगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 580.98 अंक अर्थात 0.91 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 64363.78 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 183.35 अंक यानी 0.96 प्रतिशत मजबूत होकर 19230.60 अंक पर पहुंच गया।

समीक्षाधीन सप्ताह दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 623.35 अंक अर्थात दो प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 31735.86 अंक और स्मॉलकैप 701.03 अंक यानी 1.9 प्रतिशत उछलकर 37589.06 अंक पर रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, मजबूत वैश्विक संकेतों, स्थिर मैक्रो-इकोनॉमिक डाटा और मजबूत घरेलू कॉर्पोरेट आय से बाजार को बढ़ावा मिला है। ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के भविष्य में दरें बढ़ाने की संभावना नहीं है और तेल की कीमतों में मामूली गिरावट निवेशकों की उम्मीद को बढ़ा रही है। इसके साथ ही कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की दूसरी तमाही के मजबूत आंकड़ों से बाजार को समर्थन मिल रहा है।

वहीं, इजराइल-हमास संघर्ष का जारी रहना बाजार पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। इसका असर अगले सप्ताह भी बाजार पर देखा जा सकता है। साथ ही केंद्रीय बैंकों के ब्याज दरों को यथावत रखने के निर्णय पर भी निवेशकों की नजर बनी हुई है। इसके अलावा अगले सप्ताह बाजार को दिशा देने में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निवेश प्रवाह और कंपनियों के तिमाही नतीजे की भी अहम भूमिका रहेगी।



एफआईआई ने नवंबर में अबतक 3,064.50 करोड़ रुपये की बिकवाली की है वहीं इस अवधि में घरेलू निवेशकों का शुद्ध निवेश 1,871.53 करोड़ रुपये का रहा है। अगले सप्ताह एनएचपीसी, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (एचपीसीएल), पावरग्रिड, आईआरसीटीसी, क्रिसिल, एचसीएल इंफोसिस्टम, भेल, ऑयल इंडिया, अडानी पोर्ट एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, अशोक लेलैंड, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), ओएनजीसी, कोल इंडिया, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंडाल्को, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, सेल समेत कई दिग्गज कंपनियों के वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही के परिणाम जारी होने वाले हैं।

दुनिया के प्रमुख केंद्रीय बैंकों की बैठक में ब्याज दर को लेकर होने वाले निर्णय से पहले निवेशकों की मजबूत धारणा की बदौलत विश्व बाजार के चढ़ने से स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, दूरसंचार, तेल एवं गैस और रियल्टी समेत पंद्रह समूहों में हुई लिवाली से सोमवार को सेंसेक्स 329.85 अंक की छलांग लगाकर 64112.65 अंक और निफ्टी 93.65 अंक की तेजी के साथ 19140.90 अंक पर पहुंच गया।

वहीं, चीन के विनिर्माण पीएमआई में गिरावट के कारण एशियाई बाजार के कमजोर पड़ने से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, हेल्थकेयर, ऑटो और सर्विसेज समेत बारह समूहों में हुई बिकवाली के दबाव में मंगलवार को सेंसेक्स 237.72 अंक का गोता लगाकर 63874.93 अंक और निफ्टी 61.30 अंक टूटकर 19079.60 अंक रह गया। इसी तरह अमरेकी फेड रिजर्व के नीतिगत दरों पर चल रही बैठक के निर्णय से पहले विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, यूटिलिटीज, धातु, पावर और सर्विसेज समेत पंद्रह समूहों में हुई बिकवाली से बुधवार को सेंसेक्स लगातार दूसरे दिन 283.60 अंक टूटकर 63591.33 अंक और निफ्टी 90.45 अंक की गिरावट लेकर 18989.15 अंक पर आ गया।

वहीं, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों को यथावत रखने के निर्णय से विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत गुरुवार को सेंसेक्स 489.57 अंक की उड़ान भरकर 64080.90 अंक और निफ्टी 144.10 अंक की छलांग लगाकर 19133.25 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखने से विश्व बाजार में बढ़त बरकरार रहने से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शुक्रवार को सेंसेक्स 282.88 अंक की छलांग लगाकर 64363.78 अंक और निफ्टी 97.35 अंक चढ़कर 19230.60 अंक पर रहा।

# खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव नरम रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा सप्ताहांत पर 27 रिंगिट की गिरावट के साथ 3653 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.56 सेंट उतरकर 50.78 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान सूरजमुखी तेल 148 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल



13187 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19926 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12160 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11062 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8333 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10200 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। सप्ताहांत पर चना 50 रुपये और दाल चना 50 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सप्ताहांत पर चना 6200-6300, दाल चना 7200-7300, मसूर काली 7650-7550, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10200-10300, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : अनाज मंडी में मिश्रित रुझान रहा। सप्ताहांत पर गेहूं 100 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2700-2800 रुपये और चावल 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : बीते सप्ताह मीठे के बाजार में स्थिरता रही। चीनी और गुड़ के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

सप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 3900-4000, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

## सर्राफा बाजार: सोना तथा चांदी में मजबूती

इंदौर। सप्ताहांत सोना तथा चांदी में मजबूती दर्ज की गई। सप्ताहांत सोना 300 रुपये तथा चांदी 400 रुपये महंगी होकर बिकी। कारोबार की शुरुआत में सोना 62000 रुपये पर खुलने के बाद शनिवार के दिन 62500 रुपये प्रति दस ग्राम होकर थमा। चांदी में व्यापार की शुरुआत 72900 रुपये पर हुई वहीं शनिवार के दिन 73300 रुपये बिकी। कामकाज में सोना ऊंचे में 62550 नीचे में 62100 रुपये प्रति 10 ग्राम बिका। व्यापार में चांदी ऊपर में 73300 तथा नीचे 72300 रुपये प्रति किलोग्राम बिकी। चांदी सिक्का पूछपरख से मजबूत बताया गया। विदेशी बाजार में सोना 1992 डॉलर तथा चांदी 2318 सेन्ट प्रति औंस बिकी।

## मूंगफली तेल, सोयाबीन रिफाइंड में पूछपरख

इंदौर। सप्ताहांत खाद्य तेलों में पूछपरख से मूंगफली तेल से लेकर सोयाबीन रिफाइंड तथा पाम तेल के भाव सामान्यवत रहे। कारोबार में तेलों में उठाव सुधार लिए बताया गया। आवक कमी से तिलहन मजबूत रहे। कारोबार की शुरूआत में मूंगफली तेल 1530 से 1550 रुपये प्रति किलोग्राम खुला जो शनिवार को 1525 से 1550 रुपये प्रति 10 किलोग्राम होकर बंद हुआ। सोयाबीन रिफाइंड 910 से 915 रुपये पर खुलकर 910 से 915 रुपये बिका। पाम तेल 880 से 885 रुपये खुलकर 880 से 885 होकर बंद हुआ। तिलहन जिन्सों में मांग से भाव मजबूती लिए बताए गए। पशु आहार कपास्या खली में लिवाली रही।

## दलहनोंमें मिश्रित रंगत, दालों में मजबूती

इंदौर। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन कामकाज घटबढ़ लिए रहा। मांग से मसूर तथा उड़द के भाव ऊंचे बोले गए। चना कांटा तथा तुअर सस्ती बिकी। दालों में मजबूती दर्ज की गई। चावल में उठाव सुधार लिए रहा। सप्ताहांत चना कांटा 6300 से 6350 रुपये खुलने के बाद 6200 से 6250 रुपये होकर थमा। मूंग 8800 से 10000 रुपये पर खुलने के बाद नीचे में 7000 रुपये बिकी। हालांकि सप्ताहांत इसमें सौदे 8700 से 10000 रुपये प्रति क्विंटल पर हुए। कारोबार में तुअर 9500 से 12400 रुपये खुलने के बाद ऊपर नीचे होते हुए 121 से 123 रुपये होकर थमी। उड़द 9300 से 9800 खुलने के बाद 9500 से 10500, मसूर 6150 से 6175 खुलकर 6175 से 6200 रुपये होकर बंद हुई। दालों में मांग से महंगी बिकी। सप्ताहांत चना, तुअर, मूंग, उड़द दाल में भाव तेजी लिए रहे। रवा, मैदा, गेहूं का आटा तथा चना बेसन में लिवाली से मजबूती बताई गई। चावल में ग्राहकी सुधार लिए रही।

## शक्कर सस्ती, खोपरा बूरा, साबूदाना में तेजी,

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में सप्ताहांत ग्राहकी ऊपर नीचे होती रही। शक्कर के भाव कम हुए। खोपरा बूरा तथा साबूदाना महंगा बिका। खोपरा गोला तथा हल्दी में उठाव सुधार लिए रहा जिससे भाव मजबूत रहे। स्थानीय किराना बाजार में सोमवार को शक्कर 4080 से 4120 रुपये प्रति क्विंटल खुलने के शनिवार को 4060 से 4080 रुपये के स्तर पर थमी। शक्कर की दैनिक आवक 03 से 04 गाड़ी की रही। खोपरा गोला 100 से 125 रुपये खुलकर इसी स्तर पर थमा। हल्दी में पूछपरख सुधार लिए बताई गई। इसमें 125 से 275 रुपये की रंगत पर सौदे हुए। खोपरा बूरा के दामों में मजबूती दर्ज की गई। सप्ताहांत खोपरा बूरा में कामकाज 2400 से 3800 रुपये के स्तर पर खुलने के बाद 200 रुपये प्रति 15 किलोग्राम महंगा होकर 2500 से 4000 रुपये बिका। साबूदाना में लिवाली सुधार लिए बताई गई इससे भाव ऊंचे रहे।

# मुश्किलों में घिरी बायजू को फिर हुआ 2250 करोड़ रुपये का घाटा, कर्ज संकट गहराया

नई दिल्ली । भारतीय शिक्षा स्टार्टअप बायजू को एक बार फिर से बड़ा घाटा हुआ है। ऐसे में पहले ही 1.2 अरब डॉलर के कर्ज में फंसी कंपनी की चुनौतियां बढ़ गई हैं। बंगलूरू स्थित ऑनलाइन शिक्षा देने वाली कंपनी बायजू की मूल कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट है, जिसने मार्च 2022 में वित्तीय वर्ष के अंत में 2250 करोड़ रुपये का घाटा दर्शाया है। हालांकि कंपनी की आय बढ़कर दोगुनी यानी कि 35.7 अरब रुपये हो गई है।

### कई मुश्किलों में घिरी कंपनी

वित्तीय परिणाम दाखिल करने में देरी के चलते भी नियामक एजेंसी ने बायजू के खातों की जांच हुई, जिसके चलते कंपनी के ऑडिटर डेलॉयट एंड सेल्स को इस्तीफा देना पड़ा। अप्रैल में विदेशी मुद्रा विनियमन में धांधली के चलते कंपनी के बंगलूरू स्थित परिसरों में जांच एजेंसियों ने छापेमारी भी की। अमेरिका स्थित कई निवेशकों ने भी बायजू पर करीब 50 करोड़ डॉलर का फंड छिपाने का आरोप लगाया, जिसके चलते भी कंपनी कानूनी पचड़े में फंसी।

### कोरोना महामारी के बाद धीमी हुई कंपनी की ग्रोथ

एक समय भारत में स्टार्टअप कल्चर की अग्रणी कंपनी होकर उभरी बायजू कोरोना महामारी के दौरान खूब मजबूत हुई लेकिन कोरोना महामारी के बाद के दौर में कंपनी को काफी संघर्ष करना पड़ रहा है।

कोरोना महामारी के दौरान जब स्कूल कॉलेज बंद थे तो कंपनी ने खूब निवेश किया। इस दौरान कंपनी को खूब निवेश भी मिला लेकिन जैसे ही कोरोना महामारी के बाद स्कूल कॉलेज खुले तो कंपनी की ग्रोथ भी धीमी हो गई।

कंपनी पर 1.2 अरब डॉलर का कर्ज है और लेनदारों से कंपनी का विवाद भी चल रहा है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.6 अरब डॉलर बढ़कर 586.1 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण में बढ़ोतरी होने से 27 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.6 अरब डॉलर बढ़कर 586.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 2.4 अरब डॉलर घटकर 583.5 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 27 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.3 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 517.5 अरब डॉलर हो गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 49.9 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 45.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# भारत ने आईएमएफ की बैठक में अपनाया था पाकिस्तान के कर्ज अनुरोध से दूर रहने का रुख

वित्त मंत्रालय के मुताबिक इस साल की शुरुआत में हुई अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अधिकारियों के बोर्ड की बैठक के दौरान भारत ने पाकिस्तान के अस्थायी व्यवस्था के तहत (एसबीए) ऋण के अनुरोध से दूर रहने का रुख अपनाया था।

एसबीए के तहत ऐसे देशों को कम अवधि के लिए वित्तीय सहायता मिलती है, जो भुगतान संतुलन की समस्या का सामना कर रहे होते हैं। इस साल 12 जुलाई को आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने पाकिस्तान के लिए 9 महीने के एसबीए ऋण को मंजूरी दी थी, जिसके तहत देश के आर्थिक स्थिरीकरण कार्यक्रम के तहत 3 अरब डॉलर के करीब राशि का समर्थन मिलना था।

वित्त मंत्रालय ने कैबिनेट के लिए तैयार मासिक सारांश में कहा है, 'भारत ने 12 जुलाई, 2023 को कार्यकारी बोर्ड की बैठक के माध्यम से आईएमएफ में पाकिस्तान के एसबीए अनुरोध से दूर रहने के अपने रुख से अवगत कराया।'

आईएमएफ ने कहा था कि पाकिस्तान के लिए कर्ज की व्यवस्था कठिन बाहरी वातावरण, विनाशकारी बाढ़, गलत नीतिगत कदमों जैसे चुनौतीपूर्ण आर्थिक मोड़ को देखते हुए की गई है, जिसके कारण बड़ा राजकोषीय और बाहरी घाटा है, महंगाई बढ़ रही है और वित्त वर्ष 23 में भंडार का बफर खत्म हो गया है।

कार्यकारी बोर्ड की मंजूरी के बाद पाकिस्तान को 1.2 अरब डॉलर का कर्ज तत्काल दिया जाना था। शेष राशि पूरे कार्यक्रम की अवधि के दौरान मिलेगी, जो 2 तिमाही समीक्षा पर निर्भर होगी। आईएमएफ की पहली तिमाही समीक्षा इस महीने होनी है।

आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड में 24 सदस्य हैं। हर सदस्य एक देश या देशों के समूह द्वारा नियुक्त किया गया है।

आईएमएफ सार्वजनिक रूप से यह खुलासा नहीं करता है कि एसबीए मंजूरी में कितने देशों ने मतदान किया है। इसकी वजह यह है कि आईएमएफ का कार्यकारी बोर्ड गोपनीय संस्था है और इसके विचार सार्वजनिक नहीं किए जाते हैं।

मतदान के 3.5 प्रतिशत अधिकार के साथ भारत के आईएमएफ में कार्यकारी निदेशक केवी सुब्रमण्यन बांग्लादेश, भूटान और श्रीलंका का भी आईएमएफ बोर्ड में प्रतिनिधित्व करते हैं।

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बीरबाइसेप्स (रणवीर अल्लाहबाडिया) के साथ साक्षात्कार में पिछले महीने सुब्रमण्यन ने कहा था कि जवाबदेही के बगैर अधिकार होना पाकिस्तान की आर्थिक समस्याओं की मूल वजह है।

उन्होंने कहा, 'बेहतरीन नीति, बेहतरीन प्रशासन का परिणाम होती है। इसी तरह से खराब नीति खराब प्रशासन का परिणाम है। जब आप बगैर दायित्वों के अधिकार पाते हैं तो इसका परिणाम बुरा प्रशासन होता है। आपके पास तमाम फैसले करने का अधिकार होता है, लेकिन उन फैसलों के परिणामों के लिए आप जवाबदेह नहीं होते।

इस तरह से आपके पास अधिकार होते हैं, लेकिन जवाबदेही नहीं होती है। यह आपदा की वजह बनती है।'

पाकिस्तान के साथ भारत का संबंध पिछले 5 साल में बहुत खराब रहा है।

अगस्त 2019 में भारत द्वारा जम्मू कश्मीर के विशेष राज्य का दर्जा हटाए जाने और अनुच्छेद 370 खत्म करने के बाद इमरान खान सरकार ने भारत के साथ हर तरह के व्यापारिक संबंध खत्म कर दिया था।

पुलुवामा हमले के बाद भारत ने फरवरी 2019 में पाकिस्तान से मोस्ट फेवर्ड नेशन (एमएफएन) का दर्जा वापस ले लिया था और पाकिस्तान से सभी आयातों पर 200 प्रतिशत कर लगा दिया था। हालांकि भारत ने आयात या निर्यात पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया था।

व्यवधानों के पहले वित्त वर्ष 19 में भारत और पाकिस्तान के बीच कुल कारोबार 2.6 अरब डॉलर था, जो वित्त वर्ष 23 में घटकर 60.7 करोड़ डॉलर रह गया है। पाकिस्तान से भारत में बहुत मामूली आयात होता है।

# यूके के बाद अब नीदरलैंड यूनिट के लिए फंड चाहती है टाटा स्टील, जल्द सौंपेगी सरकार को प्रस्ताव

ब्रिटेन में फंडिंग हासिल करने के बाद टाटा स्टील अपने परिचालन को कॉर्बन-मुक्त (डीकार्बोनाइजेशन) करने की योजना के क्रियान्वयन के लिए नीदरलैंड सरकार से वित्तीय सहायता चाहती है।

टाटा स्टील ने अक्टूबर, 2021 में टाटा स्टील-यूके और टाटा स्टील-नीदरलैंड को टाटा स्टील-यूरोप से दो स्वतंत्र कंपनियों के रूप में अलग करने की प्रक्रिया पूरी कर ली है।

टाटा स्टील के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक टी वी नरेंद्रन ने कहा, 'नीदरलैंड में हम जल्द ही नियामकीय (रेगुलेटरी) और वित्तीय सहायता के लिए वहां की सरकार को एक विस्तृत 'डीकार्बोनाइजेशन' प्रस्ताव देंगे।'

टाटा स्टील-नीदरलैंड उत्सर्जन और स्वास्थ्य मानकों को लेते हुए अपने परिचालन को कॉर्बन-मुक्त करने के तौर तरीकों पर गहनता से काम कर रही है। टाटा स्टील ने बयान में कहा कि दोनों पक्ष इस परियोजना की विस्तृत शर्तों पर चर्चा करेंगे। इसमें कहा गया है कि टाटा स्टील का निदेशक मंडल उचित समय पर इस परियोजना को मंजूरी देने को लेकर विचार करेगा।

कंपनी ने नीदरलैंड में अपने परिचालन को कॉर्बन-मुक्त करने की योजना पर और जानकारी नहीं दी है। नीदरलैंड में कंपनी के पास आईम्यूदेन में 70 लाख टन सालाना क्षमता का प्लांट है। कंपनी का लक्ष्य यूरोप में 2050 तक सीओ2-निरपेक्ष इस्पात का उत्पादन करने का है। इससे पहले 15 सितंबर को टाटा स्टील और ब्रिटेन सरकार ने कंपनी के पोर्ट टालबोट स्टील प्लांट की डीकार्बोनाइजेशन योजनाओं के लिए 1.25 अरब पाउंड के संयुक्त निवेश पर सहमति दी है। टाटा स्टील ने कहा कि इस 1.25 अरब पाउंड में से 50 करोड़ डॉलर योगदान ब्रिटेन सरकार का होगा।

# एफपीआई की चाल, अक्टूबर में घरेलू ऋण बाजार में विदेशी निवेश बढ़ा

घरेलू डेट यानी ऋण बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का शुद्ध निवेश अक्टूबर में चालू कैलेंडर वर्ष में तीसरी बार सबसे अधिक रहा। बाजार कारोबारियों का कहना है कि वैश्विक अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनाव के बीच ऊंचे प्रतिफल की चाह में विदेशी निवेशकों ने भारतीय ऋण बाजार पर जोर दिया है।

नैशनल सिक्योरिटीज डिपोजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार डेट में एफपीआई निवेश अक्टूबर में 6,322 करोड़ रुपये रहा, जो सितंबर में 768 करोड़ रुपये था।

बाजार कारोबारियों का कहना है कि ज्यादातर निवेश कॉरपोरेट बॉन्डों के माध्यम से आया। सरकारी बॉन्डों में ज्यादा तेजी दर्ज नहीं की गई, क्योंकि अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्डों और घरेलू सरकारी बॉन्डों के बीच प्रतिफल अंतर लगातार सीमित बना हुआ है।

बॉन्ड बाजार विश्लेषक एवं रॉकफोर्ट फिनकैप एलएलपी के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक वेंकटकृष्णन श्रीनिवासन ने कहा, 'ऊंचे प्रतिफल वाले कॉरपोरेट बॉन्ड निर्गमों में तेजी आई है। प्रतिफल भी बढ़ा है। इसलिए अब लोगों ने ऊंचे प्रतिफल पर ध्यान देना शुरू कर दिया है, क्योंकि सरकारी बॉन्ड और अमेरिकी बॉन्ड के बीच ज्यादा अंतर नहीं रह गया है।' प्रतिफल में अक्सर ज्यादा अंतर भारतीय बॉन्डों को विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने में मददगार होता है, क्योंकि इन बॉन्डों से संभावित प्रतिफल अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्डों के मुकाबले ज्यादा होता है। प्रतिफल में कम अंतर से संकेत मिलता है कि एक प्रकार के बॉन्ड में दूसरे प्रकार के निवेश से संभावित अतिरिक्त प्रतिफल कम हो गया है, इसलिए विदेशी निवेशक सुरक्षित विकल्प में निवेश पसंद करते हैं।

नई दिल्ली
सोमवार 06 नवंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### वर्ल्ड किक बाक्सिंग चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती पेश करेंगे यूपी के आदित्य

लखनऊ। पुर्तगाल में होने वाली आगामी वर्ल्ड किक बाक्सिंग चैंपियनशिप-2023 में उत्तर प्रदेश के आदित्य मकोरवाल भारतीय किक बाक्सिंग टीम का प्रतिनधित्व करेंगे। किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ़ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अरविंद शेरवालिया और संयुक्त सचिव अभिषेक मौर्य ने बताया कि वर्ल्ड एसोसिएशन ओफ़ किकबॉक्सिंग ऑर्गेनाइज़ेशन (वाको) के तत्वावधान में पुर्तगाल के एल्बूफ़ायर में आगामी 17 से 26 नवंबर तक वर्ल्ड किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप-2023 आयोजित होगी। चैंपियनशिप में मेरठ शहर के क़स्बे फलावदा निवासी आदित्य मकोरवाल 57 किलो भार वर्ग लाइट कांटैक्ट इवेंट में चुनौती पेश करेंगे। आदित्य इससे पहले अम्मान (जार्डन) में आयोजित जार्डन किक बाक्सिंग टूर्नामेंट-2023 में दो स्वर्ण पदक जीत चुके है। उन्होंने एशियन किक बाक्सिंग चैंपियनशिप-2022 में पांचवीं रैंक हासिल की थी। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर पर आदित्य ने 2 स्वर्ण, 2 रजत व 2 कांस्य पदक जीते है। भारतीय टीम में चयनित होने वाले उत्तर प्रदेश के पहले खिलाड़ी आदित्य को यूपी ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष डा.सैयद रफत जुबैर रिजवी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कामना करते हुए देश के लिए पदक जीतने की शुभकामनाएं दी।

### राष्ट्रीय खेल : हॉकी मुकाबलों में झारखड़ ने पंजाब, हरियाणा ने दिल्ली को हराया

पणजी। राष्ट्रीय खेलों में रविवार को पुरुष हॉकी मुकाबलों में झारखड़ ने पंजाब को, हरियाणा ने दिल्ली को हराया। वहीं उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु तथा झारखंड़ और कर्नाटक के बीच खेले गये मुकाबले ड्रा पर छुटे। झारखंड ने आज सुबह खेले गये मुकाबले में पंजाब को 1-0 से हरा हरा दिया। पहले हाफ में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकी। दूसरे हाफ में झारखंड ने गोल दागकर बढ़त ली और उसे मैच के आखिर तक बनाये रखते हुए मुकाबला जीत लिया। वहीं दूसरे मुकाबले में हरियाणा ने दिल्ली को 5-1 से हराया। पहले हाफ दोनों ही टीमें कोई गोल नहीं कर सकी। वहीं दूसरे हाफ में हरियाणा ने चार और दिल्ली ने एक गोल किया। तीसरा हाफ गोल रहित रहा। चौथे हाफ में हरियाणा ने एक और गोलकर बढ़त को 5-1 कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु के बीच खेले गया तीसरा 2-2 से ड्रा रहा। पहले हाफ में एक गोल हुआ। वही दूसरे हाफ में दो गोल दागे गये। तीसरा हाफ गोल रहित रहा। तथा चौथे हाफ में एक गोल हुआ और मुकाबला 2-2 से ड्रा रहा। झारखंड़ और कर्नाटक के बीच खेला गया चौथा मुकाबला गोल रहित ड्रा पर छुटा। दोनों ही टीमें मुकाबले में गोल नहीं कर सकी और मैच 1-1 से ड्रा रहा।

### ओमान ने नेपाल को सुपर ओवर में 11 रन से हराया

कीर्तिपुर। ओमान ने रविवार को पुरुष टी-20 विश्वकप एशिया क्वालीफायर फाइनल के रोमांचक मुकाबले के सुपरओवर में नेपाल को 11 रन से हरा दिया है। नेपाल ने आज सुबह टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान रोहित पॉडेल के 37 गेंदों में नाबाद 52 रन और गुलशन झा 25 गेंदों में 54 रन की अर्धशतकीय पारी की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में 184 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके बाद नेपाल कें गेदबाजों ने अंतिम ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ओमान को 184 रनों पर रोककर मुकाबले को टाई करा दिया। सुपर ओवर ओमान ने 21 रन बनाये। वहीं नेपाल एक विकेट पर 10 रन ही बना सका और मुकाबला 11 रनों से हार गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की शुरुआत खराब रही और तीसरें ओवर की चौथी गेंद आसिफ़ शेख छह रन के रूप में उसे पहला झटका लगा। उसके बाद सातवें ओवर की चौथी गेंद पर संदीप जोरा 10 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। आठवें ओवर में कुशल भुर्तेल 31 रन को अकीब ने मेहरान के हाथों कैच आउट कर दिया। अकीब ने कुशल मल्ला तीन रन को बोल्ड आउट किया। रोहित पॉडेल ने गुलशन झा के साथ पारी को संभाला। दोनों के बीच 78 रनों की साझेदारी हुई। 17वें ओवर की छठीं गेंद पर अहमद ने गुलशन झा 54 को शकील के हाथों कैच आउट कराया।

### जोकोविच, रूबलेव को हराकर रोलेक्स पेरिस मास्टर्स के फाइनल में पहुंचे

पेरिस। नोवाक जोकोविच रोलेक्स पेरिस मास्टर्स के सेमीफाइनल में आंद्रे रुबलेव पर 5-7, 7-6 (3), 7-5 से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में पहुंच गये है। शनिवार को यहां खेले गये सेमीफाइनल मुकाबले में टेनिस में एक नंबर रैकिंग वाले जोकोविच ने अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए अपने करियर के रिकॉर्ड-विस्तारित 58वें मास्टर्स 1000 फाइनल में पहुंच गये है। वह अब रिकॉर्ड-विस्तारित 40वें मास्टर्स 1000 खिताब से एक जीत दूर हैं। जोकोविच की इस वर्ष की यह 50वीं जीत है। वह एक ही वर्ष में 50 या अधिक मैच जीते का कारनामा 14 बार कर चुके है। वह ओपन में 14 अलग-अलग सत्र में 50 या अधिक मैच जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं और जिमी कॉनर्स के साथ दूसरे स्थान पर हैं। जोकोविच ने वर्ष 2007 में (68), 2008 में (64), 2009 में (78), 2010 में (61), 2011 में (70), 2012 में (75), 2013 में (74), 2014 में (61), 2015 में (82), 2016 में (65), 2018 में (53), 2019 में (57) और 2021 (55) जीत दर्ज की थी। जोकोविच अब अपने सातवें रोलेक्स पेरिस मास्टर्स खिताब से एक जीत दूर हैं।

### सचिन ने किया एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस हैदराबाद हाफ मैराथन 2023 का उद्घाटन

हैदराबाद। अपने समय के दिग्गज क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने रविवार को एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस हैदराबाद हाफ मैराथन 2023 का उद्घाटन किया। आज सुबह गाचीबोवली स्टेडियम में आठ हजार उत्साही धावकों के बीच सचिन तेंदुलकर ने एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस हैदराबाद हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाई। सचिन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस हैदराबाद हाफ मैराथन 2023 के लिए लगभग 8,000 उत्साही धावकों को भाग लेते देखना शानदार था। मैं व्यक्तिगत रूप से दृष्टिबाधित धावकों के साहस से प्रभावित हुआ। वे हम सभी के लिए प्रेरणा हैं। हमारे ग्रह के स्वास्थ्य की देखभाल करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि हमारे स्वयं के स्वास्थ्य की देखभाल करना। इस दिशा में एक पहल यह है कि सभी मैराथन प्रतिभागियों की ओर से हमारे द्वारा 10 हजार पेड़ लगाए जा रहे हैं।

### राज्यपाल ने कोलकाता में होने वाले विश्वकप मैच के टिकट लौटाए

कोलकाता। राजभवन के एक अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने शनिवार को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच बहुप्रतीक्षित क्रिकेट विश्व कप मैच के चार मानार्थ टिकट कालाबाजारी के आरोपों के बाद लौटा दिए। ईडन गार्डन्स मुकाबले के टिकट उन्हें बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन (सीएबी) द्वारा उपलब्ध कराए गए थे। अधिकारी ने बताया, राज्यपाल ने सीएबी को मानार्थ टिकट लौटा दिए हैं। उन्होंने राजभवन में एक जनता स्टेडियम खोलने का फैसला किया है, जहां लोग विशाल स्क्रीन पर मैच देख सकेंगे। उन्होंने कहा, मैच देखने के लिए दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर कुल 500 लोगों को प्रवेश दिया जाएगा। राजभवन लॉन में प्रवेश के लिए प्रशंसक ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। अधिकारी ने बताया कि राजभवन शिकायत प्रकोष्ठ को रविवार के मैच के टिकटों की कालाबाजारी की कई शिकायतें मिलने के बाद बोस का फैसला आया। पुलिस ने कहा कि 1 नवंबर से अब तक टिकटों की गैरकानूनी बिक्री के आरोप में 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इधर, पुलिस ने अब तक टिकट कालाबाजारी के आरोप में 16 लोगों को गिरफ्तार किया है, विभिन्न पुलिस स्टेशनों में 7 मामले दर्ज किए हैं। वहीं रविवार को होने वाले भारत-दक्षिण अफ्रीका के 94 टिकट जब्त किए हैं।

# विराट के शतकीय प्रहार और जडेजा के पंजे से दक्षिण अफ्रीका को 243 रनों से हराया

कोलकाता। भारत ने रविवार को आईसीसी विश्वकप के 37वें मुकाबले में विराट कोहली नाबाद 101 रनों की शतकीय पारी के बाद रवींद्र जडेजा के पांच विकेट की बदौलत दक्षिण पर 243 रनों की विशाल जीत हासिल करते हुए टूर्नामेंट में अपने विजय क्रम को जारी रखा है।





327रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम भारतीय गेंदबाजों के आगें नहीं टिक सकी और पूरी टीम 27.1 ओवर में 83 रनों पर ढेर हो गई।

दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत खराब रही और दूसरे ओवर की चौथी गेंद पर उसके सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक पांच रन को सिराज ने बोल्ड कर चलता कर दिया। उसके बाद नौवें ओवर की तीसरी गेंद पर जडेजा ने कप्तान तेम्बा बवूमा 11 रन को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। शमी ने 10 ओवर में एडन मारक्रम नौ रन का शिकार किया। हाइनरिक क्लासन एक रन को जडेजा ने पगबाधा आउट किया। शमी ने 14वें ओवर में रासी वान दर दुसें 13 रन पगबाधा आउट किया। जडेजा ने 17वें ओवर में डेविड मिलर 11 रन को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। मार्को यानसन 14 रन का शिकार 19वें ओवर में कुलदीप ने किया। केशव महाराज सात रन को जडेजा ने बोल्ड आउट किया। कगिसो रबाडा छह रन जाडेजा का पांचवां शिकार बने। उसके बाद कुलदीप ने 28वें ओवर की पहली गेंद पर लुंगिसानी एनगिडी शून्य पर बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीकी की पारी का अंत कर दिया।

भारत की ओर से रवींद्र जडेजा ने पांच विकेट लिये। मोहम्मद शमी, और कुलदीप को दो-दो विकेट मिले। वहीं सिराज ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विराट कोहली नाबाद 101 रन, श्रेयस अय्यर 77 रन और कप्तान रोहित शर्मा के 40 रनों की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को 327 रनों का लक्ष्य दिया है।

ईडन गार्डन स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत की रोहित शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने टीम को अच्छी शुरुआत दी। भारत को पहला झटका रोहित शर्मा 24 गेंदों में 40 रन के रूप में लगा। उन्हें रबाडा ने विकेटकीपर बवूमा के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये विराट कोहली ने शुभमन गिल के साथ पारी को संभाला ।

11वें ओवर की तीसरी गेंद पर महाराज ने शुभमन गिल 23 को पवेलियन भेजकर भारत को दूसरा झटका दिया। गिल के जाने के बाद बल्लेबजी करने आये श्रेयस अय्यर ने तीसरे विकेट के लिए विराट के साथ 134 रनों की मजबूत साझेदारी की। अय्यर को 37वें ओवर में एनगिडी ने मारक्रम के हाथों कैच आउट कराया। 43वें ओवर में के एल राहुल आठ रन के रूप में भारत का चौथा विकेट गिरा। पांचवे आउट होने वाले बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव 22 रन थे उन्हें शम्सी ने डिकॉक के हाथों कैच आउट कराया। रवींद्र जडेजा 29 रन बनाकर नाबाद रहे।

दक्षिण अफ्रीका की ओर से लुंगी एंगिडी, मार्को यानसेन, कगिसो रबाडा, केशव महाराज और तबरेज शम्सी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## कोहली ने 49 वां शतक बनाकर सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी की

कोलकाता। भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने आज अपने जन्मदिन पर ईडन गार्डन स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना 49 वां शतक बनाकर सचिन तेंदुलकर के सबसे अधिक रिकॉर्ड 49वें शतक की बराबरी कर ली हैं।



विराट कोहली का इस विश्वकप में यह दूसरा शतक है।

इससे पहले उन्होंने 48 वां एकदिवसीय शतक बंगलादेश के खिलाफ लगाया था। विराट कोहली ने यह शतक 119 गेंदों में पूरा किया।

इसी मुकाबले में कोहली ने 34 विश्वकप में 1500 रन का आंकड़ा पार कर लिया है।

इस दौरान उनका औसत 53 से अधिक का रहा है। उन्होंने तीन शतक और 11 अर्धशतक जड़े हैं। इस सूची में सचिन तेंदुलकर (2278) के साथ शीर्ष पर, इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग (1743) मौजूद हैं। और अब कोहली इस उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने 28वें रन बनाने के साथ यह उपलब्धि हासिल की।

### पाकिस्तान पर धीमे ओवर के लिए लगा मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना

बेंगलुरु। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने विश्व कप 2023 के कल खेले गये लीग मुकाबले न्यूजीलैंड के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए पाकिस्तान पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने पाकिस्तान गेंदबाजों द्वारा अधिक समय लेने पर पाकिस्तान की टीम पर यह जुर्माना लगाया। आईसीसी की आज यहां जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार निर्धारित समय में धीमी गेंदबाजी करने के लिए उनकी मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने माफी मांग ली है और दी गई सजा स्वीकार कर ली है ।

## सचिन तेंदुलकर और पुलेला गोपीचंद ने हाफ मैराथन के विजेताओं को किया सम्मानित

हैदराबाद। अपने समय के दिग्गज क्रिकेट खिलाड़ी और एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस (एएफएलआई) के ब्रांड एंबेसडर सचिन तेंदुलकर और भारतीय बैडमिंटन टीम के मुख्य राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद ने रविवार को हाफ मैराथन के विजेताओं को सम्मानित किया।



इससे पहले आज सुबह तेंदुलकर ने गाचीबोवली स्टेडियम में उत्साही आठ हजार धावकों को हैदराबाद हाफ मैराथन (एचएचएम) 2023 के लिए हरी झंडी दिखाई।

इस अवसर पर सचिन तेंदुलकर ने हैदराबाद हाफ मैराथन के विजेताओं को बधाई दी और उनके सहास की प्रशंसा की। उन्होंने न केवल चैंपियनों बल्कि उन सभी प्रतिभागियों की भी सराहना की जिन्होंने निडर होकर दौड़ में भाग लिया।

एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और सीईओ विघ्नेश शहाणे ने कहा कि एचएचएम का शीर्षक प्रायोजक बनना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। हमारा उद्देश्य भविष्य के संस्करणों में इसे और भी महत्वपूर्ण बनाना है।

पुरुष वर्ग में तेलंगाना के बी रमेश चंद्र ने हाफ मैराथन को एक घंटे 13 मिनट और 10 सेकंड में पूरा करके शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं सतीश कुमार 1.15: 50 और पीयूष मसाने 1.16: 56 ने इस श्रेणी में दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

महिलाओं वर्ग में महाराष्ट्र की प्राजक्ता गोडबोले ने हाफ मैराथन की दूरी एक घंटे, 23 मिनट और 45 सेकंड शीर्ष पर रही। प्रीनू यादव 1.24.46 और तेजस्विनी उम्बकाने 1.25.11 ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

टाइम्ड 10 के रेस में अधिकांश समय तक चेतन कुमार (0.34:21) और भरत सिंह (0.35: 13) के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखी गई, चेतन अंततः आगे बढ़ते हुए खिताब पर कब्जा कर लिया। निखिल एरीगिला (0.35:24) ने सराहनीय तीसरा स्थान अर्जित किया।

# अमेरिका बना रहा नया परमाणु बम

**दावा- ये हिरोशिमा पर गिरे बम से 24 गुना ताकतवर; मॉस्को पर गिरा तो 3 लाख लोग मारे जाएंगे**

अमेरिका एक ऐसा परमाणु बम बना रहा है, जो 1945 में हिरोशिमा पर गिराए गए बम से 24 गुना ज्यादा ताकतवर माना जा रहा है। न्यूजवीक की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर इसे मॉस्को पर गिराया जाएगा तो ये 3 लाख से ज्यादा लोगों की जान ले सकता है। वहीं करीब 8.68 लाख लोग घायल होंगे। ये परमाणु बम 1960 के दशक में कोल्ड वॉर के दौरान बनाए गए B61 ग्रैविटी बम का ही एक टाइप है।

न्यूजवीक के मुताबिक, पेंटागन ने एक न्यूज रिलीज में बताया कि B61-13 बम के जरिए राष्ट्रपति बाइडेन को कुछ कठिन और बड़े क्षेत्र वाले मिलिट्री टारगेट्स के लिए विकल्प मिल पाएंगे। साथ ही इससे विरोधियों के खिलाफ अमेरिका को मजबूत करने और उसके सहयोगियों का भरोसा बनाए रखने में भी मदद मिलेगी।

### आधे मील में सब कुछ भांप बन जाएगा

पेंटागन ने अभी ये नहीं बताया है कि ये बम सही मायने में कितना ताकतवर है। हालांकि, अधिकारियों ने कहा है कि ये पुराने वर्जन बी 61-7 के लेवल पर विस्फोट करने में सक्षम होगा।

बी 61-7 परमाणु बम की क्षमता 360 किलोटन टीएनटी के बराबर थी। ये दूसरे विश्व युद्ध में जापान के हिरोशिमा पर गिराए गए 15 किलोटन बम की क्षमता से करीब 24 गुना ज्यादा थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, बम जिस जगह फटेगा, वहां से आधे मील के रेडियस में जो भी होगा वो आगे के गोले के साथ भांप बन कर उड़ जाएगा। वहीं आसपास की इमारतें तबाह हो जाएंगी और करीब डेढ़ किमी के दायरे में मौजूद सभी लोगों की मौत हो जाएगी।

### 3.2 किमी में मौजूद सब लोगों की 1 महीने में होगी मौत

न्यूजवीक ने बताया कि 3.2 किमी के अंदर मौजूद हर व्यक्ति पर रेडिएशन का असर इतना होगा कि उसकी अगले 1 महीने में मौत हो जाएगी। तो वहीं बचे हुए लोगों में से करीब 15ल की बाद में कैंसर से मरने की आशंका है।

न्यूकमैप के मुताबिक, 2 मील के इलाके में बम विस्फोट से इमारतें ढह जाएंगी, आग लगने की आशंका बहुत ज्यादा होगी और मौत का आंकड़ा लगातार बढ़ेगा। इसके अलावा कई लोग बुरी तरह झुलस जाएंगे और गंभीर बीमारियां भी होंगी।

ऐसे तो अमेरिका ने रूस पर परमाणु हमला करने जैसी कोई धमकी नहीं दी है, लेकिन न्यूकमैप के मुताबिक, अगर ये बम रूस के सेंट पीटर्सबर्ग शहर पर गिराया जाता है तो करीब 3.60 लाख लोगों की मौत होगी, जबकि करीब 7 लाख लोग घायल होंगे।

दूसरी तरफ रूस की नई न्यूक्लियर-पावर्ड सबमरीन इम्पीरेटर अलेक्जेंडर 3 ने परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बुलावा बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। रूस-यूक्रेन जंग के बाद से पुतिन बढ़ते सुरक्षा खतरों का हवाला देते हुए रूस की परमाणु क्षमता बनाए रखने पर जोर देते आए हैं।

2 नवंबर को रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने परमाणु हथियार परीक्षणों पर प्रतिबंध लगाने वाली ग्लोबल ट्रीटी से रूस का नाम वापस ले लिया।

## ट्रूडो के बयान से निज्जर केस की जांच पर असर

**भारतीय हाई कमिश्नर बोले- कनाडाई अफसरों ने भारत पर आरोप लगाने के आदेश दिए**

ओटावा। कनाडा में मारे गए खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच पर वहां के पीएम जस्टिन ट्रूडो के बयान से असर पड़ा है। ट्रूडो के बयान से कनाडा पुलिस की जांच पर भी सवाल उठे हैं। यह बात कनाडा में भारत के हाई कमिश्नर संजय कुमार वर्मा ने कही है।



कनाडा के मीडिया हाउस ग्लोब एंड मेल को शनिवार को दिए इंटरव्यू में वर्मा ने कहा कि कनाडा में ऊंचे स्तर पर बैठे अधिकारियों की तरफ से पहले ही आदेश आ चुका था कि निज्जर की हत्या का आरोप भारत और वहां की एजेंसियों पर लगाना है।

भारतीय उच्चायुक्त ने इंटरव्यू में कहा कि भारत को कभी भी इस विषय में कोई ठोस सबूत नहीं दिखाए गए। उन्होंने इस केस से जुड़े सबूत पेश करने की मांग भी की।

वर्मा ने आगे कहा- जांच में सहायता के लिए हमें कोई खास जानकारी नहीं दी गई। मैं कनाडा से पूछना चाहुंगा कि सबूत कहां हैं? जांच की रिपोर्ट कहां है? निज्जर की हत्या में भारत के शामिल होने वाले आरोप नकारते हुए भारतीय हाई कमिश्नर ने कहा- डिप्लोमैट्स के बीच की बातचीत को कोर्ट या सार्वजनिक तौर पर सबूत की तरह इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। ये अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है।

संजय वर्मा ने कहा- कनाडा गैरकानूनी वायरटैप और सबूतों के बारे में बात कर रहा है। मैं देखना चाहुंगा कि उन्हें ये सबूत कैसे मिले और उन्होंने इसे कैसे इकट्ठा किया। इस बात का क्या सबूत है कि ये डिप्लोमैट्स की आवाज की नकल नहीं है।

दरअसल, सितंबर में कनाडाई मीडिया सीबीसी की रिपोर्ट में बताया गया था कि, कनाडा के पास भारतीय एजेंट्स की कम्युनिकेशन डीटेल्स हैं। भारतीय डिप्लोमैट्स किससे मिले, किससे बात की, इन सबको ट्रैक किया गया था।

इंटरव्यू के दौरान संजय वर्मा से पूछा गया कि क्या कनाडा ने भारत से किसी भी ऐसे व्यक्ति को प्रत्यर्पित करने के लिए कहा था जो निज्जर की हत्या में शामिल हो। इस पर उन्होंने जवाब दिया कि ये 2 सरकारों के बीच की बात है।

हालांकि, वर्मा ने कहा कि भारत ने पिछले 5-6 देशों में करीब 26 बार कनाडा से लोगों को प्रत्यर्पित करने को कहा था और वो अब भी इस पर एक्शन का इंतजार कर रहे हैं। हाई कमिश्नर ने बताया कि उन्हें मिल रही लगातार धमकियों को देखते हुए सुरक्षा बढ़ाई गई है।

### गाजा पट्टी से वतन लौटे 11 श्रीलंकाई नागरिक

**कोलंबो।** गाजा पट्टी में फंसे दो वयस्कों और नौ बच्चों सहित दो परिवारों के ग्यारह श्रीलंकाई नागरिक रविवार को सुरक्षित श्रीलंका पहुंच गए हैं। यह जानकारी श्रीलंका के विदेश मंत्रालय की है। मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि राजदूत मामलों के प्रभाग ने काहिरा, रामल्लाह और तेल अवीव में श्रीलंका मिशनों के सहयोग से व्यवस्थाओं का समन्वय किया। मंत्रालय ने कहा कि दो नवंबर को मिस्र के अधिकारियों के समन्वय से काहिरा में श्रीलंकाई दूतावास द्वारा राफा बॉर्डर क्रॉसिंग के माध्यम से गाजा पट्टी से मिस्र में ग्यारह श्रीलंकाई लोगों के प्रवेश की सुविधा प्रदान की गई थी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसने अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन की सहायता से लौटने वालों के लिए रसद और हवाई परिवहन की व्यवस्था की सुविधा प्रदान की।

### उरुग्वे के गृह मंत्री ने दिया इस्तीफा

मोंटेवीडियो। उरुग्वे के गृह मंत्री लुइस अल्बर्टो हेबर, उप मंत्री गुइलेर्मो मैकिएल और संचार एवं रणनीति मामले के लिए राष्ट्रपति के सलाहकार रॉबर्टो लाफ्लुफ ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वांछित ड्रग-तस्कर को पासपोर्ट जारी करने के मामले के बीच इस्तीफा दे दिया है। अखबार ने रविवार को यह खबर दी। ला डायरिया अखबार ने अपने रिपोर्ट में बताया है कि राष्ट्रपति लुइस लैकले पो ने शनिवार को एक सम्मेलन में कहा कि उन्होंने अधिकारियों का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गृह मंत्रालय के सचिवालय के महानिदेशक निकोलस मार्टिनेली उरुग्वे के गृह मंत्री का पद संभालेंगे, जबकि उद्योग, ऊर्जा एवं खनन मंत्री उमर पगनिनी देश के नए विदेश मंत्री होंगे। उल्लेखनीय है कि उरुग्वे के विदेश मंत्री फ्रांसिस्को बस्टिलो ने गुरुवार को लीक हुए फोन कॉल के बाद इस्तीफा दे दिया था। उन पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने ड्रग-तस्कर सेबेस्टियन मार्सेट के पासपोर्ट जारी करने की जांच में बाधा डालने की कोशिश की थी। कथित तौर पर इसके कारण राष्ट्रपति के लिए राजनीतिक संकट पैदा हो गया था। मार्सेट को कथित तौर पर 2021 में उरुग्वे के विदेश मंत्रालय के माध्यम से एक दिन में एक नया पासपोर्ट प्राप्त हुआ था। उस समय वह वह संयुक्त अरब अमीरात में हिरासत में था।

### हमास आंदोलन को खत्म करने का आह्वान

बर्लिन। जर्मन वाइस चांसलर एवं वित्त मंत्री रॉबर्ट हैबेक ने फिलिस्तीनी हमास आंदोलन का इजरायल पर हमला 'सभ्य दुनिया' पर युद्ध की घोषणा है और आंदोलन को ही नष्ट कर देना चाहिए। वेल्ट न्यूज चैनल ने श्री हैबेक के हवाले से कहा, मूल रूप से, हमास को नष्ट किया जाना चाहिए क्योंकि इसने मध्य पूर्व में शांति प्रक्रिया को नष्ट कर दिया है। फिलिस्तीनियों को अपना देश बनाने का अधिकार है, इसलिए दो राज्यों का निर्माण संघर्ष का सही राजनीतिक समाधान है लेकिन ऐसा निर्णय हमास के हित में नहीं है। हैबेक ने कहा, वे (हमास) फिलिस्तीनी लोगों को अपना राज्य दिलाने के लिए नहीं लड़ रहे हैं। वे युद्ध के लिए लड़ रहे हैं। वे युद्ध शुरू करना चाहते हैं और इजरायल को नष्ट करना चाहते हैं जो निश्चित रूप से नहीं होगा लेकिन यह अपनी आबादी के लिए असहनीय पीड़ा लाएगा। मंत्री ने कहा कि हमास अपने कार्यों को 'राजनीतिक प्रस्ताव' के रूप में पेश करके दूसरों को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, यह कोई राजनीतिक प्रस्ताव नहीं है यह सभ्य दुनिया पर युद्ध की घोषणा है। गौरतलब है कि सात अक्टूबर को फिलिस्तीनी समूह हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ एक आश्चर्यजनक बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया। साथ ही पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया।

### हसीना एक सम्मेलन में शामिल होने सऊदी अरब के लिए हुयीं रवाना

ढाका। बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना जेद्दा में 'इस्लाम में महिलाएं- स्थिति और सशक्तिकरण' विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए रविवार सुबह ढाका से सऊदी अरब के लिए रवाना हुयीं। इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के महासचिव के समन्वय में सऊदी अरब छह से आठ नवंबर तक सम्मेलन की मेजबानी करेगा। बिमान बंगलादेश एयरलाइंस की एक वाणिज्यिक उड़ान, प्रधानमंत्री और उनके दल को लेकर सुबह 9: 10 बजे हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हुयी। उनका स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 1: 30 बजे मदीना में प्रिंस मोहम्मद बिन अब्दुल अजीज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने का कार्यक्रम है। रविवार को प्रधानमंत्री अस्र की नमाज के बाद पैगंबर (पीबीयूएच) के रौजा मुबारक में फातेहा पेश करेंगे। फिर शेख हसीना मदीना से जेद्दा के लिए रवाना होंगी और फिर मक्का में उमरा करेंगी। इसके अलावा, शेख हसीना महिला और परिवार मामलों के विभाग के ईरानी उपाध्यक्ष एनसेह खजाली, ओआईसी महिला विकास संगठन के कार्यकारी निदेशक डॉ. अफनान अलशुएबी और सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान के साथ अलग-अलग बैठकें करेंगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

नई दिल्ली
सोमवार 06 नवंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

# दिल्ली को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए दिल्ली सीमा पर दिल्ली के चारों ओर वनों जंगलों को बनाया जाए

दिल्ली पंचायत संघ ने आज अपने पंच प्रमुखो की बैठक में दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण से छोटे छोटे बच्चे, बुजुर्ग व बेजुबान पक्षीयों की परेशानी देख कर उपराज्यपाल दिल्ली व मुख्यमंत्री दिल्ली से मांग की कि दिल्ली को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए दिल्ली सीमा पर दिल्ली के चारों ओर वनों जंगलों को बनाया जाए। और इसमें बरगद,नीम,पीपल जैसे बड़े वृक्ष लगाएं जाएं।फलदार वृक्षों को भी लगाया जाए। बेजुबान पक्षीयों जानवरों के लिए।और इनमें थोड़ी थोड़ी दूरी पर तालाब वाटर बॉडी की तरह बनाए जाएं। ताकि इनमें बेजुबान पक्षीयों का बसेरा हो ओर



इनको भी प्रदूषण से बचाया जा सके।

पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि सरकार इन वनों,जंगलों के लिए एक बोर्ड का गठन करे।ओर इसमें गांवों को भी जोड़े।ओर संबंधित विभाग की जिम्मेवारी तय करें कि इनकी देखरेख ठीक से हो। इसके लिए एक अलग से फंड की व्यवस्था हो। उसे इन पर खर्च करें जब तक ये वन जंगल बड़े नहीं हो जाए। सह प्रमुख सुनील शर्मा ने कहा कि दूसरी ओर दिल्ली के गांवों में जो तालाब मौजूद है। उनका क्षेत्रफल बढ़ाया जाए। उसमें भी ऐसे ही बड़े वृक्ष लगे और इसके लिए भी फंड की व्यवस्था हो। इनकी जिम्मेदारी गांव वालों को सौंपी जाए। इससे वातावरण स्वच्छ रहेगा। दिल्ली को प्रदूषण से राहत मिलेगी। दूसरा इनके साथ साथ छोटी छोटी गऊशाला खोली जाएं। ताकि वनों जंगलों को खाद भी मिलता रहे। ओर बच्चों को पवित्र दुध भी।

वहीं दिल्ली में दो बड़ी नदियों यमुना नदी व साहिबी नदी के दोनों ओर इसी तरह हरित पट्टी विकसित की जाएं।

दिल्ली पंचायत संघ ने मांग की कि जब तक हर साल इस दम घोंटू प्रदूषण से छुटकारा नहीं मिलता तब तक सरकार दिल्ली में ओर शहरी जोन ना बनाए।ओर दिल्ली को स्वच्छ व सुंदर शहर की बजाए स्लम ना बनाए।

दिल्ली पंचायत संघ इसलिए बार-बार मांग करता आ रहा है कि दिल्ली देहात व गांवों का विकास करें। उन्हें बर्बाद ना करें।

# पूर्व प्रधान के दो हत्यारे पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश में बुलन्दशहर जिले के सलैमपुर थाना में पूर्व प्रधान की हत्या के दो आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है।

एसएसपी श्लोक कुमार ने रविवार को यहां पत्रकारों को घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बीती देर रात शिवाली-भैंसरोली मार्ग पर थाना सलेमपुर पुलिस व स्वाट टीम द्वारा चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान बाइक पर दो युवक आते हुए दिखाई दिये, जो पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस टीम ने जब उनका पीछा किया तो उन्होने पुलिस पर सीधी गोली चलाई। पुलिस के गोली चलाने पर एक बदमाश को गोली लगी व दूसरा भागने लगा। पुलिस ने दोनों को घेराबंदी कर दबोच लिया ।इनके पास एक पिस्टल व तमंचा सहित कारतूस व बाइक बरामद हुई।

एसएसपी ने बताया कि पकड़े गये बदमाशों की पहचान शिवकुमार व मुकेश पुत्रगण स्व़ मीर सिंह निवासी ग्राम भैंसरोली थाना सलैमपुर के रूप में हुई। इनके द्वारा ही गत 30 अक्टूबर को ग्राम भैंसरोली मोड़ पर बुलन्दशहर से धान बेचकर अपने घर जा रहे पूर्व प्रधान रामभूल की ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या की गई थी। गिरफ्तार बदमाशों के विरूद्ध कई संगीन मुकदमें दर्ज हैं।

## शार्ट न्यूज

### सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और सशस्त्र प्रहरी बल (एपीएफ), नेपाल के बीच 7वीं वार्षिक समन्वय बैठक नई दिल्ली में आयोजित होगी




**नई दिल्ली।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की महानिदेशक श्रीमती रश्मि शुक्ला और सशस्त्र प्रहरी बल (एपीएफ), नेपाल के महानिरीक्षक, श्री राजू आर्यल के बीच 7वीं वार्षिक समन्वय बैठक 6 से 8 नवंबर, 2023 तक नई दिल्ली में आयोजित होने वाली है। एसएसबी एवं एपीएफ के बल प्रमुख स्तर की यह समन्वय बैठक दोनों बलों के लिए सीमा-संबंधी मामलों पर चर्चा करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करती है। एसएसबी और एपीएफ प्रतिनिधिमंडल का लक्ष्य भारत-नेपाल सीमा के प्रभावी प्रबंधन के लिए दोनों बलों के बीच समन्वय को मजबूत करना है। बैठक का उद्देश्य सीमा पार अपराधों से सहयोगात्मक रूप से निपटने और बलों के बीच महत्वपूर्ण सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान के लिए प्रभावी तंत्र का विकास करना है। छटी समन्वय बैठक सितंबर 2022 में काठमांडू में आयोजित की गई थी। वर्ष 2012 से, एसएसबी और एपीएफ सालाना इन समन्वय बैठकों को आयोजित कर रहे हैं, बारी-बारी से भारत और नेपाल दोनों इसकी मेजबानी करते हैं।

### अखिलेश का कांग्रेस पर तंज

जतारा (टीकमगढ़)। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आज बिना किसी का नाम लिए कांग्रेस नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस बहुत चालू पार्टी है और उसने समाजवादी पार्टी को धोखा दे दिया। यादव मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ जिले के जतारा विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, बहुत चालू पार्टी है कांग्रेस। सावधान रहोगे या नहीं रहोगे। बंसल जी बेमतलब में दुखी थे कि कांग्रेस ने धोखा दे दिया। अरे जब हमें धोखा दे दिया तो तुम क्या हो। समाजवादी पार्टी ने जतारा विधानसभा क्षेत्र से आर आर बंसल को चुनावी मैदान में उतारा है। श्री यादव उन्हीं के संदर्भ में बात कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि जिनकी उम्र 80 साल हो, वो कैसे पहचानेंगे। उन्होंने कहा कि हमें किसी से कोई नाराजगी नहीं है, पर हम ये मानते हैं कि जिनकी उम्र 80 साल हो, वो कभी-कभी पहचानेंगे नहीं। ये गलती हमारी है कि जिनकी उम्र 80 साल है, उन पर ये भरोसा कर लिया कि वो हमें पहचान रहे होंगे। समझा जा रहा है कि यादव का ये बयानकमलनाथ के संदर्भ में आया है। यादव के इस बयान पर तंज कसते हुए भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने एक्स पर पोस्ट किया,अखिलेश यादव ने खोली कांग्रेस की पोल , नाथ साहब की उम्र पर कसा तंज...इंडी गठबंधन की यह है हालत... कभी चिरकुट , कभी धोखेबाज़ , कभी चालू पार्टी... ।

### छत्तीसगढ़ में कांग्रेस-सरकार का विकास के साथ छत्तीस का आंकड़ा : नड्डा

बिलासपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कहा कि छत्तीसगढ़ में सत्तारूढ़ कांग्रेस की सरकार का विकास के साथ छत्तीस का आंकड़ा है और जहां भी उसकी सरकार होगी वहां भ्रष्टाचार, अत्याचार और अनाचार होगा। नड्डा ने बिलासपुर जिले के मस्तूरी में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'आवास योजना' के तहत राज्य की जनता को मकान देने की योजना शुरू की है , लेकिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने करीब 12 लाख मकानों का निर्माण रूकवा दिया । उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रदेश में भाजपा की सीकार बनने के बाद पहले कैबिनेट की बैठक में ही 18 लाख मकानों को मंजूरी दी जायेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शराब, कोयला, गोठान, गोबर, शिक्षक स्थानांतरण और महादेव ऐप घोटाले का बोलबाला रहा है तथा अगर कांग्रेस की सरकार दोबारा सत्ता में आती है तो उसकी लूट से कोई नहीं बच सकता। उन्होंने जोर दिया कि इस सरकार के घोटालों की जांच की जायेगी और दोषी पाये जाने वालों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी। नड्डा ने कहा,छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने किया है।

### कांग्रेस के नेता चुनाव के समय जाते हैं जनता के पास

मुरैना। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस के नेताओं को विदेशी पक्षियों की तरह बताते हुए आज कहा कि जैसे विदेश पक्षी दो महीने के लिये अपना समय बिताने के लिए यहां आते हैं, वैसे ही कांग्रेस नेता चुनाव के समय दो महीने के लिये जनता के बीच आते हैं और फिर साढ़े चार वर्ष के लिए फुर्र उड़ जाते हैं। सिंधिया जिले की जोरा, सबलगढ़ और अम्बाह विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जन सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दलितों के हित की बात करने वाली कांग्रेस ने ही संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर को लोकसभा चुनाव में हराने के लिए काम किया था। श्री सिंधिया ने कांग्रेसी नेताओं को विदेशी पक्षियों के जैसा बताया कि जिस प्रकार विदेशी पक्षी 2 महीने के लिए यहां आते हैं और बाद में लौट जाते है। उसी प्रकार कांग्रेस नेता चुनाव के दौरान 2 महीने के लिए जनता के बीच आते है, उसके बाद साढ़े चार साल के लिए फुर्र हो जाते है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि कोरोनाकाल में केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने देशवासियों को 220 करोड़ के टीके लगवाए। जिस देश में कभी वैक्सीन नहीं बनती थी, आज वही भारत वैक्सीन का निर्माण कर 100 से अधिक देशों को निर्यात कर रहा है।

### कमलनाथ का मॉडल डिफेक्टिव, अगर आ गया तो प्रदेश बीमारू बन जाएगा: शिवराज

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर जमकर हमला बोलते हुए आज कहा कि कमलनाथ का मॉडल डिफेक्टिव मॉडल है, अगर ये मॉडल मध्यप्रदेश में आ गया तो प्रदेश फिर से बीमारू बन जाएगा। चौहान ने बांधवगढ़, ब्यौहारी, धौहनी, चुरहट, सिंहावल, चितरंगी और सिंगरौली में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने सिंगरौली में रोड शो भी किया। रोड शो के दौरान हर घर, हर गली, हर मोहल्ले और हर छत से श्री चौहान पर फूलों की बारिश कर भव्य स्वागत किया गया। जहां-जहां से मुख्यमंत्री का रोड शो गुजर रहा था, वहां-वहां लाड़ली बहनें अपने भैया को स्नेह और आशीर्वाद देने के लिए उत्साहित नज़र आ रही थी, किसी ने गले लगाया तो किसी ने तिलक लगाकर प्यार लुटाया। मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कमलनाथ मॉडल के बारे में जिक्र करते हुए कहा कि कमलनाथ का मॉडल मतलब भ्रष्टाचार का मॉडल, कमलनाथ मॉडल मतलब वादाखिलाफी का मॉडल, कमलनाथ का मॉडल मतलब ट्रांसफर को उद्योग बनाने का मॉडल, कमलनाथ का मॉडल मतलब योजनाओं का पैसा खाने का मॉडल है।

## बदलापुर महोत्सव मे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की बनेगी मिसाल : रमेश मिश्र

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर में भारतीय जनता पार्टी के बदलापुर के विधायक रमेश चंद्र मिश्रा ने कहा है कि नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित सल्तनत बहादुर इंटर कॉलेज बदलापुर मे 07 से 09 नवम्बर तीन दिवसीय बदलापुर महोत्सव का आयोजन किया गया है। भाजपा विधायक रमेश चन्द मिश्र ने रविवार को पत्रकारों से वार्ता में बताया कि महोत्सव के पहले दिन 07 नवम्बर को परिसर में 501 जोड़ियों की शादी बदलापुर क्षेत्र के लिए एक यादगार मिसाल साबित होगी। सरकारी उपहार के साथ ही वैवाहिक पंडाल में विद्वान आचार्य गण एक ओर जहां मन्त्रोच्चार करके विवाह की रस्म अदा पूरी करेंगे वहीं वर वधू को सन्त राजकुमार दास जी ( महन्थ अयोध्या) अन्तर्राष्ट्रीय कथा वाचक बापू चिन्मयानंद जी महराज,स्वामी श्री श्री तुलसी महराज जी ( वृन्दावन) , अभय चैतन्य फलाहारी मौनी महराज जी ( गौरी गंज अमेठी) आर्शीवाद देंगे। उन्होंने कहा कि शाम पाच बजे से दस बजे तक आयोजित सांस्कृतिक संध्या के अतिथि मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्यमंत्री खेलकूद गिरीश यादव, सतीश शर्मा ऊर्जा राज्य मंत्री होंगे। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त यूसुफ खान राजस्थान अलवर, राजस्थानी लोक कलाकार की प्रस्तुति, राई लोकनृत्य, फरवाही लोक नृत्य, जनपद के स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति, फौजदार सिंह आल्हा सम्राट, अनुराग पंडित संध्या पंडित वन्दना दुबे, अर्चना तिवारी , विवेक वरदान सपना शर्मा, शिवम पाण्डेय, अवनीश तिवारी सपना शर्मा की प्रस्तुति होगी।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 1800 रोगियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

गाजीपुर। सत्यम फाउंडेशन मऊ के तत्वाधान में डॉ.नाथ शरण राय की 12 वीं पुण्यतिथि पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर शेरपुर खुर्द स्थित शहीद संस्मरण इंटर कालेज परिसर में आयोजित किया गया है। शिविर में कुल 1800 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरण किया गया। अधिकांश हड्डी, चर्म रोग एवं मेडिसिन के रोगियों का इलाज किया गया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ पूर्व प्रधानाचार्य सत्यदेव राय ने स्व0 डा0 नाथशरण राय के तेल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डा0 सत्यानंद द्वारा अपने पिता की स्मृति में यह स्वास्थ्य शिविर में असहायों की सेवा अति ही नेक कार्य है। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा से बढ़कर दुनिया में कोई सेवा नहीं है। उनकी पुण्यतिथि पर प्रतिवर्ष हजारों



रोगियों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है। स्वास्थ्य शिविर के संयोजक चिकित्सक डॉश सत्यानन्द राय ने कहा कि मेरे पिता सरकारी चिकित्सक होते हुए भी वे आजीवन गरीबों को मुफ्त चिकित्सा देते रहे। इसलिए प्रत्येक पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाती है। उन्होंने बताया कि यह स्वास्थ्य शिविर आगे भी अनवरत आयोजित किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर में डॉ ए.के.पांडेय फिजिशियन , डॉ मनोज यादव फिजिशियन , डॉ के. सी. राय हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ , डॉ आई मजहर चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ , डॉ रोहित राय बाल रोग विशेषज्ञ ,डॉ सँध्या प्रधान स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ , सत्यानन्द राय फिजिशियन , डॉ ज्ञाननेंद्र सिंह दन्त रोग ,डाश योगेंद्र यादव फिजिशियन ,डॉ हिमांशु राय सर्जन,डॉ रघुनंदन अग्रवाल नेत्र रोग विशेषज्ञ शामिल होगें। शिविर में ब्लड कोलेस्ट्रॉल , हिमोग्लोबिन, शुगर,हड्डी ,हृदय रोग

फेफड़े ,यूरिक एसिड सम्बंधित जाच व दवा नि:शुल्क वितरित की जाएगी। इस मौके पर शहीद संस्मरण इंटर कालेज परिसर में स्वश नाथ शरण राय की पत्नी नीलम राय द्वारा कराए गए इंटरलाकिंग का लोकार्पण और सैकड़ो गरीब नि:सहाय नि:शक्तजनों में कम्बल वितरण किया गया।

इस मौके पर सपा नेता राजीव राय, नीलम राय, प्रधान अंजली राय,जयानंन्द राय मोनू , प्रधान संघ अध्यक्ष इंद्रासन राय,ओमप्रकाश राय मुन्ना, राजेंद्र राय, एडीओ पंचायत सूर्यभान राय,भोला पान्डेय, आशुतोष राय, पप्पू राय ज्ञानेंद्र राय ,उमेश यादव, सतीश राय आदि लोग शामिल रहे।

## कविवर पी के आज़ाद काव्य-रत्न सम्मान से सम्मानित





अभिनेता यशपाल शर्मा और हिंदी अकादमी के उपसचिव ऋषि कुमार शर्मा और डॉ.प्रवीण शुक्ल कविवर पी के आज़ाद को काव्य रत्न की उपाधि से सम्मानित करते हुए।

साहित्य प्रेमी प्रेमी मंडल के तत्वावधान में स्व. श्री ब्रज शुक्ल घायल सम्मान समारोह एवं पंचरत्न कवि सम्मेलन का आयोजन दिल्ली के हिंदी भवन में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी और शिक्षाविद अरुण कुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता यशपाल शर्मा जी और हिंदी अकादमी, दिल्ली के उपसचिव ऋषि कुमार शर्मा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पांच युवा कवियों को काव्य पाठ के लिए आमंत्रित किया गया। पंचरत्न कवियों की श्रृंखला में कमल आग्नेय, रश्मि शाक्य, संजीव भ्रमर, डॉ प्रतीक गुप्ता एवं पीके आज़ाद ने काव्य पाठ किया। इस अवसर पर कविवर पी के आज़ाद को काव्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंतरराष्ट्रीय कवि एवं साहित्य प्रेमी मंडल के महासचिव डॉ. प्रवीण शुक्ल ने किया। मुख्य अतिथि यशपाल शर्मा ने पूरे समय उपस्थित रहकर सभी कवियों को मन से सुना एवं सराहा। उन्होंने साहित्य प्रेमी मण्डल के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि मण्डल नए कवियों को आगे लाने का काम करके साहित्य और हिंदी की सच्ची सेवा कर रहा है।

अपने उद्बोधन में उन्होंने अनेक कवियों की कविताएं भी पढ़ी। जिन्हें सुनकर पूरा सभागार तालियों से गूँज उठा। समारोह के विशिष्ट अतिथि हिंदी अकादमी के उपसचिव ऋषि कुमार शर्मा ने कहा कि साहित्य प्रेमी मंडल ने युवा कवियों के लिए अवसर जुटाकर एक मिसाल कायम की है और हिंदी के प्रचार प्रसार में अद्भुत भूमिका निभा रहा है। पी के आज़ाद के द्वारा पढ़े गए पिता एवं अम्मा वाले गीत पर सभी श्रोताओं की आंखें नम हो गई एवं सभी ने उन्हें अपने स्थान पर खड़े होकर और ताली बजाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में रोहताश नगर क्षेत्र के विधायक जितेंद्र महाजन, डीसीए के निदेशक प्रवेश शर्मा, शिक्षाविद और समाजसेवी अनुरूप शर्मा, रामअवतार गोयल, बसंत गोयल, गोविंद प्रकाश शर्मा, राजेश कुमार, सुबे सिंह पाराशर, निर्दोष शर्मा, योगेश गुप्ता एवं अनेक माननीय अतिथियों की उपस्थिति रही।

## जौनपुर में तीस परिवारों ने की घर वापसी

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में रविवार को ग्राम देवता देवी पूजन समिति सरसरा (बरसठी ब्लॉक) रेलवे स्टेशन के बगल में, संत रविदास धर्म रक्षा समिति सरसरा के संयोजन में सनातन धर्म में घर वापसी का कार्यक्रम हुआ, जिसमें 30 परिवारों की घर वापसी करायी गयी। ग्राम सभा सरसरा के 30 परिवार जो विगत 10 वर्षों से ईसाई पादरी राजेंद्र चौहान एवं निगोह के पादरी के प्रभाव में सनातन रीति-रिवाज छोड़ चुके थे, उन्हें वैदिक रीति रिवाज से हिन्दू धर्म में पुन: अपना आस्था एवं विश्वास प्रकट करते हुए घर वापसी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रारम्भ में यज्ञ हवन का आयोजन किया गया। परियोजना प्रमुख मत्नेश जायसवाल एवं अमन गिरी प्रधान पुजारी (त्रिलोचन महादेव) दियावा महादेव के पुजारी पंकज दुबे एवं सूरज मिश्रा और करुणाकर आश्रम भानपुर के महंत करुणाकर जी के नेतृत्व में हवन कार्यक्रम दोपहर में शुरू हुआ जो 03 घंटे तक चला। इसमें भारी संख्या में लोगों ने हवन पूजन में भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन अभिषेक बिन्द, शिवांश सिंह, संतोष सेठ बब्लू सिंह भानपुर ने किया। खंड संघ चालक बरसठी ( पूर्व प्रांत संयोजक धर्म जागरण विभाग - काशी प्रांत) रमापति शास्त्री जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सनातन धर्म ही विश्व में शांति स्थापित कर सकता है। आज अपने भूले बिछड़े भाइयो को पुन: सनातन धर्म में आते देख मन प्रसन्न हो रहा है। वापसी करने वाले परिवारों ने क्षेत्र के जाति बिरादरी प्रमुख जगदीश के समक्ष बाइबिल क्रॉस सौप कर पुन: सनातन धर्म स्वीकार किया। विश्व हिंदू परिषद मड़ियांहु के अध्यक्ष विनोद जायसवाल ने गंगाजल एवं हनुमान चालीसा देकर सनातन धर्म के महत्व को बताया। काशी के पुजारी सोमनाथ जी ने कार्यक्रम का संचालन किया।कार्यक्रम में 36 परिवार के 310 लोग एवं हिंदू धर्म में रहते हुए पांच परिवार नट जो मुस्लिम परम्पराओ को मानते थे, उन्होंने भी घर वापसी कार्यक्रम में हिन्दू धर्म के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

## निर्माता दिनेश मंगल की फ़िल्म कुम्भ निवास 2 मंजुल ठाकुर करेंगे निर्देशित

### मेघाश्री साथ आनंद ओझा जनवरी में आगरा में करेंगे शूटिंग .!

किसी भी फ़िल्म का सीक्वल निर्माता तभी बनाता है जब उसका पहला भाग जबर्दस्त रिस्पॉन्स दे चुका हो । और खासकर के भोजपुरी फिल्मों में ऐसी बहुत कम ही फिल्में हैं जिनका सीक्वल बना हो ।लेकिन यहां अभिनेता आनंद ओझा ने इस परिपाटी को नया मुक़ाम दिया है और उनकी फिल्म कुम्भ निवास का पहला भाग जब रिलीज़ हुआ था तो इसने ज़ी बाइस्कोप पर जबरदस्त टीआरपी का रिकॉर्ड बनाया था और अब इस फ़िल्म के अगले भाग कुम्भ निवास 2 के निर्माण की घोषणा कर दी गई है । मंगलम फिल्म्स की इस फ़िल्म में आनन्द ओझा के साथ अभिनेत्री मेघाश्री नज़र आने वाली हैं । इन दोनों की जोड़ी भी फ़िल्म को एक नए मुकाम पर ले जाएगी ऐसा निर्माता निर्देशक का मानना है ।फ़िल्म निर्माता दिनेश मंगल की मंगलम फिल्म्स के बैनर तले बन रही फ़िल्म कुम्भ निवास 2 की शूटिंग अगले साल सन 2024 के जनवरी में उत्तरप्रदेश की एहतिहासिक नगरी आगरा और आसपास के लोकेशन्स पर की जाएगी । आनंद ओझा और मेघाश्री का मानना है कि आगरा अब तक ताज़महल की खूबसूरती के लिए दुनियाभर में मशहूर



था लेकिन आगे आने वाले समय मे यह आनन्द ओझा और मेघाश्री कि लवस्टोरी की वज़ह से जाना जाएगा । अभिनेता आनंद ओझा आजकल कई बड़ी सुपरहिट फिल्मों में अपनी सहभागिता दर्शा चुके हैं और यह फ़िल्म कुम्भ निवास 2 भी बड़ी हिट होगी ऐसा सबको अनुमान है । इस फ़िल्म के पहले भाग में आनंद ओझा के साथ अंजना सिंह नज़र आई थी और इस दूसरे भाग में आनंद ओझा के साथ मेघा श्री नजर आने जा रही हैं। आनंद ओझा ने बताया कि वे जल्द ही एक और बड़ी फिल्म का हिस्सा बनने जा रहे हैं जिसकी सूचना भी जल्द ही साझा की जाएगी । निर्माता दिनेश मंगल ने बताया कि कुम्भ निवास 1 के सुपरहिट सफलता के बाद ही हमलोगों ने इसके सीक्वल बनाने के बारे में प्लान कर लिया था लेकिन हम उचित समय का इंतज़ार कर रहे थे और अब समय हमारे अनुकूल है तो हम इस दूसरे भाग की शूटिंग की तैयारियों में लग गए हैं । निर्देशक मंजुल ठाकुर ने बताया कि हमें इस बार सीक्वल के लिए एक बेहतरीन कहानी की तलाश थी, क्योंकि जब फ़िल्म का पहला भाग सुपरहिट हो जाता है तो इसके अगले भाग से दर्शकों की उम्मीदें बढ़ जाती हैं, दर्शकों के अपेक्षाओं के ऊपर खरा उतरना अपनेआप में चुनौती भरा काम होता है , और हम इस चुनौती को स्वीकार कर एक बेहतरीन फ़िल्म बनाने के लिए प्रयासरत हैं ।उम्मीद है कि हम एक खूबसूरत फ़िल्म बनाकर दर्शकों तक ले आने में सफल होंगे । फ़िल्म निर्माता दिनेश मंगल की मंगलम फिल्म्स के बैनर तले और प्रज्ञा फिल्म्स इन एसोसिएशन से बन रही फिल्म कुम्भ निवास 2 के निर्देशक हैं मंजुल ठाकुर , गीत वीरेंद्र पांडेय ने लिखा है जिसे संगीत से सजाया है ओम झा ने ।फ़िल्म के लेखक मनीष किशोर हैं वहीं कुंभ निवास 2 के कलाकार हैं आनन्द ओझा, मेघाश्री व मनोज टाईगर के साथ अन्य लोग । फ़िल्म के प्रचार प्रसार का जिम्मा संजय भूषण पटियाला का है ।

## भू माफियाओं द्वारा फर्जी कागजात बनाकर खाली कराया जा रहा पुस्तैनी जमीन

सादुल्लाह नगर (बलरामपुर)। ग्राम-रंकी बदलपुर निवासी अहमद निसार पुत्र मोहम्मद इलियास खां ने राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ अपने गांव में भूमि घोटालेबाज व भू माफिया मोहम्मद शमीम खां पुत्र मोहम्मद हनीफ खां के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दिया है कि ग्राम रंकीबदलपुर में गाटा संख्या 138 क्षेत्रफल 0.09डि0 प्रार्थी आदि के नाम दर्ज कागजात है जिस पर उसके पूर्वजों के जमाने से मकान बना है। प्रार्थी का पिता चार भाई था। (1) स्वर्गीय मोहम्मद इलियास खां (2) स्वर्गीय मसीहुल (3)इम्तियाज़ खां (4) इश्तियाक खां रोजी रोजगार के लिए मुंबई, लखनऊ व प्रार्थी स्वयं हैदराबाद रहने लगा। लगभग 10-12 वर्ष पूर्व प्रार्थी अपने गांव आया तो अफवाहन पता चला कि भू- माफिया व जालसाज मेरा मकान अपने नाम कर लिया। अहमद निसार ने अपने वकील शारदा प्रसाद पांडे से जांच कराया तो पता चला कि किसी कूटरचित व फर्जी आदेश का अमल दरामद करा रहे हैं। उसके बाद अहमद निसार ने आपत्ती दाखिल किया तो मोहम्मद शमीम ने पूरी पत्रावली गायब करवा दिया। जो आज तक नहीं मिल सका। जब भू-माफिया अहमद निसार आदि का मकान अपने नाम कराने में असफल रहे तो अहमद निसार का मकान जो खण्हर में तब्दील हो चुका था भू-माफिया मोहम्मद शमीम पुत्र मोहम्मद हनीफ, आरिफ खां, अजमल खां पुत्रगण मोहम्मद शमीम अपने सहयोगियों के साथ मिलकर अवैध रूप से कब्जा कर लिया और चारों तरफ से बाहरी दीवाल तोड़कर दूसरी दीवार उठा लिया। इसी तरह से गाटा संख्या 49 क्षेत्रफल 0. 16 डि0 जमील, रसीद, अतीक आदि के नाम दर्ज कागजात जो फर्जी व कूटरचित तरीके से अभिलेखों में हेरा फेरी करके तन्हा अपने नाम करा लिया। अहमद निसार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इस तरह से कई घटना घटित कर चुके हैं परंतु आज तक कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा है।

## बागपत : भाई ने पत्नी के साथ मिलकर कर दी बहन की हत्या

बागपत। उत्तर प्रदेश के बागपत जिलों में पुलिस ने दो पूर्व मिले अधजले अज्ञात शव मामले का आज खुलासा करते हुए बताया कि मृतका के भाई और भाभी ने ही उसकी हत्या को अंजाम दिया।

पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने आज यहां जानकारी दी कि 02 नवंबर को थाना कोतवाली बागपत पर वादी चौकीदार रणसिंह पुत्र श्रीचन्द निवासी ग्राम सिसाना ने सूचना मिली थी कि अज्ञात अभियुक्तों द्वारा एक अज्ञात महिला के शव को ग्राम सिसाना में श्मशान घाट के पास जला दिया गया है। जिसका अधजला शव शमशान घाट के पास कूडाघर में पड़ा है। इस सम्बन्ध में तहरीर के आधार पर कोतवाली बागपत पर अज्ञात में मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए क्राइम ब्रांच की इंटेलिजेंस टीम, सर्विलांस सैल टीम, फील्ड यूनिट की टीमों सहित कोतवाली बागपत की टीमों का गठन कर घटना के सफल अनावरण के लिए टास्क निर्धारित किया गया था। इसी क्रम में सभी टीमों द्वारा इलैक्ट्रॉनिक सर्विलांस, सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल तथा विभिन्न टीमों द्वारा किए गए मैराथन प्रयासों के पश्चात् घटना का सफल अनावरण किया गया। अज्ञात मृतका की शिनाख्त मनीषा चौहान पुत्री स्व़ हर्षवर्धन निवासी गांव सदरपुर सेक्टर 45 थाना सेक्टर 39 गौतमबद्धनगर के रूप में हुई।

पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए 02 अभियुक्तों विवेक चौहान उर्फ मनीष पुत्र स्व़ हर्षवर्धन, शिखा पत्नी विवेक चौहान उर्फ मनीष निवासीगण ग्राम सदरपुर जनपद गौतमबद्धनगर के नाम प्रकाश में आये जो कि मृतका मनीषा के सगे भाई व भाभी हैं। एक अन्य अभियुक्त पवन पुत्र ओमपाल निवासी ग्राम सिसाना थाना जनपद बागपत की गिरफ्तारी का प्रयास जारी है। अभियुक्तों से की गई पूछताछ के दौरान बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त विवेक चौहान मृतका का सगा भाई तथा गिरफ्तार अभियुक्ता शिखा मृतका की सगी भाभी है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियुक्त पवन की शिखा के साथ कई वर्षों से दोस्ती और घर पर आना जाना था। शिखा की ननंद मृतका मनीषा के द्वारा इसका विरोध किया जाता था। मनीषा ने शिखा व पवन के बीच की कुछ वीडियो व चैट बरामद कर गोपनीय रूप से परिजनों को उपलब्ध करा दिया था, जिससे शिखा और मनीषा के बीच अनबन रहती थी।